राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 गंभीर की कोचिंग में खेलेंगे विराट ....

वियना में भी गूंजा वंदे मातरम, शानदार हुआ पीएम मोदी का ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 90 | पटना, गुरुवार, 11 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है : ऑस्ट्रिया के चांसलर के सामने बोले पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री व आस्ट्रियाई चांसलर के बीच वार्ता, सहयोग के विभिन्न विषयों पर चर्चा

प्रात: किरण

वियना/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रिया के दौर पर हैं। यहां वियना के फेडरल चांसरी में उनका भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने चांसलर नेहमर के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संकट और आतंकवाद की कड़ी निंदा की। पीएम मोदी ने कहा, मैं गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए चांसलर नेहमर का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही मुझे ऑस्ट्रिया आने का अवसर मिला। मेरी ये यात्रा ऐतिहासिक भी है और विशेष भी है। 41 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रिया का दौरा किया है। ये भी सुखद संयोग है कि ये यात्रा उस समय हो रही है, जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं। लोकतंत्र और रूल ऑफ लॉ जैसे मूल्यों में साझा विश्वास, हमारे संबंधों की मजबूत नींव है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को स्ट्रैटजिक दिशा प्रदान की जाएगी। आने वाले दशक के लिए सहयोग का खाका तैयार किया गया है। ये केवल आर्थिक सहयोग और निवेश तक सीमित नहीं है। पीएम मोदी ने कहा, दोनों देशों की युवा शक्ति और विचारों को कनेक्ट करने के लिए स्टार्टअप ब्रिज को गति दी जाएगी। मोबिलिटी और माइग्रेशन पार्टनरशिप पर पहले से समझौता हुआ है। यह लीगल माइग्रेशन और कुशल कार्यबल की आवाजाही में सहयोग देगा। सांस्कृतिक और शैक्षणिक संस्थाओं के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा। मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, सभी पर विस्तार में बात की है। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है, समस्याओं का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता। कहीं भी हो, मासूम लोगों के जान की हानि अस्वीकार्य है। भारत और ऑस्ट्रिया संवाद और कूटनीति पर बल देते हैं और इसके लिए हम साथ मिलकर हरसंभव मदद देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि ये किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसको किसी तरह भी जस्टिफाई नहीं किया जा सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में रिफॉर्म के लिए सहमत हैं, ताकि उन्हें समकालीन और इफेक्टिव बनाया जाए। आने वाले महीनों में ऑस्ट्रिया में चुनाव होंगे। मैं लोकतंत्र की जननी और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोगों की ओर से चांसलर नेहमर और ऑस्ट्रिया के लोगों को अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के बीच बुधवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इसमें द्विपक्षीय साझेदारी के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि वार्ता के दौरान व्यापार और निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, एआई, स्टार्ट-अप, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, सांस्कृतिक सहयोग और लोगों से लोगों के बीच संबंध से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

**वंदे मातरम की धुन पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के बाद दो दिन के दौरे पर ऑस्ट्रिया पहुंच गए हैं। राजधानी वियना के होटल रिट्ज-कार्लटन में कलाकारों ने वंदे मातरम की विशेष प्रस्तुति के साथ पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया। नरेंद्र मोदी 41 वर्षों में इस देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी के आगमन पर ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेता रिट्ज-कार्लटन होटल पहुंचे, जहां उनका स्वागत वंदे मातरम के विशेष प्रदर्शन के साथ किया गया। इस दौरान पीएम मोदी को भारतीय समुदाय के सदस्यों ने भी शुभकामनाएं दीं। ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने एक्स पर पीएम मोदी के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, वियना में आपका स्वागत है। ऑस्ट्रिया में आपका स्वागत करना हमारे लिए खुशी और सम्मान की बात है। ऑस्ट्रिया और भारत मित्र व साझेदार हैं। मैं आपकी यात्रा के दौरान हमारी राजनीतिक और आर्थिक चचाओं का इंतजार कर रहा हूं।

## मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### मुस्लिम महिलाओं को अपने पूर्व पति से भरण-पोषण पाने का अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के हित में बुधवार को अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि अब तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर अपने पति से भरण पोषण के लिए भत्ता मांग सकती हैं। हालांकि, कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कह दिया है कि यह फैसला हर धर्म की महिलाएं पर लागू होगा और मुस्लिम महिलाएं भी इसका सहारा ले सकती हैं। इसके लिए उन्हें सीआरपीसी की धारा 125 के तहत कोर्ट में याचिका दाखिल करने का अधिकार है। इस संबंध में जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने फैसला सुनाया है। दरअसल, यह पूरा मामला अब्दुल समद नाम के व्यक्ति से जुड़ा हुआ है। बीते दिनों तेलंगाना हाईकोर्ट ने अब्दुल समद को अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। इस आदेश के विरोध में अब्दुल समद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। अब्दुल ने अपनी याचिका में कहा कि उनकी पत्नी सीआरपीसी की धारा 125 के अंतर्गत उनसे गुजारा भत्ता मांगने की हकदार नहीं है। महिला को मुस्लिम महिला अधिनियम, 1986 अधिनियम के अनुरूप चलना होगा। ऐसे में कोर्ट के सामने सबसे बड़ा सवाल यह था कि वो किसे प्राथमिकता दे। मुस्लिम महिला अधिनियम या सीआरपीसी की धारा 125 को, लेकिन आखिर में कोर्ट ने मुस्लिम महिला के पक्ष में फैसला सुनाया।

### रूपौली में शाम 6 बजे तक 52.75 फीसदी मतदान

पटना। रूपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव संपन्न हो गया है। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 6 बजे तक 52.75 फीसदी मतदान हुआ। तीन लाख से ज्यादा वोटर्स ने मतदान का प्रयोग किया। चुनाव को लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गयी। कुछ मतदान केंद्रों पर इवीएम में तकनीकी गड़बड़ी आई जिसे तत्काल रिप्लेस किया गया है। चुनावी मैदान में 11 प्रत्याशी भाग्य आजामा रहे हैं। एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी कलाधर मंडल एवं इंडिया महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी बीमा भारती के बीच मुख्य मुकाबला है। वोटों की गिनती 13 जुलाई को होगी और उसी दिन चुनाव परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा, मचा कोहराम

# बस और ट्रक में टक्कर; 18 की मौत, 19 घायल

### टैंकर को ओवरटेक करने के प्रयास में निजी बस ने मार दी टक्कर



प्रात: किरण

उन्नाव/एजेंसी। उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर क्षेत्र में बुधवार भोर ट्रक और प्राइवेट बस की भिड़ंत में 18 लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि 19 अन्य घायल हो गये। जिलाधिकारी गौरांठी राठी ने बताया कि बुधवार को सुबह करीब सवा पांच बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार निजी बस और दूध के टैंकर में टक्कर हो गयी। इस हादसे में 18 लोगों की मृत्यु हो गयी है जबकि 19 अन्य गंभीर रुप से घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। उन्होने बताया कि प्रथम दृष्टया बस की रफ्तार को हादसे का कारक बताया गया है हालांकि हादसे के कारणों का पता लगाया जायेगा। पुलिस के अनुसार करीब 05.15 बजे थाना बेहटा मुजावर क्षेत्रांतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे किमी संख्या 247 पर यह हादसा उस समय हुआ जब बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस ने पीछे से दूध से भरे टैंकर को टक्कर मार दी जिसमे 18 लोगो की मृत्यु हो गयी । घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को बाहर निकाल कर उपचार के लिये सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती करवाया गया है एवं शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस ने इस संबंध में हेल्पलाइन नंबर जारी किये हैं। बस यात्रियों के परिजन 0515-2970767, 9651432703, 9454417447, 8887713617 और 8081211289 पर संपर्क कर सकते हैं। मृतकों में दो की पहचान दीपक कुमार 27 वर्ष थाना शिवहर बिहार और शिव दयाल 28 वर्ष निवासी मकसूदपुर थाना शिवहर बिहार के तौर पर की गयी है जबक घायलों में दिलशाद 22 वर्ष निवासी थाना मोदीपुरम जनपद मेरठ, बीटू 9 वर्ष थाना भादूर जनपद शिवहर, बिहार,रजनीश निवासी थाना श्यामपुर मटहा जनपद शिवहर बिहार,लालबाबू दास निवासी थाना हिरागा जनपद शिवहर, बिहार, रामप्रवेश कुमार, भरत भूषण कुमार मो सद्दाम,निवासी गमरोली थाना शिवहर, बिहार, शबाना,चाँदनी निवासी शिवोली, मुलहारी, मो शकील निवासी बस्ती ख्वाजा कमला मार्केट दिल्ली, मुन्नी खातून, तौफीक आलम,साहिल निवासी डोल्डी मोदीनगर मेरठ, कुममामान निवासी नबीकरीब थाना पेनाटा दिल्ली, सलीम थाना पिपरा सिटी जनपद मोतीहारी बिहार,सनामा निवासी भजनपुरा दिल्ली,राज ठिवसा प्रसाद निवासी जमुआ थाना बगिनिया जनपद सीतामढ़ी,उरसेद निवासी चांदनी चौक दिल्ली और संतोष कुमार थाना पिपरानी जिला शिवहर बिहार शामिल हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद कुमार ने बताया कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भोर करीब पांच बजे यह हादसा उस समय हुआ जब माइल स्टोन 247 पर जोगीकोट गांव के पास एक दूध के टैंकर को ओवरटेक करने के प्रयास में निजी बस ने टक्कर मार दी। टक्कर से बस बीच से फट गई है, और पलट गई। साथ ही दूध का टैंकर भी पलट गया। हादसे की सूचना पर बांगरमऊ कोतवाली पुलिस और यूपीडा टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू करके बस में फंसे लोगों को बाहर निकलवाकर सीएचसी भेजा गया। हादसे में बस में सवार रहे एक बच्चे सहित 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं 19 लोग घायल हुए हैं। जिन्हें प्रशासन ने जिला अस्पताल भेजा है। बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार सुन कर राहगीरों ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद कुमार इंस्पेक्टर राजकुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने यूपीडा के साथ रेस्क्यू कराकर घायलों को निकलवाया और उपचार के लिए सीएचसी बांगरमऊ भेजा।

**मोतिहारी में एक ही परिवार के 6 की हुई मौतः** जानकारी अनुसार मोतिहारी के 6 लोगों की जान चली गई है। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। सभी मृतक वार्ड नम्बर झ11,फेनहारा, पूर्वी चम्पारणझ845430 के रहने वाले है। मृतकों का नाम मो असफाक आलम, मुनचुन खातून, मो साहिल, गुमनाद, मो एलियास और कमरून नेशा शामिल हैं। वहीं शिवहर जिला के चार लोगों की मौत हो गई है। साथ ही कई घायल हो गए हैं, जिलाधिकारी पंकज कुमार ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि प्राप्त समाचार के अनुसार चार लोगों की मौत हुई है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि काफी संख्या में लोग जख्मी हुए हैं। मृतक और घायलों के परिजनों ने बताया कि सभी दिल्ली कमाने जा रहे थे। यहां काम नहीं मिलने के वजह से सभी कल बस से दिल्ली कमाने के लिए जा रहे थे। बस का नाम नमस्ते बिहार बताया जा रहा है।

**राष्ट्रपति, पीएम व खरगे समेत कई नेताओं ने जताया दुखः** उन्नाव/नई दिल्ली। दर्दनाक हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने दुख जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को हुई इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसे बेहद दुखद बताया। राष्ट्रपति भवन की ओर से एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। राष्ट्रपति ने इस दुखद दुर्घटना में मृतकों के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। बयान में कहा गया कि मैं इस तरह की आकस्मिक मृत्यु के शिकार लोगों के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। हादसे पर पीएमओ ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। लिखा-उत्तर प्रदेश के उन्नाव में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करे। इसके साथ ही मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। प्रधानमंत्री ने उन्नाव में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर हुए बस हादसे को लेकर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, नीतीश ने उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर हुए बस हादसे पर दुख व्यक्त जताया तथा दुर्घटना में बिहार के लोगों के मारे जाने पर शोक संवेदना व्यक्त की है। नीतीश ने इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले बिहार के लोगों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर, हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज की व्यवस्था एवं हर संभव सहायता सुनिश्चित करें। उन्होंने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## मुख्यमंत्री ने जेपी गंगापथ के गायघाट से कंगनघाट के पथांश का किया लोकार्पण

# जेपी गंगा पथ से उत्तर व दक्षिण बिहार के बीच आवागमन हुआ सहज : नीतीश

### बोलें- प्रदेश में सभी जगहों पर बन रही है अच्छी सड़कें

- सड़कों के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का अधिकारियों को टास्क



प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश में सभी जगहों पर अच्छी सड़कें बन रही हैं। अच्छी सड़कें बन जाने से लोगों को आवागमन में बहुत सुविधा होती है और समय की भी बचत होती है। कुछ जगहों पर जिन सड़कों को बनने में विलंब हो रहा है, उसको लेकर मैंने अधिकारियों से कहा है कि वे जल्द से जल्द सड़क बनवाने का कार्य पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने उक्त बातें बुधवार को जेपी गंगा पथ के गायघाट से कंगनघाट के पथांश के लोकार्पण के मौके पर कही। मुख्यमंत्री ने पथांश का फीता काटकर एवं गुब्बारा उड़ाकर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगापथ बन जाने से उत्तर बिहार के लोगों को पटना या कहीं आने-जाने में अब कोई परेशानी नहीं हो रही है, आवागमन सुविधाजनक हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ परियोजना की आधारशिला 11 अक्टूबर को वर्ष 2013 में रखी गई। 24 जून 2022 को जेपी गंगा पथ परियोजना के पथांश का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि जेपी गंगा पथ के निर्माण से पटना के पूर्वी तथा पश्चिमी भाग के बीच आवागमन में सुगमता हो रही है तथा पटना शहर के मुख्य अस्पताल- पीएमसीएच, एनएमसीएच और एम्स के बीच निर्बाध सम्पर्कता स्थापित हो जाने से आमजनों को चिकित्सा सुविधाओं को प्राप्त करने में अत्यंत सुविधा हो रही है। जेपी गंगा पथ का दीघा में जेपी सेतु तथा गाय घाट में बिस्कोमान गोलंबर के समीप महात्मा गाँधी सेतु से सम्पर्कता हो जाने से उत्तर बिहार से दक्षिण बिहार के बीच आवागमन और भी सहज हो गया है।

**दीदारगंज तक के बचे कार्यों को जल्द पूरा करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि दीघा से कंगनघाट तक जेपी गंगा पथ परियोजना का कार्य पूर्ण हो गया है। आगे दीदारगंज तक जो बचा हुआ कार्य है उसे जल्द पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने निर्माण करनेवाली कंपनी एल एंड टी के प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि जल्द-से-जल्द जेपी गंगापथ के बचे हुए कार्य को पूरा करें। एल एंड टी के प्रतिनिधि ने कंगनघाट से दीदारगंज तक डेढ़ किमी का जो बचा हुआ कार्य है उसे अक्टूबर, 2024 तक तथा कच्ची दरगाह से बिदुपुर पथ परियोजना का कार्य इस साल के अंत तक पूर्ण करने का मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि जेपी गंगा पथ परियोजना के कंगन घाट तक लोकार्पण हो जाने से श्री गुरू गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा आना-जाना अत्यंत ही सुगम हो जायेगा। साथ ही कंगन घाट से दानापुर स्थित गुरुद्वारा हांडी साहिब आने-जाने में भी समय की काफी बचत होगी।

पटना घाट से पटना साहिब के बीच रेलवे भूमि के हस्तांतरण हो जाने के उपरांत परियोजना का दीघा से सीधा संपर्क पटना साहिब रेलवे स्टेशन से हो जाएगा जिससे इस पथ की उपयोगिता और भी बढ़ जाएगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री-सह-पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के सांसद रविशंकर प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर पुडकलकट्टी, जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा समेत पथ निर्माण विभाग के अभियंतागण और वरीय अधिकारीगण भी रहे मौजूद।

### सीएम ने गायघाट से कंगनघाट तक बने पथ का किया निरीक्षण

लोकार्पण करने के पश्चात मुख्यमंत्री गायघाट से कंगनघाट तक बने पथ का निरीक्षण किया। पटना घाट पर आयोजित कार्यक्रम में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को ड्रोन द्वारा तैयार किए गए वृत्त चित्र के प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जेपी गंगा पथ परियोजना के बचे हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। साथ ही कच्ची दरगाह से बिदुपुर 6 लेन पथ परियोजना की कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जेपी गंगा पथ परियोजना को पूर्व दिशा में बख्तियारपुर से होते हुए मोकामा तक राजेंद्र पुल से जोड़ने की योजना है। साथ ही पश्चिम दिशा में भोजपुर जिला के शेरपुर तक विस्तारित करने की योजना है।

## चर्चा

### तीनों देशों के बीच चर्चा पिछले साल सहमत संयुक्त रोडमैप के अनुसार सहयोग पर केंद्रित थी

# भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात के बीच त्रिपक्षीय सहयोग की प्रगति पर चर्चा

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात के फोकल प्वाइंट्स की बैठक वर्चुअली संपन्न हुई है। इस दौरान त्रिपक्षीय सहयोग की प्रगति पर चर्चा की गई है। इन क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था, अवसंरचना, नवाचार, ऊर्जा, पर्यावरण, संस्कृति, शिक्षा और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान समेत सहयोग शामिल है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर दी जानकारी : बता दें कि तीनों देशों के अधिकारियों के बीच ये चर्चा पिछले साल सहमत संयुक्त रोडमैप के अनुसार सहयोग पर केंद्रित थी।



वहीं विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत-फ्रांस-यूएई त्रिपक्षीय फोकल प्वाइंट बैठक वर्चुअली आयोजित की गई। इस दौरान चर्चा में फरवरी 2023 में सहमत संयुक्त रोडमैप के अनुसार त्रिपक्षीय सहयोग में प्रगति को शामिल किया गया।

**ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग, डिजाइन पर सहमतिः** एस साझा बयान के अनुसार उस समय तीनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए थे कि त्रिपक्षीय पहल ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग परियोजनाओं के डिजाइन और निष्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी, जिसमें सौर और परमाणु ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई और जैव विविधता की सुरक्षा, विशेष रूप से हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोग ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए, तीनों देशों ने स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण और जैव विविधता पर ठोस, कार्रवाई योग्य परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के साथ काम करने की संभावना तलाशने की योजना बनाई। वहीं साझा बयान में आगे बताया गया कि त्रिपक्षीय पहल तीनों देशों की विकास एजेंसियों के बीच टिकाऊ परियोजनाओं पर सहयोग बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी।

**कई त्रिपक्षीय कार्यक्रम पर भी सहमतिः** भारत-फ्रांस-यूएई ने सहमति व्यक्त की कि वे पेरिस समझौते के उद्देश्यों के साथ अपनी-अपनी आर्थिक, तकनीकी और सामाजिक नीतियों के अधिक संरेखण को सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। वहीं बयान में कहा गया था, कि इन प्रयासों के समर्थन में, 2023 में भारत जी20 की अध्यक्षता और यूएई की तरफ से सीओपी-28 की मेजबानी के ढांचे में कई त्रिपक्षीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तीनों देश यूएई के नेतृत्व में मैंग्रोव एलायंस फॉर क्लाइमेट और भारत और फ्रांस के नेतृत्व में इंडो-पैसिफिक पार्क पार्टनरशिप जैसी पहलों के माध्यम से अपने सहयोग का विस्तार करने पर भी सहमत हुए।

# दस वर्षों में लोकोपायलट के काम की परिस्थितियां सुधरीं : वैष्णव

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोको पायलटों के बारे में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा कही जा रही बातों को गलत और निराधार करार दिया है और कहा है कि बीते दस वर्षों में लोको पायलट सहित रनिंग स्टाफ के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाये गये हैं और इससे उनकी काम करने की परिस्थितियां बेहतर हुई हैं। श्री वैष्णव ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में यह लिखा और यह भी बताया कि 34 हजार रनिंग स्टाफ की भर्ती हो चुकी हैं जबकि 18000 अन्य की भर्ती की जा रही है। रेल मंत्री ने कहा, ह्लोको पायलट रेलवे परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। चूंकि विपक्ष द्वारा हमारे लोको पायलटों को हतोत्साहित करने के लिए बहुत सारी गलत सूचनाएं और नाटकबाजी की जा रही है, इसलिए मैं चीजों को



बिल्कुल स्पष्ट कर रहा हूं। कामकाजी परिस्थितियों में सुधार के मामले में पता होना चाहिए कि लोको पायलटों के ड्यूटी घंटों की सावधानीपूर्वक निगरानी की जाती है। यात्राओं के बाद विश्राम सावधानीपूर्वक प्रदान किया जाता है। औसत ड्यूटी के घंटे निर्धारित घंटों के भीतर बनाए रखे जाते हैं। औसत ड्यूटी, इस वर्ष जून माह में 8 घंटे से भी कम है। केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही यात्रा की अवधि निर्धारित घंटों से अधिक होती है ह्व श्री वैष्णव ने कहा, ह्लोको पायलट लोको कैब से इंजन चलाते हैं। 2014 से पहले कैब की हालत बहुत खराब थी। 2014 के बाद से, एगोर्नोमिक सीटों के साथ कैब में सुधार किया गया है, और इस समय सात हजार से अधिक लोको कैब वातानुकूलित हैं। नये लोकोमोटिव का निर्माण में अनिवार्य रूप से एसी कैब लगाया जा रहा है। ऑफ-ड्यूटी विश्राम सुविधाओं के बारे में उन्होंने कहा कि जब पायलट एक यात्रा पूरी कर लेते हैं, तो मुख्यालय से बाहर होने पर वे आराम के लिए रनिंग रूम में आते हैं। 2014 से पहले रनिंग रूम की हालत बहुत खराब थी। अब लगभग सभी (558) रनिंग रूम वातानुकूलित हैं। कई रनिंग रूम में फुट मसाजर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। संयोगवश, कांग्रेस ने लोको पायलटों की कामकाजी परिस्थितियों को समझे बिना इसकी आलोचना की थी। भर्ती नहीं होने के आरोपों का जवाब देते हुए रेल मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, बड़ी भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई और 34 हजार रनिंग स्टाफ की भर्ती की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### विदाई सह स्वागत समारोह का अयोजन

फतुहा। बुधवार को निबंधन कार्यालय में विदाई सह स्वागत समारोह मनाया गया। जिसमें पूर्व जिला पार्षद व बीजेपी नेता सुधीर यादव ने फतुहा निबंधन कार्यालय के रजिस्ट्रार कुणाल गोस्वामी को अंगवस्त्र और माला पहनाकर विदाई दी। वहीं फतुहा निबंधन कार्यालय के नए रजिस्ट्रार पप्पू कुमार को अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सुधीर यादव ने कहा कि निबंधन कार्यालय के प्रथम रजिस्ट्रार के रूप में कुणाल गोस्वामी जी कार्यकाल बहुत अच्छा रहा है। स्थानांतरण एक सरकारी प्रक्रिया है। हम उम्मीद करते हैं कि नए रजिस्ट्रार के रूप में पप्पू कुमार का कार्यकाल बेहतर रहेगा। वहीं दोनों रजिस्ट्रार ने सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर निबंधन कार्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक युवक को गोली मारकर किया जख्मी

दानापुर थाना के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नीतीश आहर के निकट चांदमारी निवासी मनोज कुमार साह को गोली मार कर जख्मी कर दिया। देर ना करते हुए परिजन इलाज के लिए पीएमसीएच ले गये। जहां से इलाज के बाद छोड दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि शाहपुर थाना क्षेत्र के चांदमारी निवासी जामुन साह का पुत्र मनोज कुमार साह 40 अंचल कार्यालय में निजी रूप से मुंशी का काम करता है। देर रात वो बाइक से दानापुर से घर लौट रहा था। इसी क्रम में शाहपुर थाना क्षेत्र के नीतीश आहर के निकट पीछे से आ रहे बाइक सवार बदमाश गोली मार दी। जो उसके कमर के नीचे लगी। गोली मार कर बदमाश भाग निकले। गोली लगने का मनोज को आभास नही हुआ। गोली चलने की आवाज को वो टायर फटने की मान आगे बढा। खून निकलता देख वो किसी तरह घर पहुंचा। जिसके बाद उसे इलाज के लिए परिजन पीएमसीएच ले गये। जहां से उपचार के बाद बुधवार को छोड़ दिया गया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि देर रात नीतीश आहर के निकट बाइक सवार बदमाश ने अंचल कार्यालय में निजी मुंशी के रूप मे काम करने वाले मनोज कुमार साह को गोली मार दी। जो उसके कमर के नीचे लगा। परिजन उसे पीएमसीएच में भर्ती कराये। उसके ब्यान दर्ज करने के लिए पीएमसीएच पहुंचे तो पता चला कि उसे छोड़ दिया गया। ब्यान दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### दानापुर प्लेटफार्म नंबर चार से मोबाइल चोर गिरफ्तार

दानापुर खगौल रेल पुलिस ने प्लेटफार्म संख्या 4 पर संघमित्रा एक्सप्रेस ट्रेन पर चढने के दौरान पश्चिमी सिढी के पास से मोबाइल चोरी के आरोप में एक युवक को धड़ दबोचा। रेल पुलिस ने उसके पास से अलग अलग कंपनी के तीन स्क्रीनटच मोबाइल बरामद किया। पकड़ा गया युवक की पहचान उतरप्रदेश के हमिरपुर जिला अंतर्गत बिनवर थाना क्षेत्र के सकीमसायर निवासी सिंटू कुशवाहा के रूप में किया गया। इस संबंध में पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी झुनझुन राम ने लिखित शिकायत की है। रेल पुलिस ने पुछताछ के बाद सिंटू कुशवाहा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### एक व्यक्ति का शव बरामद

दानापुर खगौल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1ए के नवनिर्मित फुट ओभरब्रीज के पास से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष व देखने में भिखारी प्रतित होता है। मृतक हरा रंग का फूलसर्ट व भूरा रंग का लोअर पेंट पहने हुए है। रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बाबा अमरनाथ के दर्शन को जत्था हुआ रवाना

पटना सिटी (प्राकि)। पश्चिम दरवाजा, सादिकपुर से दूसरा जत्था बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुआ। सभी अमरनाथ भक्तों का स्वागत माला और गमछा पहना कर किया गया। इस दौरान पटना महानगर भाजपा के महामंत्री विनय केसरी एवं वार्ड पार्षद गायत्री देवी के प्रतिनिधि राजू गुप्ता ने हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए सबों को यात्रा के लिए मंगल कामना की। सभी भक्त अर्चना एक्सप्रेस से माता वैष्णो देवी के दरबार में और बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए प्रस्थान किए।

# सूबे के सभी जिला अस्पतालों का हुआ गैप असेसमेंट

## इससे सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सुधार और सुविधाओं को बेहतर बनाने में मिलेगी मदद

- अन्य सभी स्वास्थ्य केंद्रों का गैप असेसमेंट 15 जुलाई तक पूरा करने का जारी हुआ निर्देश
- 2025-26 तक 50 प्रतिशत स्वास्थ्य केंद्रों को आईपीएचएस मानक के अनुरूप ढालने का है लक्ष्य




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। सूबे के स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाओं के विस्तार व गुणवत्तापूर्ण उपचार पर बल दिया जा रहा है। इसके लिए विभाग राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के अनुरूप तैयार कर रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अगले वित्तीय वर्ष यानी 2025-26 तक कम से कम 50 प्रतिशत सभी प्रकार के स्वास्थ्य केंद्रों को आईपीएचएस के अनुरूप ढालने की कोशिश है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी एचएमआईएस रिपोर्ट के अनुसार, सूबे के सभी जिला अस्पतालों में शत प्रतिशत गैप असेसमेंट का काम पूरा कर लिया गया है।

एचएमआईएस रिपोर्ट के अनुसार, सूबे के अन्य सभी स्वास्थ्य केंद्रों को मिलाकर 9 जुलाई तक कुल 4 हजार 465 स्वास्थ्य केंद्रों के गैप असेसमेंट का कार्य पूरा हुआ है। ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों में 68 प्रतिशत अनुमंडलीय अस्पताल, 76 प्रतिशत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 64 प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 44 प्रतिशत एचडब्ल्यूसी के गैप असेसमेंट का कार्य पूरा हो गया है। विभाग ने सभी जिलों को उनके हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एपीएचसी, एचएससी) को फोकस कर आईपीएचएस के अनुरूप असेसमेंट कर कमियों को पूरा करने को कहा है। एचएसएस (हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथनिंग) के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अभिषेक कुमार सिन्हा ने 15 जुलाई तक सारे स्वास्थ्य केंद्रों के गैप असेसमेंट का कार्य पूरा करने को कहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत होने वाले इस तरह के गैप असेसमेंट से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सिस्टम सुधारने और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

**आईपीएचएस के तहत 10 मानकों पर होता है कार्य**

आईपीएचएस के तहत 10 पैरामीटर हैं जिनमें सेवा प्रावधान, बुनियादी ढांचा, मानव संसाधन, दवाएं, निदान, उपकरण, जवाबदेही और संचालन, गुणवत्ता निगरानी और प्रमाणन और नैदानिक शासन। स्वास्थ्य सुविधाएं इन मापदंडों के आधार पर जानकारी भरती है और स्कोर के आधार पर एक मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करती है।

# तेजस्वी को सामान्य समझ का भी अभाव : प्रभाकर मिश्र

## सब्जियों की कीमत बढ़ने के पीछे प्राकृतिक कारण

प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सब्जियों की कीमत में बढ़ोतरी को लेकर तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के बयान से लगता है, स्कूली शिक्षा में तो वे सिफर हैं ही, उनके पास सामान्य समझ भी नहीं है।

हर आदमी यह जानता है कि बरसात में सब्जियों के दाम बढ़ जाता है, इसका प्राकृतिक कारण है। पहले भीषण गर्मी के कारण सब्जियों के पौधे सूख गए और अब लगातार हो रही बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है, ऐसे में सब्जी की खेती प्रभावित हुई है। समझदार व्यक्ति आसानी से समझ जाएगा कि सब्जियों की कीमत में इजाफा स्वाभाविक है। श्री मिश्र ने कहा कि असल में तेजस्वी पर संगत का भी असर है। तेजस्वी जिस कांग्रेस नेता की संगत में हैं,

वह आलू से सोना बनाना जानते हैं। कांग्रेस के एक नेता चीनी के पेड़ लगाने की बात करते थे, क्योंकि उन्हें मालूम नहीं था कि चीनी ईख के रस से बनता है। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी के पिता तो अपना बचपन गांव में गुजारे हैं, उन्हें अपने पिता से जानकारी लेनी चाहिए कि बरसात के मौके पर सब्जियों के दाम क्यों बढ़ जाते हैं।

# सिटीवासियों को मिला बड़ा सौगात:नंदकिशोर



- एनडीए के नेताओं ने भी सराहा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेरे लिए भावुक होने वाला क्षण है, क्षेत्र के वासियों को जाम से निजात दिलाना उनका लक्ष्य रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को जेपी गंगा पथ गायघाट (12.1 किमी) से कंगनघाट (15.5 किमी) के पथांश का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सह भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, उप-मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद के साथ उद्घाटन समारोह में वह भी शामिल हुए।

जेपी सेतु के लोकार्पण पर उन्होंने आभार व्यक्त किया। इधर भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश व राजेश साह ने गंगा एक्सप्रेस-वे जेपी सेतु के लोकार्पण पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा तथा स्थानीय सांसद रविशंकर प्रसाद के प्रति आभार जताया। मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे पटना सिटी के नागरिकों के लिए महत्वाकांक्षी योजना थी। व्यापारिक एवं पर्यटक क्षेत्र होने के कारण अक्सर यहां के लोगों को सड़क जाम का सामना करना पड़ता था। स्थानीय विधायक, जो तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री थे, उन्होंने समस्या के निदान के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे योजना को साकार रूप देने का बीड़ा उठाया और मूर्तरूप दिया। आज यह गंगा एक्सप्रेस-वे आम जनता के लिए सुलभ है। आभार व्यक्त करने वालों में प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, संतोष मेहता, महामंत्री विनय केसरी, प्रवक्ता राजेश साह, संजीव यादव, अमित कनोडिया, नवल किशोर सिन्हा, अवधेश सिन्हा, जदयू नेता अनंत अरोड़ा, शशिकांत गुप्ता, अंजनी पटेल आदि शामिल हैं।

# योजनाओं को समय से पूरा करने को सीएम ने जोड़ा हाथ, पैर छूने को बढ़े

## एसीएस प्रत्यय अमृत ने हाथ जोड़ सीएम को रोक ससमय काम पूरा करने का दिया भरोसा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। इस बार पटना सिटी में आयोजित जेपी पथ के तीसरे चरण गायघाट से कंगन घाट का लोकार्पण करने बुधवार को आए थे। उक्त कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद के अलावा पथ निर्माण के एसीएस प्रत्यय अमृत, भवन निर्माण के सचिव कुमार रवि, शीर्षत कपिल अशोक आदि अधिकारीगण मौजूद थे। इस दौरान पुल व पथ निर्माण से जुड़े अधिकारी योजना के बारे में मुख्यमंत्री को बता रहे थे। तभी योजना के निर्माण में अधिक समय लगने और कच्ची दरगाह-राघोपुर के पुल निर्माण के साथ ही एप्रोच रोड भी बनाने का काम शुरू करने की बात कही गई। अचानक से सीएम नीतीश कुमार हाथ जोड़ने लगते हैं। दरअसल, जेपी गंगा पथ के गायघाट से कंगन घाट तक के हिस्से के उद्घाटन समारोह में सीएम नीतीश कुमार अधिकारियों से राघोपुर पुल के निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ले रहे थे। इसी दौरान मंच से सीएम नीतीश कुमार अधिकारी के हाथ-पैर जोड़ने की बात करने लगते हैं। पहले वे बैठे -बैठे हाथ जोड़ते हैं। फिर अचानक खड़े हो अधिकारी के पैर छूने आगे बढ़ते हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। उसमें दिख रहा है कि पथ निर्माण विभाग के अधिकारी और एल एंड टी के अधिकारी उनको पूरे कार्यक्रम की जानकारी दे रहे हैं। इसी दौरान अचानक से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके सामने हाथ जोड़ने लगते हैं और कहते हैं कि मैं आपके पैर छू लेता हूं। हालांकि, मौके पर मौजूद अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सीएम नीतीश कुमार को रोकते हैं। वे हाथ जोड़ उनसे कहते हैं कि सारा काम समय पर पूरा करा लेंगे। यह देखकर मंच पर मौजूद सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी अचंभित रह जाते हैं। इसके बाद सीएम ने उन्हें काम को समय से पूरा करने की हिदायत देते हैं। साथ ही कहते हैं कि यदि आपको कहीं कोई समस्या है या फंड के कमी है, तो आप बताइए, हम उसको पूरा करने का काम करेंगे। मगर यह सब काम आप ससमय पूरा करें। इसके बन जाने पर यह बख्तियारपुर तक जाएगा, फिर मोकामा और आगे ले जाएंगे। इसके पहले कुछ था जी। पहले गंगा नदी पर एक पुल था मोकामा में। उस समय हम लोग छोटे थे। मेरे पिताजी के जमाने का वह पुल है। अब हर जगह से कनेक्टिविटी कर लोगों को सुगम रास्ता आने-जाने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे में यदि आप काम में देरी करेंगे, तो जनता में असंतोष पैदा होगा। हालांकि बाद में उत्तराधिकारी ने मुख्यमंत्री से क्षमा याचना करते हुए काम को समय से पूरा करने का आश्वासन दिया।

# कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री श्री महावीर जी व शिव पार्वती परिवार की ओर से मालसलामी के नुरुउद्दीनगंज स्थित खंगर पर शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा आयोजन स्थल से निकल कर दमराही घाट पहुंचा। यहां पर जल भरावन का अनुष्ठान करने के बाद 251 महिलाएं कलश लेकर पानी टंकी सिमली, भट्ठी पर मालसलामी होते हुए वापस आयोजन स्थल लौटा। शोभायात्रा में शामिल महिला भजन-कीर्तन व जयकारा करते चल रही थीं। आयोजन में कार्यकारी अध्यक्ष पार्थ सारथी, अध्यक्ष श्याम सुंदर कुमार, सचिव अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार रजक समेत आदि सक्रिय हैं। आयोजकों ने बताया कि गुरुवार को भूमि व वेदी पूजन होगा। 12 को अधिवास का अनुष्ठान और 13 को मूर्ति का नगर भ्रमण जुलूस निकाला जाएगा।

### मछुआरा दिवस पर संकल्प लिया

पटना सिटी (प्राकि)। बेलवरगंज में निषाद संघ पटना महानगर की ओर से मछुआरा दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बिहार निषाद संघ के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह निषाद ने की। आयोजन में शामिल लोगों ने समाज को अनुसूची जाति में दर्ज कराने के लिए संघर्ष का संकल्प लिया। अध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक विकास के लिए समाज को अनुसूचित जाति में दर्ज करना जरूरी है। इसके लिए समाज आंदोलन करेगा। बिहार राज्य मछुआरा आयोग का गठन के बाद रिक्त पदों को भरने की मांग भी की गई। बैठक में महासचिव दिलीप महतो, रामजी साहनी, गंगाजली देवी, राजा बाबू, राजेश केवट, विक्की कुमार निषाद, रामचंद्र सहनी, रामप्रवेश, साबिर महतो, रघुनाथ महतो निषाद, विनोद जी, देवीलाल आदि उपस्थित थे।

# महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने दरभंगा, सहरसा, सरायगढ़ स्टेशन का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य सहित यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा मंगलवार को देर रात दरभंगा स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने दरभंगा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं आदि का जायजा लिया। महाप्रबंधक यहां क्रू लॉबी भी गए जहां उन्होंने क्रू लॉबी का मुआयना कर कार्यरत रेलकर्मियों से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की। इसी कड़ी में महाप्रबंधक द्वारा निमार्णाधीन दरभंगा बाईपास लाइन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सिसो हाल्ट के निकट समपार संख्या 4सी का निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े पहलुओं का भी जायजा लिया एवं गेटमैन की संरक्षा संबंधी कार्यप्रणाली को परखा। महाप्रबंधक ने सरायगढ़ स्टेशन पर पैनल रुम का मुआयना भी किया। तत्पश्चात महाप्रबंधक द्वारा सहरसा स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया गया। इस दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे सहरसा स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की कार्य प्रगति की समीक्षा भी की गयी। उन्होंने निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया। बाढ़ आने की स्थिति में सुगम रेल परिचालन सहित समस्तीपुर मंडल द्वारा बाढ़ के मद्देनजर की गयी अन्य तैयारियों का जायजा भी महाप्रबंधक द्वारा लिया गया। निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव तथा मुख्यालय एवं समस्तीपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जेपी गंगा पथ-वे की कनेक्टिविटी से आवाजाही का मार्ग सुगम, जाम से छूटकारा

## गायघाट से कंगन घाट के बीच रोड का सीएम ने किया लोकार्पण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



जेपी गंगा पथ-वे कनेक्टिविटी का गायघाट से कंगन घाट के जुड़ने से संपर्क मार्ग आसान हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को इसका उद्घाटन करते हुए कहा कि दीघा से कंगन घाट तक कार्य पूरा हो गया है। अब आगे दीदारगंज तक जो बचा है, उसे अक्टूबर माह तक जल्द पूरा करने का टास्क दिया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गायघाट व कंगन घाट के पास फीता काट व गुब्बारा उड़ा कर इसका उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद के साथ अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना की आधारशिला 11 अक्तूबर, 2013 को रखी गयी थी। 24 जून, 2022 को परियोजना के पथांश का लोकार्पण हुआ। सीएम ने कहा कि जेपी गंगा पथ के निर्माण से पटना पूर्वी तथा पश्चिमी भाग के बीच आवागमन सुगमता से हो रही है। उत्तर व दक्षिण बिहार के बीच भी आवागमन सुगम होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्माण करने वाली कंपनी एल एंड टी के प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द जेपी गंगा पथ के बचे हुए कार्य को पूरा करें। एल एंड टी के प्रतिनिधि ने कंगनघाट से दीदारगंज तक डेढ़ किमी का जो बचा हुआ कार्य है, उसे इस साल अक्टूबर तक तथा कच्ची दरगाह से बिदुपुर पथ परियोजना का कार्य इस साल के अंत तक पूर्ण करने का मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह से बिदुपुर पथ परियोजना के सिक्स लेन का कार्य इस वर्ष के अंत तक पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। सीएम नीतीश कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि इस परियोजना के शुरू होने के बाद पथ निर्माण विभाग के मंत्री बदलते रहे, मगर इस योजना का काम नहीं रुका। कंगन घाट पर आयोजित कार्यक्रम में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को ड्रोन से तैयार वृतचित्र की प्रस्तुतिकरण दिखाया। श्री अमृत ने कहा कि जेपी गंगा पथ परियोजना का पूर्व दिशा में बख्तियारपुर होते मोकामा तक राजेंद्र पुल से जोड़ने और पश्चिम में भोजपुर के शेरपुर तक विस्तारित करने की योजना है। आयोजन में सीएम के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, मुख्य सचिव अनुपम कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार, आर पुड़कलकट्टी, डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, एसएसपी राजीव मिश्र के भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र, महानगर के प्रवक्ता राजेश साह, प्रदीप काश, संजीव यादव, जदयू के अनंत अरोड़ा, रेडक्रास के चेयरमैन गोविंद कानोडिया सहित अन्य अधिकारी व नेतागण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जेपी गंगा पथ परियोजना के कंगन घाट तक लोकार्पण हो जाने से श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब आना-जाना आसान हो जाएगा। साथ ही कंगन घाट से दानापुर स्थित गुरुद्वारा हांडी साहिब आने-जाने में भी समय की खासी बचत होगी। पटना घाट से पटना साहिब स्टेशन के बीच रेलवे भूमि के हस्तांतरण हो जाने के बाद परियोजना का दीघा से सीधा संपर्क पटना साहिब रेलवे स्टेशन से हो जाएगा। इससे इस पथ की उपयोगिता और बढ़ जाएगी।

# अभियान में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का आयुक्त ने दिया निदेश

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। प्रमंडल, पटना कुमार रवि के निदेश पर पटना शहर में अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। चितकोहरा गोलम्बर से एक तरफ बापू टावर तक स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अंचल में अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान में 4,600 जुमार्ना वसूला गया। पाटलिपुत्र अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ ज्ञान भवन से कलेक्ट्रीएट, बांकीपुर क्लब होते हुए गाँधी मैदान, छज्जूबाग, पुलिस लाईन होते हुए विस्कोमान भवन तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के 10 पीस फ्लेक्स बोर्ड, फल दुकान, सब्जी दुकान, होटल इत्यादि हटाया गया तथा दो काउंटर एवं दो ठेला जप्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान में 30,500 जुमार्ना वसूला गया। कंकड़बाग अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ मेदांता हॉस्पीटल के पास एवं केन्द्रीय विद्यालय से होते हुए मुन्ना चक तक तथा राजेन्द्र नगर फल मंडी के दोनों तरफ अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान झोपड़ी का मलवा हटाया गया एवं एक ठेला जप्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान में 11,500/- जुमार्ना वसूला गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 46,600/- जुमार्ना वसूला गया। यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव नियमित तौर पर चलाया जाएगा। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया है कि संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में पुनः अतिक्रमण न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच लीटर देसी शराब के साथ महिला कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मधुरापुर से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 5 लीटर देसी शराब के साथ एक महिला कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार महिला कारोबारी की पहचान धर्मेंद्र कुमार की पत्नी निभा देवी के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार करोबारी को उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए समस्तीपुर कोर्ट भेजने की बात कही है।

### अज्ञात वाहन के ठोकर से 60 वर्षीय व्यक्ति जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के धुरुवगामा कॉलेज के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर से पुरुषोत्तमपुर गांव के दुखा साहनी गंभीर रूप से जख्मी हो गया।स्थानीय लोगों के प्रयास से इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया।उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सरदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया है।

### दरोगा के पद पर होने को लेकर क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के धुरुबगामा गांव निवासी रोबिक कुमार उर्फ टिंकू एवं मा रंजिता देवी की पुत्री प्रगति कश्यप ने बीपीएससी के द्वारा आयोजित दारोगा के परीक्षा में पास होने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वाले में अरविंद कुमार सिंह फुदन, पुर्व मुखिया शैलेन्द्र कुमार सिंह, अवधेश सिंह, मुकेश कुमार सिंह, सहित हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कमान किया है।

### 11 वीं में नामांकन को लेकर अफरा-तफरी

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के अलावे पूरा जिला में 11वीं में नामांकन को लेकर अफरा-तफरी शुरू हो गई। नामांकन की तिथि 14 जुलाई तक निर्धारित करते हुए विद्यार्थियों की सूची प्रस्तुत कर दिया गया है। लेकिन बड़ी समस्या यह बनी हुई है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा अभी तक किसी भी विद्यालय को विद्यार्थी का न तो अंक पत्र,न ही औपबंधिक प्रमाण पत्र और न ही टी आर भेजा गया है। उपर्युक्त दस्तावेज विद्यालय को उपलब्ध न होने की स्थिति में विद्यालय के द्वारा विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है। वहीं 11 वीं नामांकन लेने वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिना विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र के नामांकन लेने को तैयार नहीं है। वहीं कुछ विद्यालय विद्यार्थियों से घोषणा पत्र लेकर 11वीं में नामांकन ले रहे हैं। ऐसी स्थिति में 11 वीं में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं के बीच अफरा-तफरी मची हुई। वही जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा इस संबंध में अभी तक कोई लिखित दिशा निर्देश नहीं दिया गया है। पूर्व में भी इसी तरह के घोषणा पत्र पर छात्रों का नामांकन लिया जाता था बाद में छात्र विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र व अंक पत्र मिलने पर जमा करते थे। वर्तमान में भी जिलाधिकारी को इस संबंध में उक्त विद्यालयों को स्पष्ट निर्देश देने की आवश्यकता है जिससे वे छात्र-छात्राओं का बिना विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र व अंक पत्र के नामांकन ले सकें।

### जल जमाव एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ 14 जुलाई से होगी अनिश्चितकालीन अनशन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत विभूतिपुर पूरब पैक्स गोदाम के सामने भूसवर खदियाही सीमा वाली सड़क पर जल जमाव एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ पंचायत के लोगों ने 12 जुलाई को अनिश्चितकालीन अनशन करने का निर्णय लिया है। इसकी जानकारी पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार ने सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षरित लिखित आवेदन रोसरा अनुमंडल पदाधिकारी को दी है। बताया गया कि जल जमाव स्थल से जल निकासी के लिए अंचलाधिकारी अधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी विभूतिपुर, अनुमंडल पदाधिकारी रोसड़ा एवं जिलाधिकारी समस्तीपुर को लिखित आवेदन दिया गया। लेकिन अभी तक जल निकासी की व्यवस्था नहीं हुई है। अंत में थक हारकर लोगों ने अनिश्चितकालीन अनशन करने का निर्णय लिया है।

### तीरा पंचायत के परिसर में मंत्री का किया स्वागत

कल्याणपुर समस्तीपुर बिहार ग्रामीण विकास मंत्री सह प्रभारी मंत्री समस्तीपुर के माननीय श्रवण कुमार जी का भव्य स्वागत ग्राम पंचायत राज तीरा के पंचायत भवन के परिसर कल्याणपुर प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष श्रीमती अर्चना कुमारी व मुखिया प्रतिनिधि आशीष पटेल के द्वारा फूल माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं माननीय मंत्री ने पंचायत भवन के परिसर में जल जीवन हरियाली के अंतर्गत एक वृक्षारोपण किया। वहीं समाजसेवी एवं जिला महासचिव रामचंद्र राय फौजी के द्वारा मंत्री जी को पंचायत के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। मौके बीडीओ देवेन्द्र कुमार गोपालपुर पंचायत के मुखिया राजेश कुमार, आनंद कुमार डब्लू,कल्याणपुर पंचायत सचिव सहित सभी जदयू कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# विश्वविद्यालय ने डेढ़ बर्षो में विकसित किए 24प्रभेद और 28 तकनीक :कुलपति

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डाक्टर पीएस पाण्डेय ने कहा है कि बीते डेढ़ बर्षों में यहां 24प्रभेद और 28कृषि तकनीक विकसित किए गए हैं। 17वें रिसर्च काउंसिल,(खरीफ) की इस तीन दिवसीय बैठक में बाह्य विशेषज्ञों के साथ दो सौ से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। वे आज से प्रारंभ हो रहे तीन दिवसीय रिसर्च काउंसिल की बैठक में इस बैठक में वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों के साथ मिलकर अनुसंधान कर रहे हैं। किसान जरुरी फीडबैक के साथ- साथ डाटा इकट्ठा करने में भी सहायता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय निकट के कोठिया गांव को सोलर विलेज के एक माडल के रूप में विकसित कर रहा है। इसी तरह कई अन्य गांवों को भी विभिन्न माडलों के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों के साथ मिलकर बिहार के लिए लगभग अस्सी प्रतिशत बीज का उत्पादन कर रहा है जिसकी बिक्री राज्य सरकार को और आम किसानों को की जा रही है। कुलपति ने वैज्ञानिकों से अपील करते हुए कहा कि वे जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए फसल उत्पादन की नई तकनीक विकसित करें साथ ही ऐसे प्रभेद विकसित करें जो जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हो। उन्होंने कहा कि छोटे और सीमांत किसानों को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान किये जाने चाहिए। कृषि अनुसंधान के क्षेत्पूर में पूसा के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख करते हुए कुलपति ने कहा कि पूसा से ही कृषि अनुसंधान की शुरूआत भारत समेत कई पड़ोसी देशों में हुई थी और इसका योगदान विश्व स्तर पर सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को ऐसी सोच रखनी चाहिए कि वे नोबल पुरस्कार कैसे प्राप्त करें। नवसारी कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ ए आर पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों में अतुलनीय प्रतिभा है। डेढ़ वर्ष में बारह पेटेंट हासिल करना आसान काम नहीं है। कुलपति डॉ पी एस पांडेय के नेतृत्व में डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में विश्वविद्यालय पूरे देश को नई राह दिखा रहा है। पूसा विश्वविद्यालय में चल रहे कई नवोन्मेषी कार्यों को गुजरात सहित कई अन्य राज्यों के विश्वविद्यालय में शुरू किया गया है। धारवाड़ कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ एम बी चेट्टी ने कहा कि वैज्ञानिकों को अपने डाटा के साथ पूरी ईमानदारी बरतनी चाहिए। अनुसंधान को सफल साबित करने के लिए डाटा में किसी भी तरह का हेर फेर एक क्राइम है और इससे सभी वैज्ञानिकों को बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय बहुत तेजी से आइआइआरएफ रैंकिंग में बत्तीसवें स्थान से सातवें स्थान पर पहुंच गया है। यह इसकी प्रगति को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में हर छह महीने पर अनुसंधान परियोजनाओं के प्रगति की प्रख्यात बाह्य वैज्ञानिकों द्वारा समीक्षा की जाती है, यह अपने आप में अनूठा है और इसे अन्य विश्वविद्यालयों को भी अपनाना चाहिए। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और पूर्व सहायक महानिदेशक आईसीएआर डॉ एस डी शर्मा ने कहा कि पूसा का कृषि अनुसंधान में महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि दिल्ली में भी जब कृषि अनुसंधान परिषद स्थापित किया गया तो उस स्थान का नाम पूसा ही रखा गया। उन्होंने वैज्ञानिकों को इंटर डिसिप्लिनरी अनुसंधान करने के सुझाव दिए।

कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह ने की और विश्वविद्यालय में अनुसंधान को लेकर चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से प्रकाशित तीन पुस्तकों का भी विमोचन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सह निदेशक डॉ एस के ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के दौरान कुलसचिव डा मृत्युंजय कुमार निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ एम एस कुंडू, निदेशक बीज डा डी के राय, डीन बेसिक साइंस डॉ अमरेश चंद्रा, डीन इंजीनियरिंग डॉक्टर अम्बरीष कुमार, डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, डीन कम्युनिटी साइंस डॉ उषा सिंह, डॉ प्रणव कुमार, डॉ महेश कुमार, डॉ महेश कुमार सूचना पदाधिकारी डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न वैज्ञानिक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## अग्निवीर रैली में समस्तीपुर जिले के 750 युवा शामिल



प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आज सेना बहाली के पहले दिन, सेना भर्ती कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा आयोजित सेना भर्ती रैली में मुजफ्फरपुर भर्ती कार्यालय के अंतर्गत आने वाले समस्तीपुर जिले के अभ्यर्थी अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। सुबह रैली स्थल पर अधिक गर्मी होने के कारण अभ्यर्थियों के लिए दौड़ सुबह लगभग 4 बजे शुरू हुई जिसमे बिहार राज्य के समस्तीपुर जिले के लगभग 750 जांबाज युवाओं ने अपने पूरे जोश और जुनून के साथ भारतीय सेना में शामिल होने के लिये शरीरिक दक्षता परीक्षा में हिस्सा लिया। शाम 6 बजे से ही अभ्यर्थी भर्ती स्थल पर पहुँचने लगे थे जहां सेना भर्ती कार्यालय मुजफ्फरपुर के द्वारा जिला प्रशासन की मदद से अभ्यर्थियों के विश्राम की उचित व्यवस्था की गई है। लगभग 1 बजे मार्शलिंग एरिया में आगमन के पश्चात अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड एवं अन्य जरूरी दस्तवजों की जांच की गई। अभ्यर्थियों को सेना के प्रतिनिधियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया की पूर्ण रूपरेखा से अवगत करवाया गया। बताया गया कि मार्शलिंग एरिया के बाद बैचिंग एरिया में अलग - अलग बैच बनाये जाते है। उसके बाद जहाँ अभ्यर्थी 1.6 किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लेते है। दौड़ के दौरान अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी शरीरिक क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है। दौड़ मे सफल होने वाले अभ्यर्थियों को बीम तथा जिग - जैग बैलेंस, 09 फुट खड्डे को पार करना होता है। इस प्रक्रिया के पश्चात अभ्यर्थियों के शारिरिक मापदंडों का मूल्यांकन तथा दस्तावेजों की गहनता से जांच की जाती है। मेडिकल जांच में सफल उम्मीदवारों का अंतिम मेरिट के आधार पर सेना में चयन होता है। क्षेत्रीय भर्ती मुख्यायल दानापुर के भर्ती उपमहानिदेशक ब्रिगेडियर मुकेश गुरुंग, सेना मैडल भी आज भर्ती रैली के पहले दिन रैली स्थल पर मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सेना बहाली की सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया एवं रैली स्थल पर अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रैली स्थल तैनात सैन्य अधिकारियों एवं जवानों को सेना बहाली को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।. जिला प्रशाशन द्वारा उमीदवारों के लिए गर्मी से बचने के लिए ठंडे पानी के टैंकर, मेडिकल एवं अन्य तमाम सुविधायें प्रधान की गई। साथ ही साथ उम्मीदवारों के लिए कूल रूम की भी व्यवस्था की गई थी।

## स्मार्ट मीटर लगाने के लिए जन जागरूकता शिविर



प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। बेनीपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करने हेतु मंगलवार को रमौली पंचायत सरकार भवन में सहायक विद्युत अभियंता मोनेलाल कुमार की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। शिविर में विद्युत एसडीओ ने स्मार्ट बिजली मीटर की विशेषता से उपभोक्ताओं व ग्रामीणों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के रिचार्ज, बैलेंस जांच, प्रतिदिन की बिजली खपत अपने मोबाइल पर देख सकते हैं। इसी बीच कई उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर लगाने से गलत बिलिंग की आशंका का सवाल विभागीय अधिकारी से की। अधिकारियों ने उपभोक्ता व ग्रामीण के भ्रम को दूर किया। विद्युत एसडीओ ने बताया कि रमौली में 80 प्रतिशत स्मार्ट मीटर लगाया गया। शेष लगाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि सझुआर में शुरू किया गया है। मौके पर विद्युत जेई ग्रामीण बृजेश कुमार, स्मार्ट मीटर लगाने वाला एजेंसी हायप्रिंट, विद्युत कर्मी शामिल थे।

## पूर्व विधायक स्वर्गीय प्रभाकर चौधरी के निधन से पहुंची है पार्टी को छती : मंत्री



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।ग्रामीण विकास मंत्री ,बिहार सरकार श्रवण कुमार जी आज दरभंगा पहुंचकर मनिगाछी विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय प्रभाकर चौधरी के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। मंत्री ने कहा स्वर्गीय चौधरी जनता दल यूनाइटेड के समर्पित नेता थे ,उनके जाने से पार्टी को भारी छती पहुंची है ,श्री कुमार ने कहा कि हम स्वर्गीय चौधरी के परिजनों के दुःख सुख में साथ हैं। स्वर्गीय चौधरी के पुत्र संगीत चौधरी, पौत्र अभिनव चौधरी को ढांढस बढ़ाया कहा कि इस दुख की इस घड़ी में ईश्वर आपको और आपके परिवार वालों को शक्ति दे, हम हमेशा आपके साथ हैं। मंत्री श्रवण कुमार के साथ जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष गोपाल मंडल ,जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता शिवनंदन सिंह, कमलेश मंडल ,सुभाष चौपाल, रवि पटेल के अलावे प्रो रविंद्र कुमार चौधरी, अनील कुमार चौधरी आदि उपस्थित थे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर अर्थशास्त्र विभाग में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। लनामि विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग में विश्व जनसंख्या दिवस के पूर्व अवसर पर परिचर्चा व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ अम्बरीष कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बुधवार को अर्थशास्त्र विभाग में आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ झा ने कहा कि हमारा विभाग छात्र-छात्राओं व शोधार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। इस बाबत विभाग में छात्र-छात्राओं के लिए सेमिनार, भाषण, क्विज, परिचर्चा व निबंध-लेखन कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होते रहे हैं। इसी कड़ी में विगत माह सांख्यिकी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ था और आज विश्व जनसंख्या दिवस के पूर्व अवसर पर परिचर्चा व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विभाग की ओर से इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली के रूप में विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका राय, समाजशास्त्र विभाग की डॉ. सारिका पांडेय व अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. शीला यादव उपस्थित थीं। विजेताओं के नाम की घोषणा और पुरस्कार वितरण समारोह कल विभाग में किया जायेगा।इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष ने निर्णायक मंडली के सदस्यों को स्नेहिल भेंट स्वरूप पौध देकर सम्मानित किया। मंच संचालन डॉ. विकास कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉ मशरुर आलम ने किया। कार्यक्रम में विभाग के वरीय शिक्षक प्रो. विजय कुमार यादव, डॉ. प्राणातरती भंजन और नवीन कुमार समेत सभी शोधार्थी, छात्र- छात्राएं व विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

## जलस्तर बढ़ने से बराज निर्माण का कार्य रोका

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी लगातार नेपाल के कमला अधिकरण क्षेत्र में हो रही वर्षा के कारण मंगलवार को दोपहर में खतरे के निशान से 44 सेंटीमीटर ऊपर बह रही कमला। मंगलवार को सामान्य जलस्तर से अचानक दोपहर में जलस्तर बढ़ने के कारण जल संसाधन विभाग हाई अलर्ट। कमला नदी का जलस्तर 69.55 के लेवल को टच करने के कारण जल संसाधन अभियंताओं के द्वारा निगरानी रखी जा रही है। यदि जलस्तर में वृद्धि लगातार होती रही तो पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध को अधिक जलस्तर बढ़ने पर खोला जा सकता है। यह जानकारी कनीय अभियंता वाल्मीकि ने देते हुए बताया कि कमला नदी के जल स्तर पर विभाग के द्वारा नदी से संबंधित तटबंधों पर पर भी विभाग की नजर है। मानसून एवं बाढ़ को देखते हुए जल संसाधन विभाग हाई अलर्ट पर है। जल संसाधन विभाग के द्वारा कमला नदी अधिकरण क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी जा रही है। यदि जलस्तर में बढ़ोतरी व बाढ़ आएगी तो इससे संबंधित जानकारी सहित जागरूकता तुरंत चलाई जाएगी। वर्तमान में लगातार पड़ोसी देश नेपाल के तराई क्षेत्र में हो रही वर्षा के कारण कमला नदी में जलस्तर बीते 10 दिनों से सामान्य रूप से वृद्धि हो कर जलस्तर स्वतः घट भी रहा है। नदी का जलस्तर बीते 15 दिन में सबसे अधिक मंगलवार को 69.55 के लेवल को टच किया है। लेकीन आज फिर कम हुआ है। एसडीआरएफ की टीम सहित स्थानीय गोताखोर को अलर्ट रहने को कहा गया है।बराज निर्माण व नदी में बालू एवं गाढ रहने के कारण अक्सर जलस्तर सामान से ज्यादा होने लगता है। नदी पर बन रहे बराज का कार्य अभियंताओं केद्वारा रोक दिया गया। 550मीटर लंबा बराज निर्माण कलिए बाढ़ के पानी को रोकने के लिए बनाए गए कापर डैम टूटगया। इस संबंध में अंचलअधिकारी सुजाता कुमारी नेबताया की अचानक कमला नदी के जलस्तर में लगातारबढ़ोतरी को देख बाढ़ प्रभावितग्रामीण क्षेत्रों खेरामत डोरवारब्रह्मपुरा छडकी बेलही गावपर विशेष नजर रखी जा रहीहै।सतर्कता के तौर पर काम एसडी आरएफ की टीम सहित स्थानीय गोताखोर एवम सरकारी एवं प्राइवेट 15 नाव को अलर्ट पर रखा गया है। आपदा विभाग के द्वारा जल संसाधन विभाग के अभियंताओं के साथ मिलकर नदी के जलस्तर एवं तटबंध पर निगरानी जारी है।

## एसडीओ ने न्यास कर्मी को दिया निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)।न्यास समिति की बकाया राशि जमा देने के बाद एसडीओ ने न्यास के कर्मी एवं सीओ को निर्देश दिया कि बकाया किराया दे दिया है तो दुकान में लगे ताला को खोल दिया जाय। जिसपर अंचल कर्मी के द्वरा गणेश साह कु दुकान गुड्डू नमकीन भंडार की ताला को खोल दिया गया है। वही एसडीओ श्री भारती ने कहा कि न्यास के अधीन जो भी दुकानदार है वैसे दुकानदार ससमय किराया न्यास में जमा करे अन्यथा किराया जमा नही करने पर सबंधित दुकान को शील कर दिया जयगा और पुनः ऐसे व्यक्ति को दुकान दे दिया जयगा जो कि ससमय दुकान की किराया जमा दे ताकि न्यास में जमा हों और विकास में अवरुद्ध नही हो। बतादे कि राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष अखिलेश कुमार जैन ने एसडीओ बिरौल सह श्री बाबा कुशेश्वर नाथ महादेव मंदिर धार्मिक न्यास समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार भारती को पत्र लिखकर न्यास की भूमि पर व्यवसाय करने वाले ऐसे व्यवसायी जो किराया नहीं दे रहा है या किराए देने में आनाकानी करने वाले दुकानदार में ताला जड़ देने का निर्देश दिया है। इसको लेकर एसडीओ ने तीन ऐसे दुकानदार को पाया कि 11 माह से न्यास के अधीन दुकानदार है जो किराया नही दे रहा है ,जिसपर एसडीओ श्री भरती ने सीओ को निर्देश दिया कि बकाया किराया की राशि वसूले अन्यथा सम्बन्धित दुकान में ताला जड़ दे जिस आलोक में दो दुकानदार तो बकाया राशि देने की बात जानकारी दिया शेष एक दुकानदार गुड्डू नमकीन भंडार जो कि गणेश साह के पुत्र दुकान चलाते है जिसे किराया नही देंने पर दुकान को शील कर दिया।

## चुनाव में प्रयुक्त वाहनों का भुगतान नहीं होने पर विधायक ने जतायी नाराजगी

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर के स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने समस्तीपुर में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के एक महीने बाद भी वाहन मालिकों को भुगतान नही होने पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर में लोकसभा चुनाव कार्य में प्रयुक्त वाहनों के मुआवजे के भुगतान में हो रहे टाल मटोल बेहद आश्चर्यजनक व दुर्भाग्यपूर्ण है। जल्द से जल्द भुगतान किया जाना चाहिए। बता दें कि जिले में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव कार्य में प्रयुक्त वाहनों के मुआवजे का भुगतान अभी तक नहीं हो सका है। इसके भुगतान में हो रही देरी व टालमटोल को लेकर बीते मंगलवार को जिला मोटर व्यवसायी संघ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल के द्वारा डीएम योगेंद्र सिंह को अविलंब बकाया भुगतान से संबंधित मांग पत्र समर्पित करते न्याय की गुहार लगाई गई थी। डीएम योगेंद्र सिंह ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को बुलाकर मुआवजा भुगतान में हुए विलंब पर फटकार लगाते हुए तीन दिनों के भीतर सभी वाहन व्यवसायियों को मुआवजा भुगतान करने का सख्त निर्देश दिया था। इसी मामले की जानकारी मिलने पर विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने वाहन मालिकों के बकाये का अविलंब भुगतान करने की मांग की है।

## एटीएम के नाम पर महिला से ओटीपी पूछकर खाते से उड़ाया 49 हजार रुपए

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

साइबर अपराधियों के द्वारा एक महिला के खाते से एटीएम आने के नाम पर कॉल कर 49 हजार रुपए का साइबर फ्रॉड करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता पूसा थाना क्षेत्र के दिघरा पंचायत के कल्याणपुर गौड़ा वार्ड नंबर आठ निवासी सुनील राम की पत्नी उषा कुमारी ने साइबर थाना में आवेदन देकर उनके साथ हुए साइबर फ्रॉड हुए रुपयों को उनके खाते पर वापस दिलाने की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि उनका एयरटेल पेमेन्ट बैंक में खाता है। उनके खाते के मोबाइल मोबाइल नंबर पर 10 जुलाई की सुबह एक अनजान नंबर से कॉल आया और उसने बताया कि उनका कोई एटीएम आया हुआ है। कॉल पाए उधर से एटीएम के नाम पर उनसे उनके खाते का डिटेल्स मांगा गया और कहा गया कि उनके मोबाइल पर एक ओटीपी गया होगा, उसे बताइये। ओटीपी बताने के कुछ देर के बाद उनके खाते से कई बार में 49 हजार रुपए कटने का मैसेज प्राप्त हुआ। इसके बाद उन्हें ठगे जाने जाने का अहसास हुआ और उन्होंने 1930 नंबर पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराया। इसके बाद साइबर फ्रॉड हुए रुपए का डिटेल्स के साथ उन्होंने साइबर थाने में आवेदन किया है। वहीं इस संबंध में साइबर थाने के अपर थानाध्यक्ष पुनि धनंजय कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और साइबर पुलिस टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## जिला पदाधिकारी ने सभी प्रकार के अवकाश रद्ध करने की घोषणा की

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवंसौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने एवं इस अवसर पर विधि-व्यवस्था को संधारण हेतु जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने सभी प्रकार के अवकाश रद्ध करने की घोषणा की है।जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने अपने आदेश के तहत कहा है कि मुहर्रम त्योहार के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने हेतु जिला प्रशासन की ओर से सम्यक कार्रवाई की जाती है एवं बड़े पैमाने पर दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाती है। अतः उक्त त्योहार को देखते हुए सभी प्रकार के अवकाश 14/07/24 से 18/07/24 तक तत्काल प्रभाव से रद्ध किया जाता है। उन्होने निदेश दिया है की विशेष परिस्थिति में अनुमण्डल पदाधिकारी की अनुशंसा के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अवकास स्वीकृति प्रदान की जायेगी।उन्होने सभी अनुमण्डल पदाधिकारी को निदेश दिया है कि इसकी सूचना अपने अधीनस्थ पदाधिकारी पर्यवेक्षकीय कोटि के कर्मियों को देना कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होने कहा की अनधिकृत रूप से मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों पर्यवेक्षक कोटि के कर्मियों के विरूद्ध नियमानुसार विधि-सम्मत अनुशासिक कार्रवाई की जाएगी।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हुई समीक्षात्मक बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद विभूतिपुर की विस्तारित बैठक दहार पासवान की अध्यक्षता में संस्कृत विद्यालय खोकसाहा में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा की गई। उजियारपुर में हार के कारण पर भी विचार विमर्श किया गया तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के सभी जन संगठनों एवं पार्टी साथियों का विशेष पार्टी क्लास, अंचल स्तर पर आयोजित करने की योजना बनाई गई। साथ ही साथ महिला संगठन खेत मजदूरी यूनियन एवं छात्र संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। अंचल स्तर पर मजबूत कोष संग्रह करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक को अंचल सचिव विनोद कुमार विनय, राज्य परिषद सदस्य गजेंद्र प्रसाद चौधरी, भूतपूर्व अंचल सचिव विशेश्वर महतो,सियाराम सिंह, सुशील कुमार, रामविलास महतो, जंग बहादुर महतो, सूरज पासवान, राम प्रताप दास, सुनीता देवी, राम उचित महतो आदि ने संबोधित किया।

## दरभंगा में कोशी व कमला बलान नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण हो रहा है : सांसद

प्रात: किरण, संवाददाता

दरभंगा। सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने अपने आवासीय कार्यालय पर ग्रामीण कार्य विभाग दरभंगा के अधीक्षण अभियंता एवं विभिन्न डिवीजन के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अधिकारी के साथ बैठक कर पीएमजीएसवाई फेज-3 के तहत से स्वीकृत एवं निमार्णाधीन सड़कों एवं पुलों की प्रगति की समीक्षा कर, कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दरभंगा के ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 500 करोड़ की लागत से 80 से अधिक उच्चस्तरीय पुल का निर्माण हो रहा है। जिसमे पीएमजीएसवाई के तहत कमला एवं कोशी नदी पर बन रहा कई उच्चस्तरीय ब्रिज भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा लगभग 335 करोड़ की लागत से 350 किमी से अधिक ग्रामीण सड़क का निर्माण भी हो रहा है। सांसद डॉ ठाकुर ने बैठक में उपस्थित सभी अभियंता एवं अधिकारी को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि निमार्णाधीन सड़क एवं पुल के गुणवत्ता के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी नियमित रूप से निर्माण स्थल का निरीक्षण कर जांच करें। सांसद ने कहा कि आज पूरे देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है उसी का नतीजा है कि आज देश में लगातार तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी है।सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के दलित, वंचित, गरीब और पिछड़े समाज के लोगों के जीवन स्तर में काफी बदलाव आ रहा है। बीते 10 वर्षों से हमारी सरकार गरीब, किसान, युवा, महिला, दलित, पिछड़े और वंचित समाज वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए समर्पित रही है और इसी को मद्देनजर रखते हुए सभी जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। सांसद ने कहा कि पहले विपक्ष के नेता एक दूसरे को भ्रष्टाचारी बताती थी, वही विपक्षी अपने स्वार्थ सिद्धि और भ्रष्टाचारी दामन को छुपाने के लिए गलबहियां कर रहे है। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता दीप नारायण प्रसाद, कार्यपालक अभियंता दरभंगा कुमार चन्द्रज, कार्यपालक अभियंता दरभंगा अवधेश कुमार, कार्यपालक अभियंता बेनीपुर प्रेमचंद्र झा, बिरौल बालेश्वर राम, सहायक अभियंता अमरजीत सिन्हा, विनोद कुमार, पंकज कुमार, एस्टीमेटिंग ऑफिसर अभिनव कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहें।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, गुरूवार, 11 जुलाई, 2024



# अन्य कई मुददो को लेकर नप की बोर्ड की हुई बैठक

## बैठक में हुए उपस्थित मुख्य पार्षद, ईओ, उपमुख्य पार्षद, वार्ड सदस्य

● नाला, सड़क निर्माण सहित अन्य बिंदुओं को बैठक में रखा गया

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] नगर क्षेत्र के विकास और वार्ड की समस्याओं सहित अन्य कई चीजों को लेकर बुधवार को नगर परिषद कार्यालय के सभागार में बोर्ड की बैठक मुख्य पार्षद संजय यादव की अध्यक्षता में आयोजित कि गई। जिसमें उपमुख्य पार्षद विपीन कुमार, ईओ डॉ. जर्नादन प्रसाद वर्मा, लोक स्वच्छता अपशिष्ठ प्रबंधन पदाधिकारी मोनिका कुमारी, सभी वार्ड के वार्ड पार्षद, अस्पताल के प्रबंधक नवनीत कुमार सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में शहर के वार्ड में नलजल योजना, अस्पताल की जर्जर भवन, सड़क, नाला निर्माण, बिजली विभाग की मनमानी सहित मुददो पर चर्चा कि गई। बैठक में वार्ड पार्षद के द्वारा जो भी समस्या थी उसे बैठक में मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद, ईओं के समक्ष रखा गया। जिसपर ईओ, मुख्य पार्षद ने वार्ड पार्षदों को पूरा आश्वासन देते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में विकास करना सर्वप्रथम उद्धेश्य है इसलिए जिस वार्ड में जो भी समस्या है उसे दूर किया जाएगा। बैठक के संदर्भ में मुख्य पार्षद संजय यादव ने बताया कि बैठक में नगर क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र को सही संचालन, नगर क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त पर चर्चा हुई जिसमें यह साफ कहा गया है जो लोग भी नाला से सटा कर मकान या अन्य प्रतिष्ठान बनाया गया है उसे तोड़ा जाएगा ताकि बरसात में जलजमाव की स्थिति न बने। आगे उन्होनें बताया कि अस्पताल में एंबुलेंस की समस्या पर प्रबंधक से पूछा गया जिसमें अस्पताल में एंबुलेंस हड़ताल होने का हवाला दिया। वही नलजल योजना को लेकर उन्होनें बताया कि ईओ के द्वारा सहायक अभियंता को इसकी रिपोर्ट बनाने के लिए कहा गया है। आवास योजना पर उन्होनें बताया कि इसके लिए विभाग को सूची उपलब्ध करवा दिया गया है वही अस्पताल के जर्जर भवन को लेकर उन्होनें कहा कि हमलोगों के द्वारा भी स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना दी जाएगी। जहां जहां सड़क, नाला की समस्या है वहां पर समस्या का समाधान किया जा रहा है। बैठक में वार्ड पार्षद विकास शर्मा, इतु झा, अजय पासवान, मीरा सिन्हा, दिनेश रावत सहित अन्य वार्ड पार्षद मौजूद रहे। वही बैठक में शिक्षा विभाग, जल आपूर्ति पदाधिकारी के पदाधिकारी की अनुपस्थिति पर उनलोगों को पत्र लिखकर अनुपस्थिति का कारण पूछा जाएगा।

# नये सिरे से मिशन दक्ष के तहत बच्चों के चयन का निर्देश

## दक्ष क्लास में अब सात बच्चों पर होंगे एक शिक्षक

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर ।सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए दक्ष क्लास का संचालन किया जाता है। नये सत्र 2024-25 में कक्षा तीन से आठवीं के वैसे बच्चे, जिनमें हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषय की बेसिक जानकारी का अभाव है, उन्हें नये सिरे से चिन्हित कर दक्ष क्लास के लिए चयन किया जाएगा। अब मिशन दक्ष क्लास में सात-सात बच्चों का ग्रुप तैयार किया जायेगा ।सात बच्चों के ग्रुप को पढ़ाने के लिए एक शिक्षक होंगे। शिक्षक बच्चों की कर्मियों को जान कर उन्हें रोचक ढंग से पढ़ाते हुए उनकी कमियों को दूर करेंगे। इससे पहले मिशन दक्ष क्लास में 15-15 बच्चों का ग्रुप होता था। इस स्कूली शिक्षक के अलावा मिशन दक्ष क्लास में शिक्षा सेवक, तालिमी मरकज का भी सहयोग लिया जाएगा ।इसके अलावा सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक और प्रभारी शिक्षक भी मिशन दक्ष में शामिल बच्चों के ग्रुप को रूटीन के अनुसार पढ़ाएंगे। शिक्षा विभाग की ओर से राज्य सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को नये सिरे से मिशन दक्ष के तहत बच्चों का चयन करने और दिये गये निर्देश के अनुसार क्लास संचालित करने को कहा है ।दक्ष क्लास के लिए बच्चों को अलग से रखना होगा नोटबुक नये सत्र से मिशन दक्ष क्लास के लिए चयनित बच्चों को रेगुलर नोटबुक के साथ ही अलग से दक्ष क्लास के लिए नोटबुक रखना होगा। मिशन दक्ष के लिए रखे गए नोटबुक में शिक्षक बच्चों को पढ़ाई में होने वाले बेसिक दिक्कतों को दूर करने के लिए क्लास वर्क करायेंगे। इसके साथ ही प्रतिदिन मिशन दक्ष क्लास में शामिल बच्चों को होमवर्क दिया जाएगा और उसे शिक्षक चेक भी करेंगे। शिक्षकों को प्रतिदिन पढ़ाई गये विषय और टॉपिक से संबंधित सारणी भी तैयार करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### निमंत्रण में गए एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने कि बेरहमी से मारपीट

जमुई [ झाझा ] बारहसिंघा गांव में अपने साढ़ू के घर पूजा में गए एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने बेरहमी से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। जिसे लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां घायल व्यक्ति का इलाज किया गया। घायल व्यक्ति की पहचान सोनो थानाक्षेत्र के विजिया गांव के रहने वाले एतवारी के रूप में हुई है। इलाज के बाद घायल व्यक्ति ने बताया कि बारहसिंघा गांव में अपने साढ़ू के यहां काली पूजा में शामिल होने के लिए गया। तभी तीन लोग आया और मेरे साथ गाली गलौज करने लगा जिसका विरोध किया तो वे तीनो मेरे साथ लाठी डंडा और मुक्का से मारपीट करते हुए लहुलुहान करते हुए घायल कर दिया। जब मै हो हल्ला मचाने लगा और अगल बगल के लोग एकजुट होने लगे तो वे तीनो भाग निकला। घायल ने बताया कि मारपीट करने वाले कौन थे इसकी पहचान नही कर सका।

### बाइक का अगला चक्का खुल जाने से बाइक चालक हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] अपने रिश्तेदार के यहां से पूजा में शामिल होकर घर लौट रहे एक युवक के बाइक का अगला चक्का खुल जाने से युवक सड़क दुघर्टना में गंभीर रूप से घायल हो गया जिससे लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां घायल युवक का इलाज किया गया। घायल युवक की पहचान थानाक्षेत्र के परसा गांव के रहने वाले राकेश मंडल के रूप में हुई है। घायल युवक ने बताया कि सोनो थानाक्षेत्र के लखनकियारी गांव में अपने रिश्तेदार के यहां से पूजा में शामिल होकर बाइक से अपने घर लौट रहा था कि तभी जोकटिया गांव के पास अचानक बाइक का अगला चक्का खुल गया जिससे बाइक अनियंत्रित हो गया और मै सड़क दुघर्टना में घायल हो गया। जिसके बाद मैने परिजनों को सूचना दिया जिसके बाद परिजन घटना स्थल पर पहुंचकर मुझे अस्पताल लाया।

### पोती के प्रसव के बाद उसे देखने आ रहे दादा सड़क दुर्घटना में हुआ घायल

जमुई [ झाझा ] रेफरल अस्पताल में पोती के प्रसव के बाद उसे देखने आ रहे दादा सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए परिजनों ने अस्पताल लाया जहां उसका इलाज किया गया। घायल बुजुर्ग की पहचान थानाक्षेत्र के महापुर गांव के रहने वाले गुलो यादव के रूप में हुई है। इलाज के बाद घायल बुजुर्ग ने बताया मेरी पोती का प्रसव होने के बाद उसे देखने के लिए घर से ई रिक्शा से अस्पताल पहुंच रहा था तभी थाना के बगल में अचानक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें मैं घायल हो गया।

### बुर्जुग महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, रेफर

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के सहिया गांव में एक बुर्जुग महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिसमें बुर्जुग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान 65 वर्षीय मंहती देवी के रूप में हुई है। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां चिकित्सक ने घायल बुर्जुग महिला का इलाज किया गया। लेकिन घायल बुर्जुग महिला की स्थिति नाजुक रहने पर डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया।

### गोतनी को मारकर किया घायल

जमुई [ झाझा ] मामूली बात को लेकर थानाक्षेत्र के सबेजोर गांव में दो गोतनी के बीच हुई मारपीट में एक गोतनी घायल हो गई। जिसे डायल 112 की पुलिस की मदद से परिजनों ने इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया जहां घायल महिला का डॉक्टर ने उपचार किया। घायल महिला की पहचान लालवती देवी के रूप में हुई है। घायल महिला के साथ आए उसका भगना रंजन कुमार ने बताया कि घरेलू विवाद पर मेरी मामी और चचेरी मामी के बीच झगड़ा हो रहा था जिसमें मेरी मामी लालवती देवी के उपर चचेरी मामी ने लाठी से मारकर घायल कर दिया।

### निपुण भारत योजना: शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

गिद्धौर ।जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक और दो के बच्चों के मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान विकसित करने के लिए विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। निपुण भारत योजना के तहत जुलाई माह के अंतिम सप्ताह से जिले के विभिन्न प्रखंडों के शिक्षकों का अलग-अलग ग्रुप बनाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए अलग से विभिन्न प्रखंडों में शिविर लगाकर कक्षा एक और दो में गणित, हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनरों की सूची तैयार की जा रही है। सूची तैयार होने के बाद साप्ताहिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेंगा।

# महिला संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन, कार्यक्रम के पूर्व माननीय गणों द्वारा विद्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण

प्रात : किरण, संवाददाता



मधेपुरा मंगलवार को प्रभारी मंत्री-सह- माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना श्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता, माननीय उपाध्यक्ष बिहार विधानसभा-सह-माननीय सदस्य बिहार विधानसभा आलमनगर विधानसभा क्षेत्र श्री नरेंद्र नारायण यादव, माननीय सदस्य बिहार विधानसभा बिहारीगंज विधानसभा क्षेत्र श्री निरंजन कुमार मेहता की उपस्थिति एवं जिला पदाधिकारी श्री विजय प्रकाश मीणा के नेतृत्व में। मंत्रीमंडल सचिवालय विभाग बिहार, पटना से प्राप्त दिशा-निर्देश के आलोक में ह्लमहिला संवाद कार्यक्रमह्न का आयोजन उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, भेलवा, मधेपुरा के परिसर में किया गया। उक्त कार्यक्रम के पूर्व माननीय गणों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। महिला संवाद कार्यक्रम के अवसर पर सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत कुल 485 दीदियों को एक करोड़ 80 लाख 31 हजार का चेक माननीय के द्वारा दिया गया। जिसमें ली एल आई एफ निवेश एस आई एफ निवेश एल जी ए एफ निवेश शामिल है। इन राशियों से सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों के जीवन में बदलाव आएगी। सामुदायिक निवेश निवेश निधि के अंतर्गत 151 ग्राम संगठन को 7 करोड़ 12 लाख 95 हजार का चेक माननीय द्वारा दिया गया, जिससे इस ग्राम संगठनों से जुड़े स्वयं सहायता समूह की दीदियों को अपने जीवोकोपार्जन गतिविधियों में लाभ मिलेगा। वहीं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद प्रसंस्करण उद्यम के अंतर्गत एक करोड़ 68 लाख माननीय के द्वारा प्रदान किया गया जिसमें जीविका के उद्यमी दीदियों को अपने जीविकोपार्जन में सहयोग मिलेगा। जीविका स्वयं सहायता समूह के 59 दीदियों को निजी ऋण स्वरूप सात लाख रुपए का चेक माननीय के द्वारा दिया गया।

# गिद्धौर के महावीर मंदिर तिराहे पर अतिक्रमण से रोज लग रहा भयंकर जाम

प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर/जमुई। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के महावीर मंदिर तिराहे के आसपास ठेले, खोमचे और रेहड़ी वालों के अनाधिकृत अतिक्रमण से रोज जाम लग रहा है। यह समस्या न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि आम राहगीरों के लिए भी बड़ी मुसीबत बन गई है। तिराहे पर यातायात का अव्यवस्थित होना उन्हें परेशानी में डाल रहा है। बता दें कि यह रास्ता विभिन्न स्कूलों के साथ-साथ बाजार, बैंक एवं दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी जोड़ता है। ऐसे में हर दिन इस इलाके में स्कूली बच्चों की बसें और अस्पतालों से आने-जाने वाले मरीजों की गाड़ियां फंस जाती हैं। ठेले, खोमचे और रेहड़ी वाले यहां बिना किसी अनुमति के अपने व्यापार को चला रहे हैं, जिसके चलते तिराहे पर यातायात अव्यवस्थित हो रहा है। इससे यातायात स्कूल की छुट्टी के समय और अस्पताल के समय के दौरान जब सबसे अधिक लोगों का आवागमन होता है, उस वक्त में जाम लग जाता है।

महावीर मंदिर के आसपास के इस इलाके में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आती रहती है, जिससे यातायात का दबाव और बढ़ जाता है। आम जनता की तरफ से भी यहां के यातायात व्यवस्था में सुधार करने की मांग की जा रही है। राहगीरों का कहना है कि इस अव्यवस्था से उन्हें रोज कई घंटे तक जाम में फंसना पड़ता है, जिससे उनका समय और धैर्य दोनों बर्बाद होते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है। राहगीरों का कहना है कि इस समस्या का हल निकालने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा मजबूत कदम उठाने की जरूरत है। वे इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने और ठेले-खोमचे वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं।

यह समस्या गिद्धौर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनके दिनचर्या को असुविधा में डाल रही है और असुरक्षित यातायात की स्थिति बना रही है। सरकारी स्तर पर जल्द ही इस मुद्दे के समाधान हेतु प्रशासनिक स्तर पर संज्ञान लेने की आवश्यकता है जिससे की लोगों के लिए आरामदायक यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# अतिक्रमण हटाने और अन्य समस्याओं को लेकर व्यवसायी संगठन के ईओ, मुख्य पार्षद को सौंपा ज्ञापन



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा नगर क्षेत्र स्थित मुख्य बाजार में सड़क पर अतिक्रमण किए लोगों के खिलाफ और अन्य समस्याओं को लेकर व्यवसायी संगठन बिहार खुदरा बिक्रेता महासंघ के शीर्षमंडल सदस्यों ने बुधवार को नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर अतिक्रमण मुक्त नगरक्षेत्र बनाने को लेकर ईओ डॉ जर्नादन प्रसाद वर्मा और मुख्य पार्षद संजय यादव को ज्ञापन दिया। संगठन के पूर्व मंत्री दयाशंकर प्रसाद बरनवाल, रंधीर माथुरी, कुणाल टंडेसी, अनुप केशरी, सुभाष बरनवाल ने ज्ञापन देते हुए ईओ और मुख्य पार्षद को बताया कि वार्ड संख्या 17,18,19,23,24 के सड़क की स्थिति दयनीय हो गया है। कभी कभी ई रिक्शा एवं रिक्शा पलटी भी हो जाता है। जिससे उसपर सवार लोग घायल हो जाते है। शिव बाजार में नाला की भी स्थिति दयनीय है जिसके कारण नाला का पानी भी बहता है। इसके अलावे गणेशी मंदिर से दुगार्मंदिर रोड़ होते हुए मछली पटटी तक सड़क किनारे छोटे छोटे अस्थायी दुकानदार अपना ठेला, दुकान लगाए रहते है जिसके कारण जाम की स्थिति आए दिन सामने आते रहता और जाम में एंबुलेंस, स्कूली बस भी फंस जाता है जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। व्यवसायी संगठन के द्वारा दिए गए ज्ञापन पर ईओ, मुख्य पार्षद ने आश्वासन दिया कि इस दिशा में सकरात्मक पहल किया जाएगा।

# डीएम ने किया भेलवा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण दिया निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा मंगलवार को जिला पदाधिकारी विजय प्रकाश मीणा के द्वारा जिले के भेलवा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। जहां क्लास रूम, विद्यालय परिसर तथा शौचालयों की साफ-सफाई का बारीकी से अवलोकन किया वहीं किचन की मरम्मती एवं आईसीटी/स्मार्ट क्लास के सुदृढ़ीकरण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# आगामी 1 वर्ष के लिए चिन्हित महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं की गई समीक्षा, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा मंगलवार को माननीय प्रभारी मंत्री-सह- माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना श्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता एवं माननीय उपाध्यक्ष बिहार विधानसभा-सह-माननीय सदस्य बिहार विधानसभा आलमनगर विधानसभा क्षेत्र श्री नरेन्द्र नारायण यादव, माननीय सदस्य बिहार विधानसभा बिहारीगंज विधानसभा क्षेत्र, श्री निरंजन कुमार मेहता, अध्यक्ष जिला परिषद, मुख्य पार्षद मधेपुरा/उदाकिशुनगंज/सिंहेश्वर एवं मुरलीगंज की उपस्थिति में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक का आयोजन किया गया एवं विभिन्न विभागों यथा- ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविका, पंचायत राज, नगर विकास, बिजली, पीएचईडी आदि के लक्ष्य, अद्यतन स्थिति, उपलब्धि तथा आगामी 1 वर्ष के लिए चिन्हित महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं की समीक्षा की गई।

# नवनिर्मित महिला सशक्तिकरण भवन का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा मंगलवार को माननीय प्रभारी मंत्री-सह- माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना श्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता, माननीय उपाध्यक्ष बिहार विधानसभा-सह-माननीय सदस्य बिहार विधानसभा आलमनगर विधानसभा क्षेत्र श्री नरेंद्र नारायण यादव, माननीय सदस्य बिहार विधानसभा बिहारीगंज विधानसभा क्षेत्र श्री निरंजन कुमार मेहता की उपस्थिति, जिला पदाधिकारी श्री विजय प्रकाश मीणा के नेतृत्व एवं पुलिस अधीक्षक श्री संदीप सिंह की उपस्थिति में समाहरणालय परिसर, मधेपुरा में नवनिर्मित महिला सशक्तिकरण भवन ( महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार) का उद्घाटन किया गया। मौके पर कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

# एबीवीपी एक प्रमुख छात्र संगठन है :कुलसचिव

## एबीवीपी का मनाया गया 76वां स्थापना दिवस




प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा एबीवीपी एक प्रमुख छात्र संगठन है। यह बात बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलसचिव डॉ. विपिन कुमार राय ने कही। वे मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का 76वां स्थापना दिवस-सह-राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस समारोह तथा नूतन-पुरातन कार्यकर्त्ता सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, के सभा भवन में किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. के. पी. यादव, सम्मानित अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार, मैथिली विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अमोल राय, हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप, प्रदेश अध्यक्ष प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रंजन यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर मंत्री अंकित आनंद ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन तृतीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकनृत्य के क्षेत्र में दूरदर्शन से ग्रेड प्राप्त कलाकार चर्चित रंग निर्देशक विकास कुमार के नेतत्व में सृजन दर्पण टीम के कलाकारों द्वारा लोक-संस्कृति की जीवंत प्रस्तुति दी गई। बिहार के प्रसिद्ध लोकनृत्य जट-जटिन की संदे मूलक प्रस्तुति के जरिए रंगकर्मी विकास कुमार, हिमांशु कुमार, मौसम कुमारी ओर रेशम कुमारी ने मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।आयोजकों द्वारा निदेशक सहित सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोशन कुमार, डॉ. सौरभ कुमार, सुधांशु रंजन, रंजन कुमार, बालकृष्ण कुमार, गौरव कुमार, सागर कुमार, मुकेश कुमार रावत, केशव शर्मा, राकेश कुमार सहित परिषद् के नए-पुराने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता और शुभचिंतक उपस्थित थे।

# टेंगराहा गांव में कचरा फेंकने को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से 6 लोग घायल

प्रात : किरण संवाददात

कुमारखंड (मधेपुरा) भतनी थाना क्षेत्र के टेंगराहा सिकियाहा पंचायत स्थित टेंगराहा गांव में बुधवार को कचरा फेंकने को लेकर दो पक्षों में हुए जमकर मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से 6 लोग घायल हो गए। परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया कि एक पक्ष के मो० मुस्लिम, दूसरा पक्ष के मो० हनीफ दोनों सगे भाई है। एक पक्ष ने मो० मुस्लिम ने आरोप लगाते हुए बताया कि अपने दरवाजे के आगे कचरा फेंके तो दूसरा पक्ष के मो ० हनीफ, मो० इशताक, फरीदा खातून, रजिया खातून, समीना खातून, शब्बीर आलम अन्य परिजन आए और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट करने लगे । मारपीट की घटना में मो० मुस्लिम, अजराना खातून, सबीना खातून, चांदनी खातून घायल हो गई । वहीं दूसरा पक्ष के मो० हनीफ ने बताया मेरे दुकान के आगे सबीला खातून कचरा फेंक दिए। हटाने के लिए कहे तो नहीं हटाई इसी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में दूसरा पक्ष के मो० हनीफ और फरीदा खातून घायल हो गई। सभी घायल को इलाज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक सरिता कुमारी द्वारा इलाज किया गया। थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने बताया कचरा फेंकने को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्ष से घायल है इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीलर ने ई-केवाईसी के बहाने राशन उठाव को लेकर लिया फिंगरप्रिंट, नहीं दे रहा राशन

प्रात : किरण संवाददात

घैलाढ़ (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रतनपुरा पंचायत वार्ड नंबर 6 के जन वितरण प्रणाली विक्रेता दिनेश दिवाकर के द्वारा उपभोक्ताओं से ई-केवाईसी करवाने के बहाने राशन वितरण के नाम पर पाउस मशीन से फिंगरप्रिंट ले लिया है। उपभोक्ताओं जब राशन लेने डीलर के पास पहुंच रहे हैं तो डीलर राशन ले जाने की बात कहते हैं। जिससे उपभोक्ता ई -केवाईसी करवाने के बहाने फिंगरप्रिंट देकर अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। जहां सरकार के द्वारा गरीब तबके के लोगों को मुफ्त में पर यूनिट 5 किलो राशन फ्री में दिया जा रहा है वही डीलर ई-केवाईसी के आड़ में गरीब राशनकार्डधारकों को निशुल्क मिलने वाले राशन गवन करने के फिराक में जुटे हुए हैं ।.जानकारी के अनुसार विभागीय निर्देश पर जन वितरण प्रणाली विक्रेता दिनेश दिवाकर के द्वारा उपभोक्ताओं का ई -केवाईसी किया जा रहा था। वहीं रतनपुरा गांव के प्रदीप कुमार, रवणी देवी, बेचनी देवी, लीला देवी, अमलेश ऋषिदेव, बिजेंदर ऋषिदेव समेत दर्जनों उपभोक्ताओं ने बताया कि डीलर द्वारा ई केवाईसी करवाने के नाम पर राशन उठाव के लिए भी फिंगर ले लिया है। लेकिन राशन लेने जा रहे हैं तो राशन नहीं देकर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया डीलर को जब राशन देने की मांग किया तो बताया गया इसी महीने जुलाई में ही राशन वितरण किया जाएगा। जिससे डीलर की भूमिका पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। उपभोक्ताओं ने डीलर पर अभिलंब कार्यवाही करने की मांग कर रहे हैं।

वही आरोपित डीलर दिनेश दिवाकर ने कहा हम राशन वितरण कर रहे हैं आरोप लगा रहे उपभोक्ताओं में से एक उपभोक्ता के अलावा जिनको राशन नहीं दिए होंगे उनके पास पर्ची होगा। वही इस संबंध में एमओ अभिजीत आनंद ने कहा कि दोषी डीलर के खिलाफ अभिलंब जांच की जाएगी और दोषी पाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जर्जर डीएसएम कॉलेज भवन: छात्रों की अपील पर मुख्यमंत्री का त्वरित संज्ञान

प्रात : किरण संवाददात

जमुई [ झाझा ] डीएसएम कॉलेज भवन की दयनीय स्थिति को लेकर छात्रों द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र का त्वरित संज्ञान लिया गया है। इस पत्र में छात्रों ने भवन की जर्जर स्थिति के चलते संभावित दुर्घटनाओं की आशंका जताई और शीघ्र नए भवन निर्माण की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने छात्रों की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन जमुई और अपर मुख्य समाहर्ता को जांच के आदेश दिए हैं। छात्र नेता हरिनंदन प्रजापति ने पत्र में उल्लेख किया कि डीएसएम कॉलेज भवन अत्यंत पुराना और जर्जर हो चुका है। छत, दीवारें और फर्श सभी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। विशेषकर बारिश के मौसम में भवन से पानी टपकता है, जिससे छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस जर्जर स्थिति के कारण छात्रों के बीच दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है। उप समाहर्ता ने छात्रों का पत्र मिलने के तुरंत बाद कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जमुई को पत्र भेजकर डीएसएम कॉलेज भवन की स्थिति का निरीक्षण करने और शीघ्र नए भवन का निर्माण करवाने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन द्वारा इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक 10 जुलाई 2024 दिन बुधवार को एक टीम निरक्षण को आई आश्वासन दिया गया है,

सम्पादकीय

## हाथरस भगदड़ : एक पहलू यह भी

गत 2 जुलाई को अलीगढ़ संभाग के अंतर्गत हाथरस जिले के सिकंदरा राव क्षेत्र के फुलराई गांव में भोले बाबा के नाम से प्रसिद्ध एक कथित बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में मृतक श्रद्धालुओं की संख्या 121 से पार हो चुकी है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण यह है कि 121 मृतकों में केवल महिलाओं की संख्या 112 बताई जा रही है जबकि शेष 9 मृतकों में सात बच्चे और दो पुरुष थे। वहां इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी ने निश्चित रूप से उस कहावत को बलवती कर दिया है कि औरत का पीर कभी भूखा नहीं मरता। आज हमारे देश में बाबाओं की बाढ़ सी आई हुई है। सोशल मीडिया के इस युग में अनेक बहुरूपिये किस्म के स्वयंभू बाबा प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचे हुये हैं। ऐसे कई स्वयंभू बाबा कैमरे के सामने कई बार अपनी मूर्खता व अज्ञान का प्रदर्शन करते भी देखे जा चुके हैं। परन्तु इसके बावजूद वहाँ भीड़ बढ़ती ही जा रही है। और इस भीड़ में सबसे अधिक संख्या निश्चित रूप से महिलाओं की होती है। और कहना गलत नहीं होगा कि इनमें अधिकांशतः अनपढ़, अज्ञानी व अशिक्षित महिलायें ही अधिक होती हैं। और पुरुषों में ज्यादातर पुरुष भी वही होते हैं जो अपने घर परिवार की महिलाओं के आग्रह पर उनके साथ आते हैं।

आपने देखा होगा कि आमतौर पर जब कोई बाबा या प्रवचनकर्ता किसी नये स्थान पर जाकर सत्संग आयोजित करता है तो उस बाबा के पहुँचने से पहले उसकी मार्केटिंग टीम के सदस्य वहां पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से सबसे पहले अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं से संपर्क करते हैं। और आयोजन से पहले उन्हीं महिलाओं को सजधज कर आने के लिये कहा जाता है। फिर वही महिलायें श्रद्धापूर्वक अपने सर पर कलश रखकर नगर भ्रमण करती हैं। प्रायः कलश भी महिलायें अपना ही लेकर आती हैं। महिलाओं की इस कलश यात्रा के दो पहलू हैं। भोली भाली धर्मभीरु महिलायें तेज धुप, सर्दी व बारिश की परवाह किये बिना पुण्यार्थ के फेर में सिर पर कलश रखकर एक ही शारीरिक स्थिति में घंटों तक उस कलश यात्रा का हिस्सा बनी रहती हैं। तो दूसरी तरफ चैन से कहीं ए सी में बैठे बाबा जी के प्रवचन व उनकी नगर उपस्थिति का मुफ़्त में प्रचार हो जाता है। अब यदि कलश यात्रा के दौरान किसी महिला का स्वास्थ्य बिगड़ जाये या कोई हादसा हो जाये तो इसका जिम्मेदार कौन है कुछ नहीं पता। हाथरस भगदड़ निश्चित रूप से देश की भगदड़ की कोई पहली घटना नहीं है। और ऐसा भी नहीं कि भगदड़ केवल भारत में ही मचती हो। दुनिया के कई देशों में भगदड़ व जान-माल के नुकसान होते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर 30 अक्टूबर 2022 को रात में दक्षिण कोरियाई राजधानी सियोल में हैलोवीन समारोह के दौरान भगदड़ मची भगदड़ में 151 लोगों की मौत हुई थी। अप्रैल 1989 में ब्रिटेन में शेफील्ड के हिल्सबोरो स्टेडियम में लिवरपूल और नॉटिंघम फॉरेस्ट के बीच इंग्लिश एफ ए कप सेमीफाइनल मैच के दौरान भगदड़ मच गई जिसमें 96 लोग मारे गए थे। जुलाई 1990 में सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान मक्का के पास अल-मुअइसिम सुरंग के अंदर, ईद-उल-अजहा के दौरान भगदड़ में 1, 426 हाजी कुचलकर मर गए। सऊदी अरब में ही मई 1994 में भी हज के दौरान जमरात ब्रिज के पास भगदड़ में 270 लोगों की मौत हो गई। फरवरी 2004 में भी जमारात पुल के पास हुई भगदड़ में 251 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इसी तरह अप्रैल 1998 में भी सऊदी अरब में भगदड़ की घटना में 191 हाजियों की कुचलकर मौत हो गई थी। मई 2001 में अफ्रीका में अकरा के मुख्य फुटबॉल स्टेडियम में मची भगदड़ में कम से कम 126 लोग मारे गए थे इसी तरह अक्टूबर 2022 में इंडोनेशिया के एक फुटबॉल स्टेडियम में भगदड़ में कम से कम 125 लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह हमारे दश में भी भगदड़ की अनेक घटनाएं घटी हैं परन्तु इनमें सर्वाधिक घटनायें केवल मंदिर या धर्म अथवा धार्मिक स्थलों से जुड़े आयोजनों की ही हैं। जैसे महाराष्ट्र के मंधारदेवी मंदिर में 2005 में हुई भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी थी। इसी तरह 2008 में राजस्थान के चामुंडा देवी मंदिर में हुई भगदड़ में कम से कम 250 लोगों की मौत हुई थी। 2008 में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध नैना देवी मंदिर में भी एक धार्मिक आयोजन के दौरान भगदड़ मच गयी थी जिसमें 162 लोगों की जान चली गई थी। महाराष्ट्र के नासिक जिले में सिंहस्थ कुंभ मेले में 27 अगस्त 2003 को पवित्र स्नान के दौरान भगदड़ में 39 लोग मारे गए थे। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ मचने से लगभग 63 लोगों की मौत हो गई थी।

## भारत को प्रभावी जनसंख्या नीति की जरूरत

सत्यपाल वशिष्ठ

वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व की जनसंख्या 8118835999 है जो वर्ष 2023 से 0.91 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है। इसी अवधि में भारत की जनसंख्या 1441719812 है जो वर्ष 2023 से 0.92 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ी है। भारत जनसंख्या के हिसाब से चीन को पीछे छोड़ कर विश्व में पहले नंबर पर आ गया है। चीन की वर्तमान जनसंख्या 1425181397 है। जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों और सेवाओं पर दबाब डालती है। माल्थस थ्योरी के अनुसार जनसंख्या की वृद्धि ज्यामिति प्रगति से बढ़ती है तथा खाद्य उत्पादन केवल अंकगणितीय रूप से बढ़ता है। मतलब आर्थिक संसाधनों में वृद्धि की गति काफी कम होती है और जनसंख्या वृद्धि बहुत ज्यादा होती है। जनसंख्या वृद्धि का भार वर्तमान संसाधनों पर पड़ता है जिससे अकाल जैसी स्थिति भी पैदा हो सकती है, अगर उत्पादकता को जनसंख्या की वृद्धि के हिसाब से न बढ़ाया जाए। बढ़ती आबादी से गरीबी और असमानता बढ़ती है।

शिक्षा का बुनियादी ढांचा बढ़ती आबादी की जरूरतों से जूझ रहा होता है तथा स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ बढ़ जाता है, जिससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच एक चुनौती बन जाती है। बढ़ती आबादी से शहरीकरण को बढ़ावा मिलता है जिससे मूलभूत आवश्यकताओं और आधारभूत सरंचनाओं पर दबाव बढ़ता है तथा रोजगार के अवसर और परिवहन सुविधाएं प्रभावित होती हैं। प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ती आबादी के बोझ से पर्यावरणीय चिंताएं बढ़ जाती हैं क्योंकि संसाधनों का अंधाधुंध दोहन होता है। ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ता है और जलवायु परिवर्तन में तेजी आती है जिससे जल की उपलब्धता भी कम हो जाती है। 2050 तक विश्व की अनुमानित जनसंख्या 9.7 बिलियन तथा जीवन प्रत्याशा 72.6 से बढ़ कर 77.1 वर्ष हो जाएगी। इससे संसाधनों की कमी के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। इसलिए विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या संबंधी मुद्दों और सतत विकास पर उनके प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1989 में स्थापित यह परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी उन्मूलन, मातृ स्वास्थ्य, मानवाधिकारों के महत्व को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। विश्व जनसंख्या दिवस पर हर साल नया थीम घोषित किया जाता है। इसी के अनुसार पूरे विश्व में जागरूकता अभियान चलाया जाता है तथा इस दिशा में कार्य किया जाता है। वर्ष 2024 का थीम हमें याद दिलाता है कि समस्याओं को समझने, समाधान तैयार करने और प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए डेटा संग्रह में निवेश करना महत्वपूर्ण है। वित्त भी वैसा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने स्टेट ऑफ वर्ल्ड पापुलेशन रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार वर्ष 2010 से 2019 के बीच भारत की जनसंख्या में 1.2 प्रतिशत की औसत वृद्धि हुई है। यह वृद्धि चीन की औसत वार्षिक वृद्धि दर से दुगनी से भी अधिक है, जो चिंतनीय है। भारत में शहरीकरण, साक्षरता दर के बढे, देरी से विवाह, एक बच्चा या बच्चा न करने का संकल्प, औरतों का नौकरी करना, आर्थिक मजबूरी के कारण एक बच्चा, बच्चों की मृत्यु दर में गिरावट आदि से प्रजनन दर कम हो गई है।

प्रजनन दर 1950 में 6.18 बच्चे थी जो 2021 में 1.91 रह गई है जो 2.1 के आवश्यक स्तर से भी कम है। कम प्रजनन दर के दीर्घ समय में भारत की जनसंख्या गतिशीलता पर प्रभाव पड़ेंगे, जो सोचनीय विषय है। भारत अभी युवा देश है। यहां 27 वर्ष तक की आयु वाली आधी आबादी है तथा 27 वर्ष से ऊपर वाली भी आधी आबादी है। भारत को युवा कार्यबल की आबादी, बुजुर्गों की आबादी से ज्यादा ही बनाए रखनी है। इसलिए भारत को मौजूदा जनसंख्या नीति की पड़ताल करनी चाहिए और बढ़ती जनसंख्या के बारे में सरकार को गंभीरता से लेकर इसे नियंत्रित करने के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए। भारत में जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक संसाधनों पर भारी दबाव डाला है जिससे पानी की उपलब्धता मांग के बढे के कारण कम हो रही है। भारत में 766 जिलों में से 266 जिलों में पानी की कमी हो गई है। दिल्ली, बेंगलुरु तथा अन्य राज्यों में पानी के लिए लोग तड़प रहे हैं। जनसंख्या बढ़ रही है, परंतु जल संसाधन वही हैं। जनसंख्या वृद्धि से शहरीकरण बढ़ जाता है जिससे ठोस अपशिष्ट 0.3 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रति दिन पैदा हो रहा है जो वर्तमान 50 करोड़ शहरी आबादी का 150000 टन प्रति दिन है। यह विकसित देशों से तीन गुणा अधिक है। शहरों के बाहर कचरा भराव क्षेत्र ने पहाड़ों का रूप ले लिया है।

# विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) पर विशेष : बढ़ती आबादी के बढ़ते खतरे

**बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम ह्य़ऊंट के मुंह में जीराह्न ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। हकीकत यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल नहीं हो सकती थी। आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 फीसदी आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।**





**योगेश कुमार गोयल**
**लेखक 34 वर्षों से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं**

जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम ह्यऊंट के मुंह में जीराह्न ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। हकीकत यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल नहीं हो सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 फीसदी आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें किसी भी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दम्पत्तियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।


जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी वन चाइल्ड पॉलिसी को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी है लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।

जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिये जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बगैर कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है।

# कांग्रेसशासित राज्यों में मुसलामान पिछड़े क्यों हैं?

**देश में अल्पसंख्यकों के विकास के बजाए भावनात्मक मुद्दों पर बरगला कर उनके दोहन का खेल जारी है। राजनीतिक दल अल्पसंख्यकों को वोट बैंक की फसल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। अल्पसंख्यकों का अधिक हितेषी साबित करने के लिए गैरभाजपा राजनीतिक दलों में कभी खत्म नहीं होने वाली चुनावी प्रतिस्पर्धा जारी है। इसका मंच चाहे चुनावी सभाएं हो या संसद के दोनों सदन। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का अल्पसंख्यक वोट बैंक को रिझाने के प्रयास में भाजपा पर देशभक्त अल्पसंख्यकों के खिलाफ भी हिंसा फैलाने का आरोप लगाया। राहुल ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ, मुसलमानों के खिलाफ और सिख लोगों के खिलाफ हिंसा और नफरत फैलाते हैं। जबकि अल्पसंख्यक हर क्षेत्र में अपना योगदान देते हैं। अल्पसंख्यक देश के साथ पत्थर की तरह खड़े हैं, देशभक्त हैं और आप सबके खिलाफ हिंसा और नफरत फैलाते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अल्पसंख्यकों ने देश के साथ-साथ संविधान की भी रक्षा की है। राहुल गांधी का यह बयान महज एक चुनावी बयान से अधिक कुछ नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब अल्पसंख्यकों के वोट बैंक के लिए संसद के मंच का इस्तेमाल किया गया हो। चुनावी सभाएं हों या संसद, मौके-बेमौकों पर अल्पसंख्यक की हिमायत करने का कांग्रेस और दूसरे गैरभाजपा दल कोई मौका नहीं छोड़ते।**





**योगेंद्र योगी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

अल्पसंख्यकों को लेकर हायतौबा मचाने वाली कांग्रेस ने कांग्रेसशासित राज्यों में उनकी भलाई के लिए कौन से प्रयास किए। इसके अलावा केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में सरकारी योजनाओं में अल्पसंख्यकों से कौनसा भेदभाव किया गया है।

देश में अल्पसंख्यकों के विकास के बजाए भावनात्मक मुद्दों पर बरगला कर उनके दोहन का खेल जारी है। राजनीतिक दल अल्पसंख्यकों को वोट बैंक की फसल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। अल्पसंख्यकों का अधिक हितेषी साबित करने के लिए गैरभाजपा राजनीतिक दलों में कभी खत्म नहीं होने वाली चुनावी प्रतिस्पर्धा जारी है। इसका मंच चाहे चुनावी सभाएं हो या संसद के दोनों सदन। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का अल्पसंख्यक वोट बैंक को रिझाने के प्रयास में भाजपा पर देशभक्त अल्पसंख्यकों के खिलाफ भी हिंसा फैलाने का आरोप लगाया। राहुल ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ, मुसलमानों के खिलाफ और सिख लोगों के खिलाफ हिंसा और नफरत फैलाते हैं। जबकि अल्पसंख्यक हर क्षेत्र में अपना योगदान देते हैं। अल्पसंख्यक देश के साथ पत्थर की तरह खड़े हैं, देशभक्त हैं और आप सबके खिलाफ हिंसा और नफरत फैलाते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अल्पसंख्यकों ने देश के साथ-साथ संविधान की भी रक्षा की है। राहुल गांधी का यह बयान महज एक चुनावी बयान से अधिक कुछ नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब अल्पसंख्यकों के वोट बैंक के लिए संसद के मंच का इस्तेमाल किया गया हो। चुनावी सभाएं हों या संसद, मौके-बेमौकों पर अल्पसंख्यक की हिमायत करने का कांग्रेस और दूसरे गैरभाजपा दल कोई मौका नहीं छोड़ते। अल्पसंख्यकों की पैरवी करने वाली कांग्रेस और राहुल गांधी ने यह खुलासा कभी नहीं किया कि आजादी के करीब ६० साल तक कांग्रेस का शासन केंद्र और ज्यादातर राज्यों में रहने के बावजूद अल्पसंख्यक बुनियादी सुविधाओं और देश की विकास की मुख्यधारा से दूर क्यों हैं।

अल्पसंख्यकों को लेकर हायतौबा मचाने वाली कांग्रेस ने कांग्रेसशासित राज्यों में उनकी भलाई के लिए कौन से प्रयास किए। इसके अलावा केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में सरकारी योजनाओं में अल्पसंख्यकों से कौनसा भेदभाव किया गया है। इसका भी खुलासा कभी कांग्रेस ने नहीं किया है। यह सही है कि भाजपा ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों को पार्टी में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया, किन्तु यह भाजपा का आंतरिक मामला है। सरकारी स्तर पर भाजपा के मुसलमानों से भेदभाव का एक भी उदाहरण मौजूद नहीं है। जो योजनाएं देश या राज्यों के स्तर पर भाजपा सरकारों ने लागू कि उनमें सभी को पात्रता के आधार पर सुविधाएं दी गई हैं। जाति, धर्म या समुदाय के आधार पर कोई अंतर नहीं रखा गया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अनुसार साल 2014 से देश में पारसी, जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई और मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले लगभग 5 करोड़ से ज्यादा छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से खासकर मुस्लिम लड़कियों के स्कूल छोडे की संख्या कम हुई है। 2014 से पहले मुस्लिम लड़कियों में स्कूल छोडे की संख्या 70 प्रतिशत थी जो अब घटकर 30 प्रतिशत से भी कम हो गई है। केंद्र सरकार द्वारा सीखो और कमाओ योजना शुरू की गई। इसी योजना के तहत इस साल यानी 2022 में लगभग 8 लाख महिला को लाभ पहुंचा है। वर्ष 2021-22 में देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में मुसलमानों का कुल नामांकन 21.1 लाख रहा, जबकि 2020-21 में यह आंकड़ा 19.22 लाख और 2014-15 में 15.34 लाख था, यानी 7 वर्षों में 37.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई लेकिन कोरोना के दौरान इसमें बड़ी गिरावट आई थी। सवाल यह है कि देश में ज्यादातर वक्त राज करने के बावजूद कांग्रेस शासित राज्यों में मुसलमानों की साक्षरता दर सौ प्रतिशत क्यों नहीं हो पाई। निजी और सरकारी क्षेत्र में रोजगार विकसित करने के लिए कांग्रेस का आंकड़ा सर्वोच्च क्यों नहीं रहा।

अल्पसंख्यकों की असुरक्षा को लेकर भी कांग्रेस और दूसरे राजनीतिक दल उन्हें भयभीत करने का काम करते रहें हैं, ताकि उनके वोट पर अधिक हिस्सा बटोरा जा सके। भारत में 300,000 से अधिक सक्रिय मस्जिदें हैं, जो अधिकांश इस्लामिक देशों से अधिक है। जनसंख्या के मामले में भारत तीसरा सबसे बड़ा मुस्लिम आबादी वाला देश है। देश के किसी भी भाजपाशासित राज्य में एक भी मस्जिद को नहीं तोड़ा गया सिवाए बाबरी मस्जिद के, जिसका फैसला भी कानून के दायरे में हुआ। मथुरा में ईदगाह कृष्ण जन्मभूमि विवाद और वाराणासी में ज्ञानव्यापी विवाद अदालत में विचाराधीन है। जबकि पिछले दस वर्षों से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है। इसके बावजूद किसी भी मस्जिद को नुकसान नहीं पहुंचाया गया।

मुसलमानों को देशभक्त बताने वाले राहुल गांधी और कांग्रेस ने इस पर भी कभी प्रतिक्रिया नहीं दी कि केंद्र में मोदी सरकार सरकार आने के बाद देश में आतंकियों द्वारा किए जाने वाले बम धमाके कैसे रुक गए। इन बम धमाकों के आरोपियों के लगभग सभी नाम मुस्लिम समुदाय से ही क्यों आए। इसके अलावा देश में होने वाले सांप्रदायिक दंगों पर लगाम कैसे लग गई। दस साल पहले तक उत्तर प्रदेश इन दंगों के लिए बदनाम था। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाजवादी पार्टी के शासन के दौरान होने वाले सांप्रदायिक दंगे योगी सरकार के आने के बाद कैसे रुक गए। सच्चाई यही है कि कांग्रेस और दूसरे राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को डर दिखा कर उन्हें पिछड़ा बनाए रखने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। जागरुकता के इस दौर में मुसलमान भी इस सच्चाई को काफी हद तक समझ गए हैं। भाजपा को चाहिए मुसलमानों को भी पर्याप्त राजनीतिक भागीदारी दे ताकि दूसरे दलों की अल्पसंख्यकों के नाम पर वोटों के ध्रुवीकरण की राजनीति पर अंकुश लगाया जा सके।

# तेजी से बढ़ती वैश्विक जनसंख्या चिंता का विषय

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

प्राचीन काल में संसार के सभी देशों में विवाह और संतान की उत्पत्ति को महत्व दिया जाता था। भारत में विवाह पर अग्नि की परिक्रमा करते समय वर कन्या कहा करते थे- पुयान विन्दावहेह्व। अर्थात बहुत प्राप्त करें। उस समय जनसंख्या कम रहती थी, अतः जनसंख्या में वृद्धि आवश्यक थी. लेकिन आज सारे संसार की स्थिति, बदल गई है, फलतः इस पर रोक लगाना अति आवश्यक हो गया हैं, खासकर भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में जिसकी आबादी विश्व में सर्वाधिक पहले नंबर पर है। उस पर विकासशील (हालांकि अब अर्ध विकसित देशों की श्रेणी में आ चुका है भारत ) देश होने के नाते जनसंख्या की अतिशय वृद्धि से अनेक प्रकार की समस्यायें उत्पन्न हो रही हैं। आज तो समस्या यह है कि अगले कुछ दशकों में विश्व की जनसंख्या विस्फोट के कगार पहुँचने वाली है। इस बढ़ती हुई जनसंख्या को लेकर विश्व के विचारक चिर्तित है कि इस अतिरिक्त जनसंख्या के लिए काम, भोजन, वस्त्र, आवास और शिक्षा की व्यवस्था कैसे की जा सकेगी? आइये इसे सिर्फ भारतीय परिप्रेक्ष्य में ही देखे। हमारे देश की जनसंख्या सुरसा के मुंह अथवा द्रौपती के चीर हरण की तरह लगातार बढ़ती चलनी जा रही है। यों तो संपूर्ण विश्व इस समस्या से घिरा है, किंतु भारत तो इस समस्या से बुरी तरह आंक्रांत है। 1981 की जनगणना के समय भारत की जनसंख्या लगभग अड़सठ करोड़ अड़तालीस लाख दस हजार अंठ्ठावन थी, अर्थात 1971 की जनसंख्या की तुलना में चौबीस दशमलव सात पांच प्रतिशत की वृद्धि। स्वंतंत्रता के पूर्व अखंड भारत की जनसंख्या लगभग एकत्तीस करोड़ सत्तासी लाख थी किन्तु 1971 की जनगणना में विभाजित भारत की जनसंख्या लगभग छत्तीस करोड ग्यारह लाख हो गयी। भारत की पहली जनसंख्या गणना सन- आजादी पूर्व 1872 में की गई थी उस समय अखण्ड भारत की जनसंख्या अठ्ठारह करोड़ चार लाख थी, लेकिन भारत की जनसंख्या 1991 की जनगणना के अनुसार चौरासी करोड़ चार लाख अंठ्ठावन हजार हो गई। और 1999 दिनांक 11 जुलाई को यह अंठ्ठानबे करोड़ से भी अधिक हो गई और आज सन 2023 में तकरीबन एक अरब 41 करोड़ को पार कर रही है। इस संबंध में माल्थस(वैज्ञानिक) का कहना है कि जनसंख्या को यदि रोका न गया तो काफी असामान्य स्थिति उत्पन्न हो जाएगी और ऐसी स्थिति तो निरंतर उस समय तक बनी रहेगी जब तक उस पर सीमित स्थान और सीमित भोजन के कारण स्वयं रोक नही लग जाती। इसलिए एक निश्चित सीमा के पश्चात जनसंख्या वृद्धि रुक जायेगी। किन्तु आज के वैज्ञानिक एवं आधुनिक युग में उत्पादन के अत्याधुनिक तकनीको द्वारा भोजन निरंतर उपलब्ध हो रहा है, वहीं रोग भी कम हो रहे हैं। यदि होते भी हैं तो उनका उपचार संभव हो गया है। इस प्रकार मृत्युदर कम हो गई है। फलस्वरुप जीवन क्षमता बढ़ जाने के कारण जनसंख्या वृद्धि दर तेज होती जा रही है। इसी प्रकार यह जनसंख्या वृद्धि बढ़ती रही तो हमारी पृथ्वी पर रहने का स्थान, प्राकृतिक स्त्रोत, खाद्यान्न की कमी, पर्यावरण का संतुलन इत्यादि की कमी हो जायेगी, एक असंतुलन पैदा हो जाएगा, गरीबी अपनी चरमोत्कर्ष में पहुंच जायेगी, रोजगार के अवसर बिल्कुल समाप्त प्रायः हो जायेंगें। उपचार के साधन कम हो जायेगें। इत्यादि अनेक प्रकार से मनुष्य का सामान्य जीवन पृथ्वी से खत्म हो जायेगा।

भारत की आबादी 2050 में एक अरब 60 करोड़ से भी अधिक हो जायेगी, जबकि आज भारत सर्वाधिक जनसंख्या में चीन दूसरे नंबर का देश है। साथ ही विश्व की जनसंख्या भी उस समय पचास अरब के आसपास पहुंच जायेगी। जनसंख्या के इस प्रकार से विस्फोट, वृद्धि दर से सारा विश्व चिंतित है और इसके लिए आज से ही नहीं वरन पिछले कई सालों से कई देशों ने अपने यहां प्रतिबंधात्मक उपाय अपनाने शुरू कर दिये हैं, इस पर कुछ सफलतायें भी मिली हैं लेकिन पर्याप्त सफलता नहीं मिल सकी है ह्य भारत सरकार ने भी इस संबंध में कुछ कठोर कदम उठाये हैं, जैसे युवक युवतियों के विवाह की उम्र अब युवक के लिए 21वर्ष और युवती के लिए 18 वर्ष की होना अनिवार्य कर दिया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
पटना, गुरूवार, 11 जुलाई, 2024


# एनीमिक गर्भवती महिलाओं को होता है गर्भपात का खतरा बचाव के आयरन का सेवन जरूरी

## एनीमिया के कारण गर्भवती महिलाओं को अत्यधिक थकान और सांस की तकलीफें भी हो सकती है



प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।गर्भवस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखना चाहिए, स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही भारी पड़ सकती है। गर्भवती महिलाओं को संतुलित भोजन के साथ ही चिकित्सक के सलाह के अनुसार सही मात्रा में आयरन, कैल्शियम की दवा का सेवन करना चाहिए- यह कहना है नरकटियागंज अनुमण्डलीय अस्पताल के गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ प्रीति कुमारी का, उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं में शुरूआती तौर पर एनीमिया का होना आम बात है, परन्तु अधिक समय तक रहने पर यह खतरनाक हो जाता है। एनीमिया के कारण जच्चा- बच्चा के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है। इससे गर्भ- पात का खतरा बढ़ जाता है ।एनीमिया रोग के लक्षण अत्यधिक थकान और सांस लेने में तकलीफें, चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना,सिरदर्द, पीली त्वचा, तेज दिल की धड़कन,कम रक्तचाप आदि है ।इससे बचने के लिए समय-समय पर गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों से जाँच करानी चाहिए ।गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ प्रीति कुमारी ने बताया कि शरीर में खून की कमी को एनीमिया कहते हैं। एनीमिया रोग में शरीर में फॉलिक एसिड, आयरन और बिटामिन इ12 की कमी हो जाती है, जिसके कारण शरीर में किसी कारण से जब रेड ब्लड सेल्स में कमी आ जाती है तो व्यक्ति एनीमिया रोग से ग्रसित हो जाता है।

बच्चे पर भी पड़ता है एनीमिया का असर :

गर्भ में पल रहें बच्चे के स्वास्थ्य पर भी एनीमिया के कारण बुरा असर देखा जाता है ।जन्म के समय शिशु का वजन कम होना, कमजोर शिशु, मृत शिशु का जन्म होने के साथ ही एनीमिया के कारण जच्चा - बच्चा पर संक्रमण का भी खतरा बना रहता है। गर्भावस्था के दौरान परजीवी संक्रमण जैसे हुक वर्म आदि के कारण भी शरीर में खून की कमी हो जाती है। इसलिए बीमारियों से बचाव करना भी गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है।

संतुलित आहार के साथ आयरन गोली है कारगरः

जिले के डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि गर्भवती महिला की हर माह प्रसव पूर्व जांच आवश्यक है।

ताकि एनीमिया का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गर्भवती महिला को कुल 360 आयरन की गोली का सेवन करना चाहिए। 180 गोली प्रसव से पहले व 180 गोली प्रसव के बाद 6 महीने लेनी चाहिए। एनीमिया से बचने के लिए - पालक, हरी सब्जी व मछली, दूध व अंडा आदि का नियमित सेवन। ये शरीर में आयरन की मात्रा को बढ़ाते हैं। सीएस ने बताया कि गर्भावस्था में बहुत अधिक चाय व कॉफी के सेवन से बचना चाहिए। अच्छी नींद लेनी चाहिए। गुड़ और चना का सेवन काफी लाभप्रद होता है। इसके साथ चुकंदर, सूखे मेवे व मौसमी फल जरूर लें ।उन्होंने बताया की राज्य में करीब 63 प्रतिशत महिलाएं और 69 प्रतिशत बच्चे ( छह से 59 माह तक के ) एनीमिया से ग्रसित हैं। प्रसव बाद 42.6 प्रतिशत महिलाएँ एनीमिया से ग्रसित है।

## संक्षिप्त खबरें

### 500 बच्चों को जिले से स्पॉन्सरशिप योजना का मिलेगा लाभ

मोतिहारी। जिले में अनाथ बेसहारा गरीब परिवारों के बच्चों को पालन पोषण एवं देखरेख करने हेतु राज्य सरकार द्वारा एक बड़ा कदम उठाया गया है। उक्त के तहत स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ 500 बच्चों को मिलेगा। पहले पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत सिर्फ 41 बच्चों को इस योजना का लाभ दिया जाना था। जिला बाल संरक्षण इकाई से विभिन्न टीमों को गठित कर सभी प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाकर इच्छुक लाभुकों का आवेदन संग्रहण करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई को उपलब्ध कराया जाना है। उक्त हेतु सभी आंगनबाड़ी केंद्र, प्रखंड कार्यपालक सहायक, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, एवं चाईल्ड लाइन के कर्मियों को संबंधित कार्यालय द्वारा निदेश दिया गया है कि अधिकाधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन देने हेतु प्रेरित करे। इस योजना का लाभ डीबीटी के माध्यम 4000 रुपये प्रतिमाह आवेदक के संयुक्त बैंक खाता में 3 वर्ष तक या 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक दिया जा सकेगा।

### कुतुबपुर मे लोक कवि स्व भिखारी ठाकुर की मनी 53 वीं पुण्यतिथि

डोरीगंज-ः सदर प्रखण्ड के कुतुबपुर मे लोक कवि स्व भिखारी ठाकुर की 53 वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी । इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी आगत अतिथियों ने स्व भिखारी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । इस अवसर पर स्व भिखारी ठाकुर के शिष्य चंदेश्वर बैठा ने मंगलाचरण गीत गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की । मौके पर उपस्थित स्थानीय मुखिया सतेन्द्र सिंह ने कहा कि स्व भिखारी ठाकुर समाज के आईना थे । उन्होंने अपने नाटक के माध्यम से समाज मे व्याप्त कुरीतियों को उजागर किया । इस अवसर पर मुख्य रुप से समाजसेवी चुनमुन गुप्ता , पंकज सिंह , नरेन्द्र सिंह , स्व भिखारी ठाकुर के प्रपौत्र सुशील ठाकुर , राकेश ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

### शिव की कल्पना राम के बिना अधूरी : महाराज

डोरीगंज। नए-नए शोध करता है वही शून्य शिव है। शिव की कल्पना राम के बिना अधूरी है और राम की शिव के बिना। शिव और राम एक दूसरे के पूरक हैं। यह बात अयोध्या के लक्ष्मण किलाधीश महंथ मैथिलीरमण शरण जी महाराज ने मुसेपुर शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए कही। श्री किलाधीश ने कहा उन्हें शिव के समान और कोई भी प्रिय नहीं है। राम के द्वारा शिवपूजन के लिए स्थापित शिवलिंग ही रामेश्वरम तीर्थ है। इस अवसर पर मंदिर के महंथ कृष्ण गिरी उपाख्य नागा बाबा,रामेश्वर दास, चिरान्द विकास परिषद के सचिव श्रीराम तिवारी, दास, संतोष सिंह, विजया कुमार यादव, ओमप्रकाश यादव के अलावे बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक सारण के द्वारा भेल्दी थाना का किया गया औचक निरीक्षण

छपरा कार्यालय बीती रात्रि में पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष के द्वारा भेल्दी थाना का औचक निरीक्षण किया गया । इस क्रम में उन्होंने थाना के हाजत, आगंतुक कक्ष व महिला कक्ष का निरीक्षण किया। साथ ही थाना में थाना रजिस्टरो से लेकर मुख्य दस्तावेजों की जाँच की गई ।इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को रात्रि गश्ती सुचारू रूप से किए जाने, शराब के परिवहन एव भंडारण पर निगरानी रखने एवं वांछित अपराधियों को जल्द से जल्द पकडने एवं थाना पर आने वाले परिवादियों की समस्या को गंभिरता से निस्तारण करने का निर्देश दिये । निरीक्षण के क्रम में संतरी को अपने कर्तव्य पर चुस्त एवं मुस्तैद पाया गया निरीक्षण के क्रम में भेल्दी थाना अंतर्गत यातायात के सुगम संचालन और की समस्या के निराकरण हेतु निम्न बिंदुओं के अनुपालन हेतु दिशा- निर्देश दिया गया जिसमे भेल्दी बाइ-पास से दिघवारा की तरफ राज्य उच्च पथ संख्या-722 की ओर जानेवाले भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित करना सोन्हो से परसा की ओर जानेवाले भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित करना शामिल है।

# भारत विकास परिषद 62वें स्थापना दिवस पर रक्सौल शाखा ने किया वृक्षारोपण




प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस पर देश भर में कार्यरत सभी शाखाओं में ह्लजलवायु परिवर्तन से स्वास्थ्य पर पड़ता प्रभाव ह्न पर विचार संगोष्ठी सहित वृक्षारोपण सहित कई कार्यक्रम संपादित हुए ।उसी कड़ी में भारत विकास परिषद रक्सौल शाखा द्वारा आज शहर के नहर रोड में विचार संगोष्ठी सह वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में शाखा के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी के साथ अन्य सदस्यों की भागीदारी रही। नहर रोड किनारे पीपल, पकड़ी, बेल, महोगिनी एवं गोल्ड मोहर के छायादार व औषधीय पौधे लगाये गये। इस मौके पर उपस्थित परिषद के संगठन सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी एवं संगठन सचिव सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि भारत विकास परिषद रक्सौल शाखा के द्वारा संगठन का 62वाँ स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न करने के पूर्व विगत 62 वर्षों में भारत विकास परिषद के द्वारा देशहित में किये गए कार्यों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी, साथ ही माँ भारती की सेवा कर रहा यह संगठन का मूल उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ कर भारत के सतत विकास में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना तथा है तथा सम्पर्क,सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण की भावना के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजागरण , सेवा एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करके देश को स्वस्थ, समर्थ संस्कारित भारत की परिकल्पना को धरातल प्रदान कर विश्वगुरु बनाने की दिशा में लगातार कार्य करने के लिए संकल्पित है। इस मौके पर डॉ.राजेन्द्र प्रसाद सिंह, उमेश सिकारिया, सीताराम गोयल, सुनील कुमार, गोपाल सर्राफ , विनोद कुमार, राम एकबाल प्रसाद परिषद के कई सदस्यों की उपस्थिति रही । इसकी जानकारी परिषद के सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

# राजेंद्र कॉलेज छपरा में नये छात्रों के लिए आयोजित हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। स्थानीय राजेन्द्र कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2024-28 में नव नामांकित छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि प्रो. उदय अरविंद तथा डीएसडब्ल्यू प्रो. उदय शंकर ओझा उपस्थित थे । प्राचार्य ने अपनी अध्यक्षीय उद्बोधन में राजेंद्र कॉलेज के बारे में बताया और कहा कि छात्रों के लिए यहाँ हर सुविधा उपलब्ध है। 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता को बताते हुए उन्होंने बेहतर शिक्षक, कैंपस , पुस्तकालय आदि की सुविधा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए उपलब्धता पर जोर दिया। प्रो. उदय अरविंद ने नये कोर्स के बारे में विस्तार से बताया और प्रो. उदय शंकर ओझा ने छात्रों को जीवन में अनुशासित और क्रमबद्ध होने के महत्व को बताया। इस कड़ी में डॉ. सोमनाथ घोष ने छात्रों को पाठ्यक्रम के प्रारूप से अवगत कराया। डॉ. जया कुमारी पांडेय ने एनएसएस, एनसीसी, सेहत केंद्र, रेड रिबन क्लब के कार्यक्रमों और उसके व्यक्तित्व विकास में भूमिका को बताया। मंच संचालन डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रशांत कुमार सिंह ने किया। विदित हो कि कुलपति के निर्देश पर जय प्रकाश विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत कॉलेजों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यह पाठ्यक्रम छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए सहायक सिद्ध होगा। प्रथम सेमेस्टर में छात्रों को मुख्य विषय के साथ उसी संकाय का एक विषय, अन्य संकाय से एक विषय, स्किल तथा नैतिक विकास हेतु विषयों को पढ़ाया जाना है। कुल चार वर्ष व आठ सेमेस्टर में छात्रों को सभी क्षेत्र के विषय के बारे में जानना होगा जो उसे न सिर्फ भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी साबित होगा बल्कि राष्ट्र निर्माण हेतु युवावों को तैयार भी करेगा। यह विकसित भारत में सहायक साबित होगा।

# रक्सौल हवाईअड्डा को चालू करने की पहल शुरू




प्रात : किरण, संवाददाता

मोतिहारी। हवाई अड्डा रक्सौल में वायुयान के संचालन योग्य बनाने हेतु बेतिया सांसद डॉ. संजय जयसवाल की अध्यक्षता में पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित एनआईसी में बैठक आहूत की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण, सौरभ जोरवाल के साथ निदेशक भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण, हवाई अड्डा पटना, उप महाप्रबंधक भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण, हवाई अड्डा पटना, प्रतिनिधि योजना निदेशालय भारत सरकार नई दिल्ली, उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण, अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल एवं सदर मोतिहारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता रक्सौल एवं अंचलाधिकारी रक्सौल उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित भूमि सलाहकार, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण, हवाई अड्डा पटना के द्वारा बताया गया कि 213 एकड़ भूमि हवाई अड्डा के लिए अधिग्रहित हो गई है। इसके अतिरिक्त 121 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की और आवश्यकता है। उनके द्वारा हवाई परिचालन हेतु बनाए जाने वाले रनवे का मैप पीपीटी के माध्यम से माननीय सांसद सहित बैठक मैं उपस्थित अधिकारीगण को अवलोकन कराया गया तथा तथा अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। भूमि सलाहकार भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण, हवाई अड्डा पटना के द्वारा दो सप्ताह के अंदर डीपीआर तैयार कर विभाग को अनुमोदन हेतु जमा किए जाने का आश्वासन दियाजीजी गया। अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में पुनः बैठक आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।

# तीन प्रखंडो को जोड़ने वाला सड़क मार्ग का पुल निर्माण रुकने से आवागमन ठप्प

- लोकसभा चुनाव के पहले स्थानीय सांसद ने कराया था कार्य का शुभारंभ



प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर ।प्रखण्ड के एनएच 331 से जोड़ने वाले भकुरा भिट्ठी- डाढ़ीबाढ़ी मुख्य सड़क पर धनगरहा में बनने वाली पुल निर्माण अधर में होने से लोग काफी परेशान हैं। करीब दो माह से पुल निर्माण कार्य शुरू होने का इंतजार किया जा रहा है। पुल पिछले एक दशक से क्षतिग्रस्त था। लोगों को मजबूरन इस रास्ते से होकर गुजरना पड़ता था। हादसा की अंदेशा के बाद भी छोटे बड़े वाहन प्रतिदिन इस जर्जर पुल से होकर गुजरते थे। पुलिया पर बना मुख्य सड़क मढ़ौरा तथा इसुआपुर प्रखण्ड को बनियापुर से जोड़ता है। इस सड़क मार्ग से प्रतिदिन गैस से भरी ट्रक, बालू लदे ट्रक तथा दर्जनों यात्री बस भी गुजरती थी। पुल निर्माण को लेकर कई बार लोगों ने स्थानीय प्रतिनिधि व अधिकारियों से मांग की थी। बीते 20 फरवरी को सड़क का शिलान्यास किया गया था। 13 किलोमीटर लंबी यह सड़क काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में था। पुल निर्माण की कारवाई तो शुरू की गई परन्तु, घटिया सामग्री देख ग्रामीण भड़क गए। पुल निर्माण में घटिया सामग्री व प्राक्कलन के विरुद्ध काम देख ग्रामीण नराज होक्त ग्रामीणों ने तत्काल काम पर रोक लगा दिया है। दो माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत है पुल की दीवार में पुराने ईंट का प्रयोग किया जा रहा था। वहीं सीमेंट व बालू के मिश्रण में भी गड़बड़ी की जा रही थी। ग्रामीणों ने जेई के देखरेख में प्राक्कलन के अनुसार काम करने की मांग रखी थी। इसकी जानकारी मौके पर मौजूद जदयू प्रखंड अध्यक्ष शिव नारायण सिंह पटेल, स्थानीय मुखिया राजीव कुमार, पूर्व मुखिया संजय प्रसाद, संदीप ठाकुर, रामदेव महतो, सुनील ओझा, अरुण महतो सहित काफी संख्या में उपस्थित लोगो ने दी। ग्रामीणों का कहना था कि भकुरा भिट्ठी- डाढ़ीबाढ़ी सड़क पर धनगरहा में पुल निर्माण का काम प्रारम्भ हुआ। लेकिन डायवर्शन भी नहीं बनाया गया है। बिना डायवर्शन बनाये पूल तोड़ने से लोगों की समस्या बढ़ गयी है। डायवर्सन नहीं बनने से दर्जनों गांवों के लोगो का सम्पर्क प्रखण्ड मुख्यालय से टूट गया। लोगों को आवश्यक कार्य के लिए रास्ता बदल अस्पताल व प्रखण्ड मुख्यालय जाना पड़ रहा है।

# घोघारी नदी के बांध पर लगा सलुइस गेट टूटा



प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के छपिया पंचायत के टोले फेनहरा गांव स्थित घोघारी नदी के बांध पर लगा स्लुईस गेट टूट गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह स्लुईस गेट लगभग एक साल से टूटा हुआ है। लेकिन अभी तक कोई भी विभागीय अधिकारी- पदाधिकारी देखने तक नहीं आए हैं। अब जबकि बरसात का मौसम आ गया है तथा नदी में पानी छोड़े जाने का समय भी आ चला है। स्थानीय दीनानाथ रावत, हरेंद्र प्रसाद, मनोज प्रसाद, तूफानी प्रसाद, विजय यादव, निरशु पटेल, राजेंद्र पटेल, सचिन पटेल, वार्ड नंबर 18 के वार्ड सदस्य मनोज राय, अशोक साह,रामेश्वर साह,अजय महतो, राजगृही महतो, सुरेंद्र बैठा, सरपंच संतोष कुमार गुप्ता, मैकेनिक पटेल, कोकाई प्रसाद व अन्य ने बताया कि समय रहते यह स्लुईस गेट ठीक नहीं हुआ तो पानी नदी से निकल कर सैकड़ों एकड़ में लगे धान के फसल बर्बाद कर देगा। वहीं फेनहहरा टोले छपियां, फेनहारा गद्दी टोला,गुनराजपुर,बिनटोलिया, केरवा चौठई,परसा गांवों के लोगों के घरों में पानी घुसकर भारी तबाही मचा देगा। स्थानीय पैक्स मैनेजर विजय कुमार यादव ने समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि समय रहते बांध तथा स्लुईस गेट ठीक नहीं हुए तो पिछले वर्षों की तरह ही लोगों को घर बार छोड़ कर सड़क किनारे, बांध तथा ऊंचे स्थानों पर शरण लेने को मजबूर होना पड़ेगा। खासकर मवेशियों के रख रखाव तथा उनके चारे की संकट भी उत्पन्न हो जाएगी।

# जिला में सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिला में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने के उद्देश्य से लगातार पहल की जा रही है। विगत माह में भी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा इस सबंध में बैठक की गई थी। इसमें निर्धारित मार्ग/रुट से ही ट्रकों का परिचालन सुनिश्चित करने को लेकर कई महत्वपूर्ण निदेश दिये गये थे। आज पुनः जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पूर्व के निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की तथा आगे के लिये महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया। दरियापुर-परसा मार्ग एवं दिघवारा-भेल्दी मार्ग में व्यवसायिक मालवाहक ट्रकों के परिचालन की अनुमति नहीं होगी। इसमें आवश्यक सेवाओं से संबंधित वाहनों को छूट रहेगी। इसके लिये पीरगंज, मटिहान चौक एवं हराजी मोड़ पर बड़े बड़े संकेत चिन्ह लगाने का निदेश दिया गया। इसमें वैकल्पिक रुट की भी जानकारी रहेगी ।इन स्थलों पर आवश्यकतानुसार ड्रॉप गेट , ट्रैफिक ट्रॉली एवं प्रतिनियुक्त पुलिस बल के लिये आवश्यक शेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसके लिये अतिरिक्त होम गार्ड को भी लगाया जायेगा। सभी ट्रकों का परिचालन राष्ट्रीय उच्च पथों के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जायेगा। मशरख तरैया मोड़ एवं अंबेडकर चौक पर भी ड्रॉप गेट, साइनेज, ट्रॉली एवं शेड की व्यवस्था की जायेगी। सोन्हो से अमनौर एवं सोन्हो से परसा की तरफ भी कोई ट्रक नहीं जायेगा। इन स्थलों पर भी पर्याप्त पुलिस बल/होम गार्ड की प्रतिनियुक्ति अलग अलग पालियों में सुनिश्चित करने को कहा गया।

# खेत में काम कर रहे किसान और बैल की ठनका गिरने से मौत, हरवाहा घायल

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( मोहन सिंह ) ।लौरिया थानाक्षेत्र के फुलवरिया गांव में बुधवार खेत में धान की रोपनी करा रहे एक किसान की मौत ठनका गिरने से हो गई, जबकि खेत में हल जोत रहा एक बैल की भी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं हल जोत रहा हरवहा भी काफी जख्मी हो गया है, जिसका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। मृतक किसान की पहचान कटैया पंचायत के फुलवरिया गांव के सुरेश यादव ( 56 ) के रूप में हुई है। घायल हरवाहा की पहचान सुमन राम ( 55 ) के रूप में हुई है। पुलिस मृतक का शव पोस्टमार्टम कराने के लिए बेतिया गवर्मेंट अस्पताल भेज दी है तो वहीं बैल का पोस्टमार्टम घटनास्थल पर ही प्रखंड मुख्यालय से पहुंचे चिकित्सक ने की। बताया जाता है कि बुधवार को सुरेश यादव इस साल पहली बार रोपनी कराने के लिए खेत में गए थे। पहली रोपनी होने के कारण वे गावा के रूप में घर से लोटा में पानी, अक्षत और फूल लेकर खेत में पूजा कर रहे थे और उनका हरवाहा सुमन राम बैल के साथ खेत की जुताई कर रहा था । इसी बीच करीब साढ़े 11 बजे ठनका गिरा और सुरेश यादव समेत बैल की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, वहीं हरवाहा भी ठनका के चपेट में आने से काफी जख्मी हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे मुखियापति विनोद शर्मा ने मृतक के परिजनों को तत्काल कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत राशि दी मृतक को तीन पुत्र और एक पुत्री है, जहां केवल पुत्री की शादी हुई है। तीनों पुत्र बाहर रोजगार के लिए बाहर रहकर काम करते हैं। वहीं पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है । मौके पर पूर्व मुखिया अमर राम, बीडीसी मलखान सिंह, रामबाबु राव, बब्लू राव,युनुस मियां आदि परिजनों को ढाढस बंधाकर दाह संस्कार कराने की प्रक्रिया में लगे हुए हैं।

# टीबी मुक्त अभियान के तहत मांझी प्रखंड के 41 टीबी रोगियों के बीच पांचवें महीने का पौष्टिक आहार किया वितरण

प्रात : किरण, संवाददाता

स्थानीय अस्पताल के सभागार में टीबी रोगियों के बीच पांचवें महीने का फूड पैकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय अस्पताल के बीएचएम, बीसीएम, एसटीएस सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के 41 टीबी रोगियों के बीच पांचवी बार फूड पैकेट्स का वितरण किया गया है। हालांकि इसके बाद छठे महीने वाला पौष्टिक आहार का वितरण किया जाएगा। लेकिन टीबी मरीजों को दवा सेवन के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य को लेकर विभागीय स्तर पर फॉलोअप किया जाएगा। मांझी प्रखंड के 41 टीबी रोगियों के बीच पांचवें महीने का पौष्टिक आहार वितरण किया गयाः एमओआईसी मांझी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने कहा कि यक्ष्मा उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे देश में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई है। हालांकि शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निक्षय मित्र कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। क्योंकि निक्षय मित्र योजना के तहत समाज के सक्षम व्यक्ति और जनप्रतिनिधियों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण युक्त भोजन में सहयोग किया जा सकता है। निक्षय मित्र योजना के तहत स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के 41 टीबी रोगियों के बीच पांचवें महीने का पौष्टिक आहार का वितरण मांझी अस्पताल के सभागार में किया गया।

# मुहर्रम को ले विधि व्यवस्था सुदृढ करने पर दिया बल

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। आगामी मुहर्रम के अवसर पर प्रमंडल के सभी जिलों में विधि व्यवस्था सामान्य बनाये रखने को लेकर बुधवार को प्रमंडलीय आयुक्त एम सरवनन ने प्रमंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक किया। सभी जिलों से एक एक कर विधि व्यवस्था हेतु की जा रही तैयारी के संबंध में जानकारी ली गई। जिला में जुलूस की संख्या, संवेदनशील स्थलों की पहचान, जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन, जिला/अनुमंडल/थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आदि के बारे में बिंदुवार जानकारी ली गई एवं महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया गया। बताया गया कि इस वर्ष सिवान जिला में 959, सारण जिला में लगभग 450 एवं गोपालगंज जिला में लगभग 250 जुलूस निकाले जाने की सूचना है। सभी जिलों में संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है जहाँ दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। सभी जुलूस में डीजे के उपयोग पर रोक रहेगी। इस संबंध में सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक कर इस आशय की जानकारी देने को कहा गया। सभी जुलूस मार्गों का विधिवत भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया। जुलूस मार्ग में बिजली के लटकते तारों को ठीक कराने को कहा गया। सभी जूलूस मार्गों में ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था रखने को कहा गया। सभी थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आहुत करने को कहा गया। आयुक्त ने कहा कि विधि व्यवस्था हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल तब तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करें, जबतक उन्हें विधिवत रिलीव नहीं किया जाता है। पूर्व की घटनाओं को लेकर अद्यतन स्थिति की मॉनिटरिंग करने को कहा गया। आसूचना संकलन पर विशेष बल देने को कहा गया। सभी जिलों को निरंतर अलर्ट मोड में रहने को कहा गया। सभी आवश्यक बिंदुओं को समाहित कर चेकलिस्ट तैयार कर इसकी प्रतिदिन मोनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विकाश बर्मन, जिलाधिकारी सारण, पुलिस अधीक्षक सारण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिवान एवं गोपालगंज जिलों के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक जुड़े थे।

# एआईएसए, एआईएसएफएसएफआई का राज्यव्यापी आवाह्न अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर। आइसा, एआईएसएफ और एसएफआई के नेताओं संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि मौजूदा समय में देश के मेडिकल क्षेत्र के उच्च शिक्षण संस्थान में हो रही लूट और भ्रष्टाचार से नीट अभ्यर्थी को शारीरिक आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है वंचित वर्ग के बच्चों को साजिश के तहत उच्च शिक्षा से दूर करने के लिए सडयंत्र किया जा रहा है। देश के न्याय पसंद अभ्यर्थी नीट एवम नेट यूजीसी परीक्षा में हुए धांधली के खिलाफ एन टी ए को खत्म करने को लेकर पूरे देश भर में पिछले दो महिनों से आन्दोलन कर रहे है। लेकिन केन्द्र में बैठी तानाशाह सरकार इन्हें न्याय देने में विफल और नीट अभ्यर्थी पर पुलिसिया दमन का कहर ढाने में सफल दिख रहे है। पिछले दस सालों में केन्द्र सरकार के अधीन 30 लाख से अधिक पद रिक्त है लेकिन सरकार इन पदो पर बहाली नहीं करना चाहती है क्योंकि इससे निजीकरण को बढ़ावा नहीं मिलेगा समाज के बेरोजगार युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है अगर नीट एवम नेट जैसे परीक्षा में धांधली होती रहेगी तो समाज को अच्छे और कुशल चिकित्सक एवम प्रोफेसर कैसे मिलेंगे? यह देश के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है इन तमाम सवालों के साथ हो रहे प्रतियोगी परीक्षा में धांधली को केन्द्र सरकार बढ़ावा दे रही है एन टी ए के कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के प्रमाण पूरे देश भर में दिख रही है ऐसे में नीट घोटाले में न्याय पसंद पीड़ित मानस ने नीट यू जी के परीक्षा रद्द करने के साथ पुनः इस परीक्षा को पारदर्शी तरीके से ले ताकि अभ्यर्थियों को संवैधानिक संस्था पर विश्वास बना रहे। छात्र नेताओं ने आगे कहा कि स्थानीय स्तर पर भी जयप्रकाश विश्वविद्यालय में भी शैक्षणिक अराजकता व्याप्त है इसे जल्द से जल्द दूर किया जाए । टेस्टिंग एजेंसी एन टी ए को खत्म करने नीट एवम नेट 2024 परीक्षा को फिर से करवाने, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा, लेकर देश भर में आंदोलन चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोइलवर में खुला एचडीएफसी बैंक का एटीएम



आरा।जिले के कोइलवर स्थित थाना चौक पर एचडीएफसी के बैंक में नये एटीएम का उद्घाटन नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सरताज आलम और एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। एचडीएफसी के कोईलवर ब्रांच मैनेजर जय प्रकाश पाठक ने बताया कि ब्रांच से सटे एटीएम से 24.7 सेवा मिलेगा। इस एटीएम में एचडीएफसी के खाताधारक कभी भी पैसा डिपोजिट कर सकते है। हालांकि अन्य किसी बैंक के एटीएम धारक सिर्फ पैसा को निकाल सकते है। उन्होंने बताया कि एटीएम के खुलने से पैसे निकासी की दिक्कतें समाप्त हो जायेगी।एटीएम के खुलने से स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ राहगीरों को भी अब निकासी की सुविधा मिलेगी साथ ही एटीएम में पर्याप्त मात्रा में पैसे रहेगी।

### मारपीट में महिला घायल

परसा।थाना क्षेत्र के मारर दरगाह पर मामूली सी विवाद में कुछ लोगों ने एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया. जिसका इलाज के लिए परसा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया.घायल महिला मारर दरगाह निवासी महमूद आलम की पत्नी रानी खातून बताई जाती है।

### एसपी ने भेल्दी थाने का किया औचक निरीक्षण

भेल्दी(सारण)।सारण एसपी डॉ कुमार आशीष ने मंगलवार की रात भेल्दी थाने का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में एसपी ने थाना के हाजत,आगंतुक कक्ष व महिला कक्ष का भी निरीक्षण किया।साथ ही थाना में थाना रजिस्टरों से लेकर मुख्य दस्तावेजों की जांच की।इस दौरान एसपी ने भेल्दी थानाध्यक्ष को रात्रि में गश्ती सुचारू रूप से किए जाने शराब के परिवहन व भंडारण पर निगरानी रखने एवं वांछित अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने थाना पर आने वाले परिवादियों की समस्या को गंभीरता से निस्तारित करने का निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने भेल्दी थाना अंतर्गत यातायात के सुगम संचालन और समस्या के निराकरण हेतु भेल्दी बाइपास से दिघवारा की तरफ एनएच 722 की ओर जाने वाली भारी वाहनों के परिचालन प्रतिबंधित करने व सोनहो से परसा की ओर जाने वाली भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित करने का भी निर्देश दिया।

### गंडक नदी का जलस्तर गिरा लोगों ने राहत की सांस ली

बगहा।गंडक नदी का जलस्तर धीरे धीरे गिर रहा है।जिससे लोगों ने राहत की सांसे ली।लेकिन गंडक नदी के किनारे बसे गांवों में अब भी बाढ़ के हालात बने हुए है।बतादें की नारायणी गंडक नदी के जलस्रोत क्षेत्रों में रुक रुक के हल्की बारिश हो रही है जिससे गंडक का जलस्तर लगभग स्थिर बना हुआ है।गंडक बराज कंट्रोलरूम को पूरे मानसून तक हाई अलर्ट पर रखा गया है।पहाड़ों पर तेज बारिश गंडक नदी के जलस्तर को कभी भी बढ़ा सकती है। गंडक बराज से निकलने वाली पूर्वी व पश्चिमी नहरों को पटवन के लिए खोल दिया गया है।समाचार संकलन तक जलस्तर आंशिक रूप से उतराव चढ़ाव के बीच स्थिर बनी हुई है।

### भोजपुर में अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चला अभियान

आरा/इमादपुर। अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ भोजपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अवैध परिवहन में संलिप्त 12 ट्रक को जप्त किया। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार ने मंगलवार की दोपहर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ईमादपुर थाना अंतर्गत नदी क्षेत्र में कुछ अवैध ढंग से खनन और परिवहन के लिए ट्रक घुसे हुए हैं। सूचना के प्राप्त होने के उपरांत उनके निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी पीरो के नेतृत्व में संयुक्त दल के द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई।

### भिखारी ठाकुर के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने की जरूरत

छपरा।भिखारी ठाकुर लोकसाहित्य एवं सांस्कृतिक मंच के बैनर तले लोककलाकार भोजपुरी के शेक्सपियर भिखारी ठाकुर की 53वी पुण्यतिथि शहर के तेलपा स्थित भिखारी ठाकुर चौक पर आयोजित की गई। माल्यार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के कुलपति डॉ राम जन्म मिश्र थे।उन्होंने बताया कि भिखारी ठाकुर भोजपुरी के महान नाटककार, रचनाकार और एक बड़े समाज सुधारक रहे है।जिनके गीतों और नाटकों के प्रभाव से कभी पूरा बिहार झारखंड बंगाल असम प्रभावित होता रहा है।

# बिहारविधान परिषद के सदस्य भगवान सिंह कुशवाहा ने किया प्रेस वार्ता

प्रात: किरण संवाददाता



आरा : प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन सर्किट हाउस आरा में भगवान सिंह कुशवाह सदस्य,बिहारविधान परिषद के द्वारा किया गया, इस अवसर पर पूर्व महापौर पुष्पा कुशवाहा,सिद्धेश्वर उपाध्याय, अभिषेक मेहता, अनूप पटेल आदि उपस्थित थे, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि आरजेडी एवं माले की राजनीति केवल

खानापूर्ति है, ये विकास के नाम पर भड़कते हैं, माले के विधायक कभी भी साढ़े तीन साल में विकास का मुद्दा बिहार विधानसभा में नहीं उठाए हैं, यह लोग केवल ट्रांसफर पोस्टिंग की बात उठाते हैं,ये कभी विकास का मुद्दा नहीं उठाते हैं।आगे उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव अपना शेखी बखारते हैं कि मैंने बेरोजगारों को नौकरी देने का काम किया जबकि उनके मातहत जो विभाग था उसमें नौकरी नहीं दिये, नौकरी देने का काम उप मुख्यमंत्री का नहीं है यह सामूहिक कैबिनेट की प्रक्रिया के तहत होता है, आरजेडी कभी भी सभी के विकास की बात नहीं करता है, इसकी राजनीति जाति आधारित राजनीति है,ये लोग जाति की राजनीति करते हैं,जात-पात करके वोटरों को गुमराह करते हैं उसके बाद वोटर अपने आप को ठगा महसूस करते हैं।श्री कुशवाहा ने कहा कि श्री नीतीश कुमार ही ऐसा व्यक्ति हैं जो बिहार को जाति पार्टी से ऊपर उठाकर सबका विकास करते हैं,आज बिहार शांत वातावरण में है और विकास की धारा बह रही है। आगे उन्होंने कहा कि अगर सवाल उठाना ही है तो बिहार को विशेष राज्य की दर्जा देने की उठाना चाहिए जिस पर केंद्र सरकार और बिहार सरकार का रुख भी सकारात्मक है, यह विकास की बात कभी नहीं उठाएंगे, ये लोग बातों में जनता को गुमराह करते हैं और वोट लेते हैं। राजद एवं माले बिहार की जनता का कभी भला नहीं कर सकते हैं,जब भी करेंगे तो नीतीश कुमार ही भला करेंगे ,आगे उन्होंने कहा कि एनडीए बिहार में 2025 के चुनाव में भारी बहुमत से एकजूट होकर चुनाव लड़ेगी और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी,विधान परिषद के सदस्य श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने सभी मीडियाकर्मी को गमछा से सम्मानित किया। इस अवसर पर आये हुए मीडियाकर्मी को सिद्धेश्वर उपाध्याय ने स्वागत किया।

## बिजली विभाग की मनमानी से उपभोक्ताओं में आक्रोश

प्रात: किरण संवाददाता

दरियापुर।स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के डेरनी स्थित विद्युत सब स्टेशन के कर्मियों की मनमानी से उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है।इस सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों के उपभोक्ताओं की मानें तो आसमान में बादल देखते ही विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी जाती है।को अक्सर कई कई घंटो तक या कहे की पूरे दिन या रात लगातार विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाती है।जिससे उपभोक्ताओं को इस ऊमस भरी गर्मी में पेयजल मिलना भी मुश्किल हो जाता है।उपभोक्ता लालबाबू शर्मा,पवन गुप्ता,अभय कुमार सिंह,दीपक कुमार, रिंकू गुप्ता आदि ने बताया की ऐसी स्थिति में ग्रिड में फोन करने पर कर्मियों के द्वारा अक्सर मोबाइल बंद कर दिया जाता है या सही जानकारी नहीं दी जाती है। वहीं कनीय अभियंता का मोबाइल भी नेटवर्क एरिया से बाहर हो जाता है। यहां तक की फेज कट जाने की सूचना देने पर सुबह में बनाने की बात की जाती है।उन लोगो का कहना है की ऐसे में कोई घटना होने पर भी सूचना कैसे दी जाएगी।उपभोक्ताओं की मानें तो बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ ग्रिड में तालाबंदी कर प्रदर्शन करने की भी योजना बनाई जा रही है।

## पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हेतु छात्र छात्राओं ने किया पौधारोपण

प्रात: किरण संवाददाता



माँझी। माँझी प्रखण्ड के रघुनाथ गिरी के मठिया स्थित माँ सरस्वती विद्या मन्दिर की छात्र छात्राओं ने बुधवार को विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव ने दर्जनों छात्र छात्राओं के बीच पौधे का वितरण किया। मौके पर मौजूद विद्यालय के शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने एक वर्ष में एक हजार पौधे लगाए जाने का संकल्प लिया।पर्यावरण प्रदूषण के संरक्षण के उद्देश्य से विद्यालय परिसर को हरा भरा बनाने के लिए छात्र छात्राओं ने अब तक लगभग पाँच सौ से अधिक पौधे लगाए हैं। इस अभियान के तहत विद्यालय में आदर्श किचन गार्डन बनाये जाने का अभियान जारी है। विद्यालय के सचिव उमेश गिरी ने बताया कि ज्यादातर औषधीय व छायादार तथा फलदार पौधे लगाए एवम वितरित किये जा रहे हैं।

## पैसेंजर ट्रेन से फिसलकर सरयु में गिरे व्यक्ति की डूबने से मौत

माँझी। बुधवार को माँझी रेलपुल में चेनपुलिंग के बाद खड़ी वाराणसी छपरा पैसेंजर ट्रेन से फिसलकर तथा पुल में टकराकर 50 फुट नीचे सरयु में गिरे व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। यह लोमहर्षक वारदात मृतक की पत्नी के आँखों के सामने घटी। उसी ट्रेन में बैठी बेवश पत्नी अपने पति को बचाने की गुहार लगाती रही और उसका पति देखते ही देखते सरयु की तेज धारा में बह गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नदी में डूब रहे अपने पति को बचाने के लिए महिला ने भी नदी में छलाँग लगाने की कोशिश की लेकिन ट्रेन में मौजूद सहयात्रियों ने उसे पकड़ लिया अन्यथा उसकी भी जान जा सकती थी। घटना बलिया जिले के इलाके में रेलपुल के पाया नम्बर ग्यारह की बताई जा रही है। बाद में ट्रेन के खुलने तथा माँझी हाल्ट पर पहुँचने के बाद महिला ने माँझी थाना पहुँचकर पुलिस को घटना की विस्तृत जानकारी दी। महिला की गुहार पर घटना स्थल पर पहुँची पुलिस ने नाव की सहायता से शव को ढूंढने का प्रयास किया पर शव बरामद नही किया जा सका। बाद में प्राथमिकी दर्ज कराने के उद्देश्य से उसे बैरिया थाना क्षेत्र के चांद दीयर पुलिस चौकी पर भेज दिया गया। पीड़ित महिला कमला देवी ने बताया कि मंगलवार को वह अपने पति ओम प्रकाश महतो के साथ बलिया जिले के मैरीटार निवासी व अपने बहनोई कन्हैया महतो के घर गई थी। जहाँ छत से गिरकर उसकी बहन की जख्मी पोती का इलाज चल रहा था। बुधवार की सुबह बाँसडीह रोड स्टेशन से वाराणसी छपरा पैसेंजर ट्रेन से वह पति के साथ वापस अपने घर माँझी के मुबारकपुर लौट रही थी। उसने बताया कि कुछ ही दिन पहले उसके पति की आँख का ऑपरेशन हुआ था इस वजह से उनकी आंखों से कम ही दिखाई देता था। उसने बताया कि शायद माँझी स्टेशन समझकर उनके पति ने ट्रेन से उतरने का प्रयास किया तभी यह दुर्घटना हुई।

## कार्यपालक अभियंता ने ताजपुर में क्षतिग्रस्त पुल का किया निरीक्षण

माँझी। सारण तथा सिवान को जोड़ने वाले माँझी गुठनी राजकीय उच्च मार्ग पर ताजपुर के समीप दाहा नदी के ऊपर पांच पायों पर बने सड़क पुल के विम्ब में दिखी दरार तथा उसके क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना की आशंका को लेकर सारण के डीएम अमन समीर के निर्देश पर क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण करने पहुँचे पथ निर्माण विभाग सारण के कार्यपालक अभियंता अनुज कुमार को स्थानीय लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद माँझी के पूर्व उप प्रमुख राम कृष्ण सिंह,जदयू नेता निरंजन सिंह,सुरेश सिंह,रघुवंश सिंह,चन्दन सिंह तथा गोलू यादव आदि ने कहा कि क्षतिग्रस्त पुल से भारी वाहनों का आवगमन बेरोकटोक जारी है जिसपर तत्काल रोक लगाई जाय। लोगों ने पुल पर लगने वाली भीड़ से भी उसके ध्वस्त होने की आशंका है इसलिए पुल पर लगने वाली भीड़ पर भी पाबन्दी लगाए जाने की माँग की। पुल की जर्जर स्थिति तथा लोगों की माँग को देखते हुए कार्यपालक अभियन्ता ने 24 घण्टे के भीतर लोहे की बेरिकेटिंग लगाकर पुल पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह रोक दिए जाने का आश्वासन दिया।

## इंडक्शन मीट का आयोजन, प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सविस्तार जानकारी दी

प्रात: किरण संवाददाता




दाउदपुर। नंदलाल सिंह महाविद्यालय जैतपुर- दाउदपुर में बुधवार को प्राचार्य प्रो. डॉ के पी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में इंडक्शन मीट सीबीसीएस 2024 -25 प्रथम सेमेस्टर का आयोजन किया गया।जो विश्व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में प्रोफेसर रवींद्र सिंह (रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष) के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान प्राचार्य ने उपस्थित छात्र- छात्राओं से सभी विषयों के प्राध्यापकों का क्रमवार परिचय कराया। प्रोफेसर आफताब आलम (राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष) ने तीनों संकायों यथा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय में नामांकित छात्राओं को 2020 नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम को विस्तार से समझाया ।इसी क्रम में डॉ श्रीभगवान ठाकुर (दर्शनशास्त्र विभाग) , डॉ राकेश कुमार ( अंग्रेजी), डॉ जीडी राठौर (अर्थशास्त्र), डॉ स्वर्गदीप शर्मा (गणित), डॉ शेखर कुमार (राजनीति शास्त्र), डॉ उपेंद्र कुमार (राजनीति शास्त्र), डॉ आशीष कुमार ( संस्कृत), डॉ अमृत प्रजापति (हिंदी विभाग), डॉ प्रवीण पंकज (हिंदी विभाग), डॉ चन्द्रभान राम (हिंदी विभाग) ने बारी-बारी से विषयों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ श्रीवास्तव ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए एनएसएस, रेड रिबन क्लब, अकादमी बैंक समितियों तथा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। विभिन्न समितियों के माध्यम से भी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ रवींद्र सिंह ने छात्रों को स्वानुशासन एवं राष्ट्रहित के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ चन्द्रभान राम द्वारा किया गया। मौके पर संजय सिंह, आलोक सिंह, राजकुमार, दुर्योधन कुमार, शैलेश कुमार आदि कालेज कर्मी उपस्थित थे।

## सांसद का गड़हनी में कार्यकर्ताओं ने किया धन्यवाद समारोह में स्वागत



गड़हनी( भोजपुर)।भोजपुर जिले के आरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद सुदामा प्रसाद को बुधवार गड़हनी पुलिस पुकेट के समीप एक निजी भवन में धन्यवाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह व्यवसायी संघ गड़हनी के बैनर तले किया गया , समारोह की अध्यक्षता ब्यवसाई संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष सह राजद राज्य परिसद श्रीनिवास यादव व संचालन भाकपा माले बरिष्ठ नेता रामछपित राम ने किया। समारोह में महागठबंधन से जुड़े सभी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर मौजूद नवनिर्वाचित सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि लोक सभा चुनाव में आरा सीट से अहंकार पर जनता की जीत हैं। थानाप्रभारी, सीओ बीडीओ का मनोबल तोड़ने के लिए जनांदोलन की जरूरत हैं।आगे उसने कहा कि भोजपुर के किसानों को अनाज का लाभकारी मूल्य दिलाने, बटाईदार किसानों को परिचय पत्र निर्गत करने और छोटे-मझोले व्यवसायियों के लिए आयोग का गठन करने का मामला लोकसभा में उठाया गया है। यही नहीं देश के करोड़ों निवेशकों का पैसा सहारा कंपनी से दिलाने का मामला भी उठाया गया है। मौका मिला तो आगे भी जनहित के मुद्दे उठाते रहेंगे।बिहार राज्य के अंदर हत्याओं का दौर चल रहा हैं। नीतीश राज्य में बिना नजराना का कोई अधिकारी काम नही कर रहे हैं,भ्ष्टार्चार का बढ़ावा दिया जा रहा हैं। पुलिस पदाधिकारी बेलगाम हो गए हैं। इसके लिये सभी को मिलकर लड़ाई लेना हैं।

मुहँ के रोटी छिनने का प्रयास किया जा रहा हैं ,बेरोजगारी, महंगाई चरम पर है इसके लिए लड़ाई लिया जाएगा। क्षेत्र की जो भी समस्या है आप लोग लिखकर दीजिय मैं उंसको सांसद में उवाज उठाएंगे।धन्यवाद कार्यक्रम में प्रमुख बिनोद सिंह, गोपाल सिंह, प्रमोद गुप्ता, आनंद कुमार, शाहिन राजा, मो० निक्कू श्री निवास यादव ने महागठबंधन प्रत्याशी सुदामा प्रसाद की जीत को लेकर छोटे-बड़े किसानों से लेकर भोजपुर जिले की तमाम व्यवसायी व जनता के प्रति आभार जताया।

## एनएचएम कर्मियों का तीसरे दिन हड़ताल जारी



प्रात: किरण संवाददाता

परसा।समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसा के मुख्य द्ववर पर्स राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सविदा 1कर्मचारियों ने तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखा है.और जब तक माँग नही मानी जाती तबतक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी.अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे काउंसलर रूनी कुमारी एसटी वर्षा कुमारी रिंकी कुमारी मुन्नी कुमारी मिनी कुमारी चंचला कुमारी निशी कुमारी दीपा कुमारी आभा कुमारी ममता कुमारी पुष्पा रानी जुली कुमारी नीतू कुमारी सरस्वती देवी रीमा कुमारी अनुराधा कुमारी समेत अन्य ने बिहार सरकार व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया.इस दौरान एनएचएम कर्मियों ने बताया कि समान कार्य समान वेतन, नियमित करना,आवास और सुरक्षा,क्षेत्र में कार्य करने जाने के लिए वाहन उपलब्ध कराना तथा सारण जिला से हटाकर गृह जिला में भेजा जाए समेत कई अन्य मांगे शामिल हैं।

## आरसेटी में चल रहे 10 दिवसीय अचार,पापड़ प्रशिक्षण का हुआ समापन




आरा। जिले के कोइलवर स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान,भोजपुर (कोइलवर) में चल रहे 10 दिवसीय प्रशिक्षण अचार पापड़ एवं मसाला पाउडर बनाने का समापन हुआ ' जिसमें अगिआँव प्रखंड की जीविका से जुड़ी 31 जीविका दीदियों ने प्रशिक्षण लिया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में उपस्थित , डीडीएम नाबार्ड रंजीत कुमार सिन्हा तथा जिला उद्योग केंद्र भोजपुर के महाप्रबन्धक मधु कुमारी ने प्रमाण पत्र वितरण किया। डीडीएम नाबार्ड ने जीविका दीदीयों को रोजगार के प्रति एक मजबूत महिला सशक्तीकरण स्थापित करने की सलाह दी ताकी प्रशिक्षण लेने के बाद वो स्वाबलंबी बन सके। महाप्रबंधक महोदय ने प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार शुरू करने हेतु योजना के बारे में भी जानकारी दी तथा प्रशिक्षण की सराहना की।

मौके पर उपस्थित संस्थान के संकाय सदस्य देव कुमार ने उन्हें प्रशिक्षण के गुणो को स्वरोजगार के प्रति जारी रखने हेतु सलाह दी तथा दिनांक 11 जुलाई से संस्थान में शुरू होने वाले प्रशिक्षण मछली पालन की जानकारी दी। मौके पर कार्यालय सहायक आशीष प्रसाद, ट्रेनर बीना कुमारी उपस्थित रही।

## एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा दस पुलिस अफसरों का नव पदस्थापन

आरा। भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने जिले में अपराध पर नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु दस पुलिस अफसरों को इधर से उधर किया है। इसमें पांच दारोगा, चार प्रशिक्षु दारोगा और एक सहायक अवर निरीक्षक हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जिलादेश जारी कर दिया गया है। जारी जिलादेश में पुलिस अफसरों को 24 घंटे के अंदर अपने-अपने नव पदस्थापन स्थल पर योगदान देते हुए कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। जारी जिलादेश के मुताबिक उदवंतनगर थाना से प्रापुअनि पंकज कुमार को चांदी थाना का अपर थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं नवादा थाने से प्रापुअनि बबलू कुमार को सहार थाना, आरा नगर थाना के प्रापुअनि सुमंत कुमार को आरा नवादा थाना, अजीमाबाद थाना के प्रापुअनि आफताब आलम को जगदीशपुर थाना, चांदी थाना के सहायक अवर निरीक्षक रत्नेश्वर तिवारी को सिन्हा थाना, जगदीशपुर थाना के पुअनि प्रभात कुमार को अजीमाबाद थाना में पदस्थापन किया गया।

## विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री और कीट वितरण

गड़खा।आदर्श मध्य विद्यालय कदना सह उच्च मध्यमिक विद्यालय मिठेपुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अध्ययनरत वर्ग एक से पाँच एवं नौ से बारह तक के छात्र-छात्राओं के बीच एफएलएन किट वितरण किया गया।वितरण कार्यक्रम में मौजूद अभीभावक एवं छात्र-छात्राओं को पूर्व जिप अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल ने कहा कि "एक भी बच्चा छूटे नहीं संकल्प हमारा टूटे नहीं " सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनाए सरकर शिक्षा विभाग के द्वारा चलाये जा रहे हैं। जिसमें वर्ग जिसमें वर्ष 06 से 14 वर्ष तक का बच्चा एक भी अनामांकित नहीं रहे क्योंकि सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक, डायरी, बैग के साथ एफ एल एन किट का वितरण ,बालिका पोशाक योजना,बालिका साइकिल योजना एवं छात्रवृति योजना के सम्बन्ध में जदयू के वरीय नेता श्री विकल ने स्पष्ट कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें क्योंकि बच्चों की 75% विद्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है, नहीं तो आपके बच्चे सभी सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाएंगे।

## ग्रामीण क्षेत्र में भी स्मार्ट मीटर लगाने का हुआ शुभारंभ



छपरा सदर। अडानी ग्रुप के द्वारा गरखा प्रशाखा में चिरान्द में विस्तृत रूप से पूजा अर्चना कर ग्रामीण क्षेत्र में भी स्मार्ट मीटर लगाने का शुभारंभ हो गया। विद्युत कार्यपालक अभियंता छपरा पश्चमी प्रशांत कुमार मंजु ने बताया कि गरखा के सभी क्षेत्रों में सभी उपभोक्ता के परिसर मे स्मार्ट मीटर लगाना है जिसकी शुरूआत गरखा चिरान्द बाजार से प्रारंभ हुई है। विद्युत कार्यपालक अभियंता ने बताया कि स्मार्ट मीटर अडानी कम्पनी के द्वारा लगाया जा रहा है जिसमे आम जनता से सहयोग करने की अपील की जाती है। इस अवसर पर सहायक विद्युत अडानी कम्पनी के , डिविजन हेड- कौशल कुमार सिंह, सब डिविजन हेड विकाश कुमार, सेक्शन इंचार्ज राधाकृष्ण (बंटी) , मंजूर अली ,कादीर आलम , एवम त्रिशुल कम्पनी, इसुआपुर के जिला पार्षद छवि नाथ सिंह, विजय विक्रम सिंह तथा कर्मचारी गण मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित उपभोक्ता गण को भी स्मार्ट मीटर के उपयोग की बारीकियों को राधाकृष्ण सेक्शन इंचार्ज के द्वारा विस्तृत रूप से समझाया गया।

## जिला कल्याण पदाधिकारी ने विद्यालय का किया अचौक निरीक्षण

परसा। प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कन्या बभनगवां का औचक निरीक्षण जिला कल्याण पदाधिकारी पदमा कुमारी ने किया।प्राथमिक विद्यालय कन्या बभनगवां में जांच के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी ने छात्र उपस्थिति, शिक्षक उपस्थिति, छात्रों का भौतिक सत्यापन,एनजीओ द्वारा चल रहे मध्यान भोजन योजना का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान एचएम को साफ सफाई व छात्र उपस्थिति व नामांकन बढ़ाने का निर्देश दिया। वही मध्य विद्यालय में जांच के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी ने प्रभारी एचएम गीता कुमारी व शिक्षक पिंटू कुमार को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से मिले आदेश के आलोक में स्कूलों की जांच की जा रही है।शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचे नहीं तो कार्रवाई होगी।

## बरसात में जंगली जीवों का रिहायशी इलाके में निकलने का सिलसिला शुरू

बगहा।नसीम खान "क्या" बगहा के इंडो नेपाल सीमा पर वाल्मीकिनगर के लव कुश घाट कॉलोनी में लिजार्ड घुसने से अफरा तफरी मच गई हालांकि फौरन वन विभाग को सूचित किया गया और ग्रामीणों नें उसका सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। इधर बगहा शहर के पारस नगर जानकी पेट्रोल पम्प के पास मोहल्ले में विशाल अजगर सांप निकलने से भगदड़ मच गई, जिसकी सूचना पर नगर थाना की पुलिस औ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दरअसल बिहार के इकलौते वीटीआर जंगल से निकलकर रिहायशी इलाकों में जंगली जीव जंतुओं का पहुंचना इन दिनों आम बात हों गया है क्योंकि इलाके में हों रहीं वर्षा और जंगल में आई बाढ़ के कारण जानवरों के साथ साथ ऐसे विषधर जीव जंतु आस पास के गांवों और मोहल्लों में पहुंच रहें हैं। ऐसे में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से सटे रिहायशी इलाकों में लोग डरे सहमे हुए हैं। घटना की सूचना के बाद 112 पुलिस और वन विभाग की टीमों नें दोनों का रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित टाइगर रिजर्व जंगल में छोड़ दिया है।

## भिखारी ठाकुर ने गुलामी के दौर में अपनी कला से सामाजिक कुरीतियों पर किया प्रहार



छपरा। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के तत्ववाधान में बुधवार को भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले साहित्यकार भिखारी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। भिखारी ठाकुर ने अपने गीतों एवं नाटकों के माध्यम से भोजपुरी भाषा को लोकप्रिय बनाकर पूरे दुनिया में फैलाने का काम किया। सारण जिले के एक छोटे से गाँव कुतुबपुर दियारा में 18 दिसम्बर 1887 को एक नाई परिवार में भिखारी ठाकुर का जन्म हुआ था। गरीबी के कारण वह अधिक शिक्षा-दीक्षा नहीं ग्रहण कर सकें और कम उम्र में ही रोजगार के लिए उन्हें अपना गांव छोड़कर खड़गपुर जाना पड़ा। यही कारण है कि भिखारी ठाकुर की नाटकों में कहीं ना कहीं विछोह, वियोग की पीड़ा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। गांव से दूर शहर में मजदूरी कर रहे भिखारी ठाकुर को मजदूरों के संगत ने गीत गाने की लत लगा दी। वह इन मजदूरों के साथ टोले-मुहल्ले में गाते फिरने लगे। उन मजदूरों के दुःख, दर्द उनकी गीतों के बोल होते थे, जिससे उनकी जगह-जगह पर बुलाहट होने लगी। इससे भिखारी ठाकुर को यह एहसास हुआ कि गा-बजाकर कर भी रोजी चलाई जा सकती है। एक दिन वह सब कुछ छोड़ कर अपने गांव लौट आए और अपने कुछ मित्रों के साथ एक मण्डली बना रामलीला, भजन और कीर्तन आदि करने लगें। हालांकि उनके अंदर अभी भी अपने गांव से दूर रह रहे उन मजदूरों के लिए दर्द भरा पड़ा था, जिसे वे अपने नाटकों में मंचन कर जीवंत करने लगे। उनकी नाटकों में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की पीड़ा और दुर्दशा साफ तौर पर झलकती है। उन्होंने अपने नाटकों के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों पर गहरा प्रहार किया। बिदेसिया, बेटी बेचवा, गबर घिचोर, बिधवा विलाप, पुत्रबध, कलयुग प्रेम, भाई बिरोध, गंगा स्नान उनके कुछ प्रमुख लोकनाटक हैं।

'बिदेसिया' इनके नाटकों में सबसे सफल नाटक है, जिसमें गांव के एक युवक 'बिदेसी' की शादी एक युवती 'प्यारी सुंदरी' से होती है। बेरोजगारी के चलते बिदेशी कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने की सोचता है पर प्यारी सुंदरी उसे जाने से रोकती है। बिदेशी किसी तरह तो लुक छुप कर कलकत्ता रवाना हो जाता है, लेकिन प्यारी सुंदरी का रो-रो कर बुरा हाल हो जाता है। वियोग में वह "पियवा गइले कलकत्तावा रे सजनी..." गाती है ।

कलकत्ता में बिदेशी का संसर्ग किसी अन्य महिला से हो जाता है और उससे दो बच्चे भी जो जाते हैं। प्यारी के भेजे बटोही के अनुनय-विनय पर बिदेशी गांव आता है। दोनों एक दूसरे के लिए बिलख-बिलख कर रोते हैं। वहीं बिदेसिया की कलकत्ता की पत्नी भी कलकत्ता से गांव आकर पहली पत्नी के साथ रहने का आग्रह करती है। कोमल हृदय प्यारी उसे और उसके बच्चों को अपने साथ रहने की अनुमति देती है।

# विमेंस टीम इंडिया ने तीसरा टी-20 जीतकर सीरीज बराबर की

## साउथ अफ्रीका को 10 विकेट से हराया, मंधाना की फिफ्टी, पूजा प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन विमेंस टीम ने तीसरे टी-20 मैच में साउथ अफ्रीका को 10 विकेट से हराया। इस जीत से भारतीय टीम 0-1 से पिछड़ने के बाद 3 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबर कराने में कामयाब हो गई है। सीरीज का दूसरा मैच बारिश में धुल गया था, जबकि पहले मैच में साउथ अफ्रीका ने 12 रन की जीत हासिल की थी। चेन्नई के चेपाक स्टेडियम में मंगलवार रात खेले गए इस मैच में इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग करते हुए 17.1 ओवर में साउथ अफ्रीका को 84 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में उतरी भारतीय टीम ने 10.5 ओवर में बिना विकेट गंवाए 88 रन बनाकर 10 विकेट से जीत हासिल कर ली।साउथ अफ्रीका की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। उन्होंने 19 रन पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। पारी के तीसरे ओवर में ही कप्तान लौरा वोलवार्ट को ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल ने 9 रन के स्कोर पर आउट कर दिया। फिर 5वें ओवर में मैरीजन कैप को पूजा वस्त्रकार ने शफाली वर्मा के हाथों कैच कराया।

# मेसी ने दागा 109वां गोल, कनाडा को हराकर अर्जेंटीना कोपा अमेरिका के फाइनल



**ईस्ट रदरफोर्ड (न्यू जर्सी), एजेंसी।** लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज ने 22वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं। ईरान के अल देई के नाम 1993 से 2006 तक 108 या 109 गोल दर्ज हैं। इक्वाडोर के खिलाफ 2000 में किए गए उनके गोल को लेकर विवाद है क्योंकि इस मैच के अंतरराष्ट्रीय दर्जे को लेकर मतभेद हैं। अर्जेंटीना ने यह जीत अपने स्वतंत्रता दिवस पर हासिल की जिससे उसका अजेय अभियान 10 मैच तक पहुंच गया है।

# तेलंगाना सरकार का बड़ा ऐलान- सिराज को सरकारी नौकरी और घर की जगह देने की घोषणा

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में देश और राज्य को बड़ा सम्मान दिलाने वाले हरफनमौला क्रिकेटर मोहम्मद सिराज को सरकारी नौकरी और घर के लिए जगह देने की घोषणा की है। टी20 विश्वकप जीतकर लौटी भारतीय टीम का हिस्सा रहे सिराज का हैदराबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ। सिराज में मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टी-20 में बेहतरी प्रदर्शन के लिए सिराज की प्रशंसा की और सम्मानित किया। मुख्यमंत्री रेड्डी ने अधिकारियों को राज्य सरकार की ओर से सिराज को नौकरी और घर की जगह आवंटित करने का भी निर्देश दिया।

# गंभीर की कोचिंग में खेलेंगे विराट

## ये कॉम्बिनेशन देखने को बेताब क्रिकेट जगत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने गौतम गंभीर को टीम इंडिया का हेड कोच चुन लिया है। अपने खेल के दिनों में टीम इंडिया के साथ यादगार सफर साझा करने के बाद अब कोच के तौर पर गंभीर एक नई पारी की शुरुआत करेंगे। इस नियुक्ति से हर कोई खुश है लेकिन एक ऐसा डर भी है, जो न सिर्फ क्रिकेट फैंस बल्कि बीसीसीआई को भी सता रहा होगा। टीम इंडिया का कोच बनने के बाद गौतम गंभीर को लगातार बधाइयां मिल रही हैं। वहीं कुछ यूजर्स विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच तीखे रिश्ते को लेकर तंज कस रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विराट और गंभीर का रिश्ता दोस्ती वाला तो नहीं है। बेशक नीली जर्सी में इनके बीच कभी तकरार नहीं दिखी लेकिन आईपीएल में कई बार



यह दोनों बीच मैदान में भिड़ चुके हैं। ऐसे में गंभीर की कोचिंग में विराट अपने आप को किस तरह फिट करेंगे, ये कॉम्बिनेशन देखने के लिए पूरी दुनिया बेताब है। सोशल मीडिया पर भी इस कॉम्बिनेशन को लेकर कई रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। यूजर्स गौतम गंभीर की तारीफ करते हुए कह रहे हैं कि ये वही इंसान है जिसने विराट कोहली को अपना मैन ऑफ द मैच सौंप दिया था। तो, कुछ का कहना है कि विराट की उलटी गिनती शुरू हो गई है।

कोच बनने से पहले गौतम गंभीर ने कई बार लाइव मैच और शो के दौरान टीम में स्टार कल्चर को खत्म करने की बात करते हुए कहा था, जो परफॉर्म करेगा उसी को टीम में जगह मिलनी चाहिए। ऐसे कई स्टेटमेंट गंभीर दे चुके हैं। इसलिए एक बात तो तय है कि टीम इंडिया में बड़ा फेरबदल होना तय है। लेकिन इन सब चीजों में थोड़ा समय लगेगा। विराट कोहली और गौतम गंभीर की छवि भी कुछ अलग नहीं है। दोनों ही अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल खोलकर खेलना पसंद करते हैं और अपनी खुशी और नाराजगी जाहिर करने से नहीं कतराते। लेकिन गंभीर के भारतीय ड्रेसिंग रूम में मुख्य कोच के रूप में प्रवेश करने से, पिछले कुछ वर्षों से तनावपूर्ण चल रहे उनके रिश्ते में एक नई शुरुआत हुई है।गौतम गंभीर का टीम इंडिया के साथ पहला कार्यकाल श्रीलंका दौरा होगा, जहां विराट समेत कई बड़े नाम टीम का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे में जब विराट टीम इंडिया से जुड़ेंगे और गंभीर की कोचिंग में मैदान पर उतरेंगे, तो वह नजारा दिलचस्प होगा। फैंस इस जोड़ी का तालमेल देखने के लिए बहुत बेताब है, लेकिन इसके लिए उन्हें करीब दो महीनों का इंतजार करना पड़ सकता है।

# मेदवेदेव ने सिनर से बदला लिया

## पाओलिनी ने इटली के लिए रचा इतिहास

**लंदन, एजेंसी।** पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर को विम्बलडन में पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में हरा दिया जबकि महिला वर्ग में फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी ने उलटफेर भरी जीत के साथ पहली बार ग्रास कोर्ट के ग्रैंड स्लैम विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में 2-0 से आगे रहने के बाद पांच सेटों में पराजित पांचवीं वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने मंगलवार को पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में सिनर पर पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-7(7), 6-4, 7-6(4), 2-6, 6-3 से शानदार जीत दर्ज की।

मेदवेदेव ने 55 विनर लगाकर वर्ल्ड नंबर 1 को सीज़न की चौथी हार दी। अपनी चार घंटे की रोमांचक जीत के साथ, मेदवेदेव ने जोड़ी के करियर मुकाबले में 7-5 का सुधार किया। एटीपी टूर ने अपनी वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में मेदवेदेव के हवाले से कहा, मुझे पता था कि अगर मैं जानिक को हराऊंगा तो यह एक कठिन मैच होगा।वह ऐसा खिलाड़ी नहीं है जिसे आप आसानी से हरा सकें। एक समय वह बहुत अच्छा महसूस नहीं कर रहा था लेकिन उसने बेहतर खेलना शुरू कर दिया और मुझे खुशी है कि मैं उच्च स्तर पर बने रहने में कामयाब रहा। कुछ बेहतरीन अंक थे, यह एक शानदार मैच था और मैं जीत कर खुश हूं और मैं आगे देख रहा हूं। अपने नौवें प्रमुख सेमीफाइनल (विंबलडन में लगातार दूसरे) में, एटीपी रैंकिंग में नंबर 5 खिलाड़ी 2021 यूएस ओपन के बाद अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब का पीछा कर रहा है। मेदवेदेव का शुक्रवार को सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त स्पैनियार्ड कार्लोस अल्काराज या 12वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी टॉमी पॉल से मुकाबला होगा। उधर महिला वर्ग में फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी लगातार दूसरे बड़े फाइनल की राह पर बनी हुई हैं। वह एम्मा नवारो को हराकर विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। पाओलिनी ने नंबर 19 वरीयता प्राप्त नवारो पर 6-2, 6-1 से शानदार जीत दर्ज की और पहली बार ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची। सेंटर कोर्ट पर पाओलिनी की 58 मिनट की जीत से पहले इतालवी महिलाएं विंबलडन में सभी चार क्वार्टर फाइनल हार गई थीं। क्रोएशिया की डोना वेकिच ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लुलु सन को 5-7, 6-4, 6-1 से हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पिछड़ने के बाद जीत हासिल की। अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में और विंबलडन में पहली बार, विश्व नंबर 37 वेकिच को 123वीं रैंकिंग वाली सुन को मात देने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, जिसका लक्ष्य विंबलडन में महिला एकल सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए केवल दूसरा क्वालीफायर बनना था। 28 वर्षीय वेकिच ने अंततः नंबर 1 कोर्ट पर 2 घंटे और 8 मिनट के खेल के बाद 23 वर्षीय सन को पीछे छोड़ दिया।



# पीसीबी ने रज्जाक, वहाब को चयन समिति से बर्खास्त किया

**लाहौर, एजेंसी।** टी20 विश्व कप में निराशाजनक अभियान के बाद अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की चयन समिति में उनके पदों से बर्खास्त कर दिया गया है। रज्जाक पुरुष और महिला चयन समिति का हिस्सा थे, जबकि वहाब पुरुष टीम के चयनकर्ता थे। पीसीबी ने एक बयान में पुष्टि की कि उन्होंने अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज़ को सूचित कर दिया है कि राष्ट्रीय चयन समिति सेटअप में उनकी सेवाओं की अब आवश्यकता नहीं होगी। पीसीबी का यह बयान हाल ही में संपन्न आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 से पाकिस्तान के जल्दी बाहर होने के बाद आया है, जहां वे ग्रुप स्टेज के बाद बाहर हो गए थे, जिसमें अमेरिका और भारत के खिलाफ हार भी शामिल थी।

# पंजाब ने नामीबिया को चौथे वनडे मैच में 33 रन से रौंदा

**मोहाली, एजेंसी।** नामीबिया दौरे पर पंजाब की युवा टीम ने लगातार चौथी जीत दर्ज की और वनडे सीरीज में 4-0 लीड बना ली। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 266/10 रन बनाए और जवाब में नामीबिया टीम 233/10 रन ही जोड़ सकी। पंजाब ने 33 रन से मैच जीता। फिरकी गेंदबाज जस इंदर सिंह ने मेजबान टीम के पांच विकेट झटके और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।



चौथे मैच में पंजाब ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पुखराज मान के साथ अनमोलप्रीत सिंह ने 51 रन की साझेदारी पहले विकेट के लिए की। अनमोलप्रीत 30 रन बनाकर लौट गए। इसके बाद कप्तान नमन धीर ने पुखराज मान का साथ दिया। दोनों ने 92 रन जोड़े। नमन धीर 56 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि पुखराज मान ने 79 रन पर 61 रन की पारी खेली। अनमोल मल्होत्रा ने 37 रन और रमनदीप सिंह ने 30 रन बनाकर स्कोर 49.3 ओवर में 266/10 रन तक पहुंचाया।

# पेरिस ओलंपिक- नदी पर ओपनिंग सेरेमनी, मेडल्स में एफिल टावर का लोहा; खास हैं पेरिस ओलंपिक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खेलों का सबसे बड़ा महाकुंभ यानी कि ओलंपिक की शुरुआत में कुछ ही दिन बचे हैं 26 जुलाई से पेरिस में 33वें ओलंपिक खेलों का आयोजन होगा साल 1900 और 1924 के बाद यह तीसरा मौका है जब फ्रांस की राजधानी पेरिस को इन खेलों की मेजबानी दी गई है। दुनिया के 206 देश के लगभग 10000 एथलीट इन खेलों में हिस्सा लेने पेरिस पहुंचेंगे। बीते एक दशक से इन खेलों की तैयारी में लगे पेरिस ने इन खेलों को सबसे अलग बनाने की पूरी कोशिश की है। चाहे बात मेडल की हो या ओपनिंग सेरेमनी की पेरिस ओलंपिक कई लिहाज में अब तक के हुए बाकी खेलों से अलग है।

## पेरिस ओलंपिक का एंबलम है खास

पेरिस ओलंपिक 2024 का एंबलम भी काफी हटकर है। इस एंबलम को साल 2019 में लॉन्च किया गया था। एंबलम में खेल, गेम्स और फ्रांस के सिंबल का इस्तेमाल किया गया है। इस एंबलम को फ्रेंच आर्टिस्ट मरियानी ने डिजाइन किया है। इस एंबलम को महिलाओं से जोड़ा गया है। इसकी वजह यही है की पहली बार साल 1900 में पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन हुआ था तब महिलाओं को पहली बार इन खेलों में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई थी। यह पहला मौका है जब ओलंपिक और पैरालंपिक का एंबलम एक जैसा होगा।

## नदी पर होगी ओपनिंग सेरेमनी

पेरिस ओलंपिक की ओपनिंग सेरिमनी भी सबसे अलग होने वाली है। आम तौर पर ओलंपिक की ओपनिंग सेरेमनी स्टेडियम में होती आई है लेकिन यह पहला मौका है जब ओलंपिक की ओपनिंग सेरमनी नदी पर होगी। सेरी नदी पर सेरेमनी होगी जहां हजारों एथलीट्स नांव से नदी को पार करेंगे और एफिल टावर की ओर जाएंगे।




## मेडल होंगे खास

पेरिस ओलंपिक में दिए जाने वाले मेडल भी अलग होंगे। हर एक मेडल में एफिल टावर का ओरिजिनल लोहा लगा हुआ होगा फोन विराम गोल्ड मेडल का वजन 529 ग्राम सिल्वर मेडल का 525 ग्राम और ब्रांच मेडल का 455 ग्राम होगा। इन मेडल का डायमीटर 85 म और मोटी जो 9.2 मिली मीटर होगी यह डिजाइन फ्रांस की स्पिरिट को दर्शायेगा।

## पहली बार शामिल होंगे यह खेल

इन पेरिस ओलंपिक में चार खेलों को पहली बार शामिल किया गया है। ब्रेकडांसिंग का इन खेलों में डेब्यू होगा। स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग भी नए खेलों में शामिल है। इसके अलावा कराटे, बेसबॉल और सॉफ्टबॉल टोक्यो ओलंपिक 2020 का हिस्सा थे लेकिन इस बार यह खेल नहीं होंगे। हालांकि भारत के किसी भी खिलाड़ी ने नए चार खेलों में क्वालिफाई नहीं किया।

# वॉर्न का महारिकॉर्ड दांव पर, एंडरसन का आखिरी टेस्ट में सचिन से है गहरा कनेक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेस्ट क्रिकेट के बांड एम्बेस्डरों में से एक जेम्स एंडरसन का क्रिकेट करियर जल्द ही इतिहास हो जाएगा। वह अपना अंतिम टेस्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ क्रिकेट का घर कहे जाने वाले ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में खेलेंगे। इसके साथ ही उनके निशाने पर कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड होंगे तो दूसरी ओर कप्तान बेन स्टोक्स की चाहत है कि वह मैच में सभी 20 विकेट लें। उन्होंने मैच से पहले बयान में कहा कि 10 जुलाई को होने वाले मैच को उनके लिए यादगार बनाना चाहते हैं।

महान सचिन ने अपना आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ ही खेला था। अब दूसरी ओर जेम्स एंडरसन का आखिरी मैच भी वेस्टइंडीज के खिलाफ इस खास मैच से पहले इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने विदाई टेस्ट में जेम्स एंडरसन





को सभी 20 विकेट लेने की कामना की। दिग्गज तेज गेंदबाज इतिहास रचने की कगार पर है। उनके पास शेन वॉर्न को पछाड़कर टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का शानदार मौका है।

ऑस्ट्रेलिया के इस मशहूर स्पिनर के नाम 708 शिकार हैं, जबकि एंडरसन के नाम इस समय 700 विकेट हैं। वॉर्न से आगे निकलने के लिए उन्हें 9 विकेट की जरूरत है और इंग्लैंड के कप्तान उन्हें इतिहास रचने का समर्थन कर रहे हैं। इस बीच स्टोक्स ने यह भी कहा कि 41 वर्षीय एंडरसन अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए काफी अच्छे हैं, लेकिन टीम मैनेजमेंट ने एशेज 2025 को ध्यान में रखते हुए एक टीम बनाने का फैसला किया, जिससे एंडरसन को संन्यास लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## एशेज सीरीज की वजह से लेना पड़ रहा संन्यास

उन्होंने कहा- अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो मुझे उम्मीद है कि वह सभी 20 विकेट लेंगे। मैंने स्टुअर्ट (ब्रॉड) को अपने संन्यास और शीर्ष पर जाने की इच्छा के बारे में बात करते हुए सुना और उन्होंने एक बात कही जिसने मुझे यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि मुझे कब संन्यास लेना चाहिए। उन्होंने जेम्स एंडरसन के बारे में कहा- जिमी अभी भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए काफी अच्छे हैं, लेकिन हमें बड़े फैसले लेने हैं और हमें 18 महीने के समय में एशेज के बारे में सोचना है।उन्होंने ओगे कहा- कोई भी कभी नहीं कहेगा, ओह वह जिमी एंडरसन है? मुझे लगा कि वह अच्छा करने के लिए बने हैं, क्योंकि वह अभी भी अविश्वसनीय हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 11 जुलाई, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार



### महिला आईआरएस अधिकारी ने कराया लिंग परिवर्तन, मिला नया नाम, सरकार ने भी दी मंजूरी

**हैदराबाद , एजेंसी।** भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की एक वरिष्ठ महिला अधिकारी ने अपना लिंग परिवर्तन कराया है। वित्त मंत्रालय ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए सभी आधिकारिक कागजातों में उनका नाम और लिंग बदलने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। भारतीय सिविल सेवाओं में ऐसा पहली बार हुआ है।

हैदराबाद में सीमा शुल्क उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के मुख्य आयुक्त के कार्यालय में संयुक्त आयुक्त के पद पर तैनात एम अनुसूया ने लिंग और नाम परिवर्तन का अनुरोध किया था। उन्होंने अपना नाम बदलकर एम अनुकथिर सूर्या कर लिया है। साथ ही उन्होंने लिंग वाले कॉलम में महिला की जगह पुरुष करने का अनुरोध किया था।

सूर्या ने दिसंबर 2013 में चेन्नई में सहायक आयुक्त की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद 2018 में उन्हें डिप्टी कमिश्नर बनाया गया। उन्होंने पिछले साल हैदराबाद में अपनी वर्तमान पोस्टिंग पर जॉइन की थी। उन्होंने चेन्नई में मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रॉनिक्स में अपनी स्नातक की डिग्री पूरी की। इसके बाद 2023 में भोपाल में नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी से साइबर लॉ और साइबर फोरेंसिक में पीजी डिप्लोमा पूरा किया।

### जींस पहनकर आने पर हाईकोर्ट ने वकील को कैंपस से बाहर निकाला, अब सुप्रीम कोर्ट से भी लगा झटका



**गुवाहाटी, एजेंसी।** गुवाहाटी हाईकोर्ट के जज ने एक वकील को जींस पहनकर दलील देने पहुंचे एक वकील को कोर्ट परिसर से बाहर निकालने के आदेश दिया था। हाईकोर्ट की इस कार्रवाई से दुखी होकर वकील ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। वकील ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा था कि कोर्ट के पास पुलिस को बुलाकर उसे कोर्ट से बाहर निकालने का कोई अधिकार नहीं है। इस मामले पर देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाई हुई। वकील को यहां भी झटका लगा और सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्येक अधिवक्ताओं को पोशाक के लिए तय नियमों का पालन करने की नसीहत दी। लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाईकोर्ट ने अधिवक्ता को कोर्ट परिसर से हटाने के लिए पुलिस कर्मियों को बुलाया था। उच्च न्यायालय के निर्देश से व्यथित होकर वकील ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और तर्क दिया कि हाईकोर्ट के पास पुलिस सहायता से उसे डी-कोर्ट करने का कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट इस मामले को स्थगित कर सकता था। पुलिस को बुलाने के बजाय वकील को कोर्ट से बाहर जाने के लिए कह सकता था। वकील न तो अभद्र हो, न ही अनियंत्रित और उसने कोर्ट से माफी मांगी थी, ऐसी स्थिति में पुलिस को बुलाने की जरूरत नहीं थी। इस मामले का निपटारा करते हुए न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा, यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि प्रत्येक अधिवक्ता से अपेक्षा की जाती है कि वह नियमों के अनुसार उचित पोशाक में कोर्ट में आएं और आचरण करें। अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट से पहले हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने जींस पहनने के कारण उन्हें अदालत से बाहर करने के आदेश को वापस लेने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने हालांकि आदेश वापस लेने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था, यदि कोर्ट में जींस पहनी जा सकती है, तो आवेदक अगला प्रश्न पूछ सकता है कि उसे फटी जींस, फीकी जींस, प्रिंटेड पैच वाली जींस पहनकर कोर्ट में उपस्थित होने की अनुमति क्यों नहीं दी जानी चाहिए।

# असम में बाढ़ के कारण छह गैंडों की मौत



**गुवाहटी, एजेंसी।** भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में विनाशकारी बाढ़ ने 3,000 गांवों के 18 लाख लोगों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है. असम में अब तक कम से कम 72 लोगों और छह गैंडों की जान चली गई है.भारत के असम राज्य में बाढ़ न केवल हजारों गांवों के लिए विनाशकारी साबित हुई, बल्कि बाढ़ ने एक राष्ट्रीय उद्यान को भी अपनी चपेट में ले लिया. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में एक बयान में कहा कि बाढ़ का प्रभाव अब कुछ हद तक कम होने लगा है. उन्होंने कहा, ब्रह्मपुत्र और उससे जुड़ी नदियों में जल स्तर बहुत खतरनाक स्तर से नीचे आ गया है दक्षिण एशियाई क्षेत्र में जून से सितंबर तक होने वाली मॉनसूनी बारिश गर्मी की तीव्रता को कम करने और पानी की उपलब्धता में सुधार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन दूसरी ओर मॉनसून बड़े पैमाने पर लोगों को नुकसान पहुंचाने का कारण भी बनता है. हर साल बाढ़ के कारण लोगों को अपने घरों को छोड़ना पड़ता है. हर साल बाढ़ का कहर हाल के सालों में बारिश और बाढ़ की तीव्रता में वृद्धि हुई है, जबकि विशेषज्ञों का कहना है कि गंभीर पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याओं को बढ़ा रहे हैं. जैसे-जैसे पूर्वोत्तर भारत में बाढ़ का जल स्तर कम हो रहा है, क्षेत्र के वन्य जीवन पर आपदा के विनाशकारी प्रभाव साफ होने लगे हैं. असम का काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान विशेष रूप से प्रभावित हुआ है. असम के मुख्यमंत्री के मुताबिक,बाढ़ ने इंसान और जानवर दोनों को समान रूप से प्रभावित किया है सरमा ने सोशल मीडिया पर बाढ़ के पानी में फंसे एक गैंडे के बच्चे का वीडियो भी पोस्ट किया, जिसकी ठुड्डी पानी में डूबी हुई थी

सरमा ने लिखा कि उन्होंने अधिकारियों को उसे रेस्क्यू करने के निर्देश दिए थे. बाढ़ के कारण जंगली जानवरों की मौत काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की फील्ड डायरेक्टर सोनाली घोष ने बताया कि अब तक काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में बाढ़ के पानी में डूबने से छह गैंडे, 100 हॉग डियर और दो सांभर की मौत हो गई जबकि 17 हॉग डियर, एक-एक स्वॉम्प डियर, रीसस मैकाक और ऊदबिलाव की देखभाल के दौरान मौत हो गई. उद्यान प्राधिकरण और वन विभाग ने बाढ़ के दौरान 97 जंगली जानवरों को बचाने में भी कामयाबी हासिल की है. राष्ट्रीय उद्यान में बाढ़ की स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन 233 में से 69 वन शिविर अभी भी पानी में डूबे हुए हैं. विश्व के एक सींग वाले गैंडों की कुल संख्या का दो-तिहाई हिस्सा भारत के काजीरंगा पार्क में पाया जाता है. अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संगठन के अनुसार, एक सींग वाले गैंडे की प्रजाति अपने अस्तित्व के लिए इतने गंभीर खतरे का सामना कर रही है कि विश्व संगठन ने इस प्रजाति का नाम अपनी लाल सूची में शामिल कर लिया है. 2018 की गणना के अनुसार काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में 2,413 गैंडे हैं. यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा में लगभग हर साल बाढ़ आती है, जिससे जल आपूर्ति को फिर से भरने और पार्क के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है।

## कोलकाता के राज्यपाल पर रेप का इल्ज़ाम लगाने वाली डांसर ने कहा केस वापस नहीं लूंगी




**कोलकाता, एजेंसी।** पिछले साल अक्टूबर में बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस और उनके भतीजे पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली ओडिसी डांसर ने यह साफ कर दिया है कि वह इस केस को वापस नहीं लेगी। एक बयान जारी कर उसने मामले को वापस लेने से साफ इनकार किया है। हालांकि उसने यह स्पष्ट किया है कि वह सक्रिय रूप से इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहती। इसकी वजह यह है कि वह अमेरिका में भी एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ रही है जो अमेरिकी उपराष्ट्रपति और केंद्र के सामने लंबित है। उसने कहा है कि यह उसके स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही है। उसने यह बयान तृणमूल के वरिष्ठ पदाधिकारी कुणाल घोष को जारी किया, जिन्होंने इसे फेसबुक पर शेयर किया है। गौरतलब है कि डांसर पहले अमेरिका में रहती थी। उन्होंने राज्यपाल और उनके भतीजे पर जनवरी 2023 में दिल्ली के होटल में यौन शोषण का आरोप लगाया था। कानूनी केस में उलझने के बाद वह वापस कोलकाता आ गई थी। उसने पुलिस को बताया कि अमेरिका के इसी कानूनी केस के लिए वह राज्यपाल से मदद मांगने आई थी।

उसकी शिकायत के आधार पर, हेयर स्ट्रीट पुलिस ने राज्यपाल के भतीजे के खिलाफ बलात्कार और आपराधिक साजिश के लिए एक जीरो एफआईआर दर्ज की थी और इसे दिल्ली पुलिस को भेज दिया था। बयान में साफ तौर पर कहा गया है कि उन्होंने शिकायत वापस नहीं ली है। उसने यह भी कहा कि वह राज्यपाल बोस से संबंधित शिकायत को आगे नहीं बढ़ाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं और इसके साथ ही खराब स्वास्थ्य उसे इस समय राज्यपाल बोस से संबंधित मामले को आगे बढ़ाने की इजाजत नहीं दे रहा है।

घोष ने मंगलवार को डांसर का बयान पोस्ट किया जिस पर शिकायतकर्ता (राज्यपाल बोस जनवरी 2023 दिल्ली ताज होटल मामले के संबंध में) के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से शिकायतकर्ता को जानते हैं। उन्होंने प्रेस को बताया, उन्होंने मुझसे सही जानकारी देने के लिए संपर्क किया था क्योंकि कुछ गलत रिपोर्ट सामने आ रही थीं, जिनमें बिना नाम के गृह मंत्रालय अधिकारी के हवाले से कहा गया था कि वह अपना मामला वापस ले रही हैं। उन्होंने आगे कहा, पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि वह अभी भी केस लड़ेंगी। हालांकि अमेरिका और भारत से जुड़े कुछ कानूनी केस के कारण वह इस समय मामले को आगे बढ़ाने में असमर्थ हैं।

**होटल में किया गया दुर्व्यवहार :** महिला ने पहले पुलिस को बताया था कि उसे विदेश यात्रा और डांस परफॉर्मेंस में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसलिए उसने बोस से मदद के लिए संपर्क किया था। उसके अनुसार बोस ने उसे मदद का वादा करते हुए विदेश मंत्रालय से संपर्क करने के लिए कहा था। इसके बाद उसे फ्लाइट टिकट भेजे गए और 5 और 6 जनवरी, 2023 को दिल्ली के एक होटल में ठहरने के लिए बुक किया गया। उसने पुलिस को बताया कि राज्यपाल उस समय दिल्ली के बंगाल भवन में ठहरे हुए थे और होटल में जब उससे मिलने आए थे तो उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

## राजस्थान में अब घरेलू पानी से गाड़ी धोने पर 1000 रुपए जुर्माना



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में पीने के पानी का इस्तेमाल अब घरेलू के अलावा अन्य किसी काम के लिए नहीं किया जा सकेगा। घरों में सप्लाई होने वाले पानी से लोग न गाड़ी धो सकेंगे, न ही किसी निर्माण में इस्तेमाल कर सकेंगे। रेस्टोरेंट में भी घरेलू पानी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। राजस्थान जलदाय विभाग द्वारा पानी की लीकेज से लेकर घरेलू कनेक्शन का व्यावसायिक इस्तेमाल पर जुर्माना और प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। घरेलू पानी को व्यर्थ बहाने पर जलदाय विभाग ने नियम बनाएं हैं जिसमें पानी को बेवजह बहाने पर जुर्माना लगाया जाएगा।जलदाय विभाग के मुताबिक, घरेलू पानी सप्लाई के जरीए पीने, नहाने, बर्तन और कपड़े धोने के काम में लाया जा सकेगा, लेकिन अगर इसका इस्तेमाल घर के उद्यानों, सिचाई कार्य, भवन निर्माण, सार्वजनिक फव्वारे, स्विमिंग पूल, सजावटी कार्य या सजावटी कार्यों में किया जाता है तो इस पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। घरेलू कनेक्शन का इस्तेमाल रेस्तरां, होटल, बोर्डिंग हाउस या आवासीय क्लब, थिएटर, सिनेमाघर और सड़कों पर पानी देने में भी घरेलू पानी का इस्तेमाल होता है तो इस पर कार्रवाई की जाएगी। वाहनों को धोने में भी घरेलू पानी का उपयोग नहीं कर सकेंगे. कार्रवाई के लिए फील्ड पर इंजीनियर फोटो लेंगे और वीडियो बनाएंगे। इस सबूत को उपभोक्ता के खिलाफ कोर्ट में पेश किये जाएंगे।अगर पानी का दुरुपयोग साबित हो गया तो कोर्ट उपभोक्ता पर जुर्माना लगाएगा।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को अहम कामयाबी; 8 लाख रु की इनामी नक्सली ढेर, 4 माओवादी गिरफ्तार



**कांकेर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर तैनात सुरक्षाबलों को मंगलवार को दोहरी सफलता मिली। एक तरफ उन्होंने 8 लाख रुपए की इनामी नक्सली को मार गिराया, तो वहीं दूसरी तरफ 4 नक्सलियों को गिरफ्तार भी कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में आठ लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली को मार गिराया। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिनागुंडा गांव के करीब जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में महिला नक्सली रीता मड़ियाम (30) को मार गिराया। एलेसेला ने बताया कि छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में जिला रिजर्व गार्ड (ष्ठत्रन्न), बस्तर फाइटर्स और सीमा सुरक्षा बल (क्चस्न्न) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था तथा दल जब बीनागुंडा गांव के जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जब घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां एक महिला नक्सली का शव, एक .303 की राइफल, एक .315 बोर की राइफल और भारी मात्रा में हथियार तथा नक्सली सामान बरामद किया। एलेसेला ने बताया कि महिला नक्सली की पहचान पीएलजीए मिलिट्री कंपनी नंबर पांच की सदस्य रीता मड़ियाम के रूप में हुई है और उसके सिर पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। उधर सुकमा जिले में पुलिस को मंगलवार को चार नक्सलियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली। बताया जा रहा है कि ष्ठत्रन्न और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन पर निकली थी। उसी समय इन नक्सलियों को पकड़ने में सफलता मिली हैं। गिरफ्तार सभी नक्सली चिंतलनार थाना क्षेत्र के निवासी हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि इस वर्ष अब तक नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने बस्तर क्षेत्र में 137 नक्सलियों को

## सिद्धारमैया की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, कर्नाटक में उनकी पत्नी और साले के खिलाफ पुलिस शिकायत



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक कांग्रेस और सरकार में डीके शिवकुमार के साथ वर्चस्व की लड़ाई का सामना कर रहे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें उस समय और बढ़ गईं, जब उनकी पत्नी पार्वती, उनके साले मल्लिकार्जुन और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाले के सिलसिले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने यह शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मैसूर जिला कलेक्टर और अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ-साथ सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और एमयूडीए के अधिकारी भूमि आवंटन घोटाले में शामिल हैं। कृष्णा ने कर्नाटक के राज्यपाल, मुख्य सचिव और राजस्व विभाग के प्रधान सचिव को भी पत्र लिखकर विवाद की जांच की मांग की है। स्नेहमयी कृष्णा की शिकायत के अनुसार, सिद्धारमैया के साले मल्लिकार्जुन ने अन्य सरकारी और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मदद से 2004 में अवैध रूप से जमीन खरीदी और जाली दस्तावेजों के आधार पर इसकी रजिस्ट्री कराई। उन्होंने आरोप लगाया है कि पार्वती, मल्लिकार्जुन और एक अन्य व्यक्ति ने इन दस्तावेजों का इस्तेमाल रूष्ठ से जुड़े करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने के लिए किया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, कृष्णा ने कहा कि पुलिस ने उनकी शिकायत की रिसिविंग तो दी है लेकिन इस मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन होने के कारण अलग से प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। उन्होंने पुलिस से सात दिनों के भीतर उनकी शिकायत के आधार पर मामले की जांच करने और उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

कर्नाटक में भूमि आवंटन घोटाला सुर्खियों में रहा है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी 2021 में भाजपा के कार्यकाल के दौरान एमयूडीए की लाभार्थी थीं। उस समय मैसूर के प्रमुख स्थानों में 38,284 वर्ग फुट भूमि उन्हें उनकी 3.16 एकड़ जमीन के कथित अवैध अधिग्रहण के मुआवजे के रूप में आवंटित की गई थी। मैसूर के केसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन उनके भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें उपहार में दी थी। मुआवजे के तौर पर दक्षिण मैसूर में एक प्रमुख इलाके में उन्हें जमीन दी गई। आरोप है कि केसर गांव की जमीन की तुलना में इसकी कीमत काफी अधिक है। इसके कारण मुआवजे की निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए हैं। सिद्धारमैया ने इस भूमि आवंटन का बचाव करते हुए कहा है कि यह पिछली भाजपा सरकार के दौरान किया गया था।

## सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करता था शिक्षक, बीस साल की सजा



**दुबई एजेंसी।** सऊदी अरब में एक शिक्षक को सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने के लिए 20 साल की सजा सुनाई गई है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने ये जानकारी दी है। शिक्षक का नाम असद अल-गामदी और उम्र 47 साल बताई जा रही है। उन्हें नवंबर 2022 में सऊदी शहर जेद्दा में उनके घर पर रात में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया था।

न्यूयॉर्क स्थित अधिकार ग्रुप ने बताया है कि उन्हें 29 मई को सऊदी अरब के विशेष आपराधिक न्यायालय की तरफ से दोषी ठहराया गया था। इस अदालत को 2008 में आतंकवाद के आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए स्थापित किया गया था।

एचआरडब्ल्यू ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया ,उन्हें शांतिपूर्ण सोशल मीडिया गतिविधि से संबंधित आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक और कार्रवाई है। बता दें कि अदालती दस्तावेजों से पता चला कि असद पर राजा और क्राउन प्रिंस के कामों को चुनौती देने और झूठे, दुर्भावनापूर्ण खबरें फैलाने का आरोप लगाया गया था। HRW ने ये जानकारी साझा की है।

**पोस्ट में प्रोजेक्ट को लेकर की गई आलोचना:** एचआरडब्ल्यू के मुताबिक, उनके खिलाफ सबूत के तौर पर इस्तेमाल किए गए पोस्ट में विजन 2030 सुधार एजेंडे से संबंधित प्रोजेक्ट की आलोचना की गई। एक पोस्ट में प्रमुख सऊदी मानवाधिकार नेता अब्दुल्ला अल-हमीद पर शोक व्यक्त किया गया, जिनकी सक्रियता से संबंधित आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद जेल में मृत्यु हो गई थी। तता दें कि गामदी से पहले उनके भाई मोहम्मद पर भी इस तरह के आरोप लग चुके हैं। गामदी ने सोशल मीडिया पर कथित भ्रष्टाचार और मानवाधिकारों के हनन की निंदा की थी।

## रूसी उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने पीएम मोदी की प्रशंसा की, उनकी यात्रा को बताया सफल

**मास्को, एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही रूस यात्रा की प्रंशसा की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने एजेंडे में जी20, ब्रिक्स और यूएन जैस वैश्विक संगठनों में सहयोग जैसे मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने पीएम मोदी की इस यात्रा को सफल बताया। रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने दोनों नेताओं, पीएम मोदी और व्लादिमीर पुतिन के बीच घनिष्ठ संबंधों का हवाला देते हुए दोनों देशों के मजबूत संबंधों की प्रशंसा की। रूस में आयोजित 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे थे। 8-9 जुलाई को आयोजित इस सम्मेलन में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा की गई। पीएम मोदी की यात्रा के बाद रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने के लिए रूस समर्थन करेगा। वहीं उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन के दौरान दोनों देश के नेताओं के बीच कई मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह यात्रा सफल रही। उन्होंने यह भी बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्थिति, जी20, ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और संयुक्त राष्ट्र में हमारे सहयोग पर चर्चा की गई। उन्होंने पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के 20 साल के पुराने संबंधों पर प्रकाश डाला।

### ब्राजील के साओ पाउलो में दर्दनाक सड़क हादसा, दो बसों की आपसी टक्कर में 5 लोगों की मौत

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के शहर साओ पाउलो में सोमवार को दो बसों के बीच आपस में टक्कर हो गई, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। साओ पाउलोः ब्राजील के शहर साओ पाउलो में सोमवार को दो बसों के बीच आपस में टक्कर हो गई, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना ब्राज़ील के सबसे बड़े शहर साओ पाउलो से 206 किमी दूर इपेउना नगर पालिका में राजमार्ग 191 पर हुई। इनमें से एक बस मरीजों को क्लिनिकल अध्ययन के लिए एक चिकित्सा केंद्र ले जा रही थी जबकि दूसरा वाहन खाली था। पीड़ितों में से चार मरीज़ों को ले जा रही बस में यात्रा कर रहे थे।

# वियना में भी गूंजा वंदे मातरम, शानदार हुआ पीएम मोदी का स्वागत

**वियना, एजेंसी।** रूस की यात्रा खत्म कर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रिया पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रिया में उनका शानदार स्वागत किया जा रहा है। वियना के होटल रिट्ज-कार्लटन पहुंचने पर ऑस्ट्रियाई कलाकारों ने उनके स्वागत में वाद्य यंत्रों के साथ वंदे मातरम गाया।

ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने वियना पहुंचने के बाद अपने देश में उनका स्वागत करते हुए उन्हें गले लगाया और एक निजी कार्यक्रम के लिए उनकी मेजबानी की। नेहमर को भारतीय प्रधान मंत्री को गले लगाते और उनके साथ सेल्फी लेते देखा गया है। पीएम मोदी ने अब एक्स पर पोस्ट लिखकर आभार भी जताया है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रिया अपनी जीवंत संगीत संस्कृति के लिए जाना जाता है। उन्होंने आगे कहा, इस अद्भुत प्रस्तुति के लिए धन्यवाद, इस बेहतरीन प्रदर्शन के कारण मुझे वंदे मातरम की एक झलक देखने को मिली।

**पीएम मोदी और चांसलर के बीच होगी खास बातचीत:** पीएम मोदी की ये यात्रा इसलिए भी खास है, क्योंकि 40 सालों में ऑस्ट्रिया का दौरा करने वाले वो पहले भारतीय नेता हैं। 1983 में, इंदिरा गांधी ने मध्य यूरोपीय देश का दौरा किया था। अब,सभी की नजरें पीएम मोदी और चांसलर नेहमर के बीच होने वाली बातचीत पर होंगी क्योंकि भारत और ऑस्ट्रिया राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

**भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक:** प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक आयोजित करने के लिए सोमवार को रूस गए थे। अपने नए कार्यकाल में उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा थी। मॉस्को में अपने भाषण में उन्होंने भारतीय समुदाय को भी संबोधित किया और रूस के साथ भारत के संबंधों पर चर्चा की।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129